राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोहित शर्मा अगर खेले 2027 विश्व कप में तो तोड़ सकते हैं...

ट्रंप को मारना चाहता था इरान,मानता है दुश्मन नंबर वन, इजराइली पीएम.. 12

वर्ष : 13 | अंक : 67 | पटना, मंगलवार, 17 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

सामरिक साझेदारी के लिए रोडमैप बनायेंगे भारत और साइप्रस: मोदी

प्रातः किरण/एजेंसी

निकोसिया/नई दिल्ली। भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी। साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। श्री मोदी ने कहा, अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पाँच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लड़ाई को समर्थन देने के लिए साइप्रस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन

के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग और हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसीज के बीच जल्द से जल्द सूचनाओं के आदान प्रदान का मैकेनिज्म तैयार किया जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यसंयुक्त राष्ट्र को समकालीन बनाने के लिए जरूरी सुधार को लेकर हमारे विचारों में समानता है। साइप्रस द्वारा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि भारत-मध्य एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रधानमंत्री ने उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किये जाने को भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता करार दिया। उन्होंने कहा, कल, जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, राष्ट्रपति जी और यहाँ के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया, वह सीधे दिल को छू गया। मुझे साइप्रस के इतने बड़े सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मोहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर आभार व्यक्त करता हूँ। श्री मोदी आज ही साइप्रस से कनाड़ा रवाना होंगे जहां वह जी -7 देशों की शिखर बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वह क्रोएशिया की यात्रा पर जायेंगे।

संक्षिप्त खबरें

सारण : पिकअप वैन पलटने से पांच लोगों की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक पिकअप वैन पलटने से एक महिला सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई तथा पन्द्रह लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि दिघवारा से एक पिकअप वैन सवारी और मक्का लेकर हाजीपुर जा रहा था।इसी दौरान बाजितपुर गांव के समीप पिकअप वैन का एक चक्का ब्लास्ट कर गया और पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई।इस घटना में एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि लगभग 15 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए सोनपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है।पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

सारण : करंट लगने से दो किशोरी समेत तीन लोगों की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल और तरैया थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से दो किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव निवासी शनि कुमार राम की पुत्री माला कुमारी अपने घर में पंखे का प्लग लगा रही थी। इसी दौरान वह विधुत स्पशार्घात का शिकार हो कर गिर गयी। उसे बचाने पहुंची उसकी मां रेणु देवी भी करंट की चपेट में आ गई। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। दूसरी घटना में तरैया थाना क्षेत्र के चैनपुर खराटी गांव के दलित बस्ती में करंट लगने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतक की पहचान वीर नारायण राम की पुत्री शिल्पी कुमारी के रूप में की गयी है।घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोनों थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।दोनों ही थाना की पुलिस इस मामले में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

मेघालय पुलिस ने सोनम पर नार्को परीक्षण कराने से किया इनकार

शिलांग। मेघालय पुलिस ने पिछले महीने सोहरा में इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी और राज सिंह कुशवाह पर नार्को परीक्षण कराने से इनकार किया है। पूर्वी खासी हिल्स के जिला पुलिस प्रमुख विवेक सिम ने रविवार को यूनीवार्ता को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नार्को परीक्षण तब किया जाता है जब आरोपी विवरण देने से इनकार करते हैं, जबकि आरोपी व्यक्ति जांच में सहयोग कर रहे हैं और पुलिस के पास उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

एलिवेटेड पथ के निर्माण से दक्षिण पटना के लोगों को होगी सहूलियत

सीएम नीतीश ने मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ का किया लोकार्पण

बोले- दक्षिण पटना के लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

प्रातः किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना वासियों को एक और सौगात दी। मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने भूपतिपुर के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। वहीं, लोकार्पण पश्चात मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के साथ भूपतिपुर से महुली हाल्ट तक का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1105 करोड़ की लागत से बने मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के निर्माण से दक्षिण पटना के लोगों को सबसे ज्यादा सहूलियत होगी। इसके साथ ही पुनपुन आने जाने वालों यात्रियों को भी बेहतर रोड कनेक्टिविटी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी।

बचे हुये कार्य को दो माह में पूरा करें :

मुख्यमंत्री सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।

पथ में प्रतिबिंब रोधी स्क्रीन का प्रावधान :

विदित हो कि एलिवेटेड पथ के पूर्ण लम्बाई में यातायात के शोर से बचने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला ध्वनि शोषक का प्रावधान किया गया है ताकि पथ के किनारे बसे लोगों को ध्वनी प्रदुषण से बचाव करते हुए शोर मुक्त वातावरण प्रदान किया जा सके।

पथ की कुल लम्बाई में एट ग्रेट एवं एलिवेटेड पथ के मॉनसून जल निस्तारण हेतु सड़क के दोनों तरफ पक्के नाले का निर्माण भी किया गया है। साथ ही रात्रि के समय सुचारू रूप से यातायात परिचालन हेतु पथ के पूर्ण लम्बाई में स्ट्रीट लाईट एवं एलिवेटेड पथ में प्रतिबिंब रोधी स्क्रीन का प्रावधान किया गया है। पथ के किनारे बसावट एवं रेलवे ट्रैक (पटना-गयाजी रेलवे लाईन) होने के कारण एलिवेटड पथ का निर्माण आर सी सी पियर पर सेगमेन्टल आधारित रोड डेक का निर्माण किया गया है ताकि ऐट ग्रेड पथ निर्माण हेतु न्यूनतम भू-अर्जन और अधिकतम चौड़ाई वाली पथ का निर्माण किया जा सके।

ये रहे मौजूद :

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पूर्व विधायक अरुण मांझी, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिव शंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और वरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

पटना के विस्तरीकरण में काफी फायदा होगा : नितिन

निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के निर्माण से पटना के विस्तरिकरण में काफी फायदा होगा। साथ ही इससे पटना रिंग रोड जाने की भी कनेक्टिविटी मिलेगी। वहीं, शहर के अंदर और बाहर जाने वाले यात्रियों को भी सुगम यात्रा की अनुभूति होगी। यह पथ धार्मिक स्थल और पर्यटन के बीच कनेक्टिविटी का नया आयाम लिखेगा। इससे दोनों ही क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। मंत्री ने बताया कि पुनपुन और महुली से लोग एलिवेटेड रोड से होकर सिपारा के पास उतर पाएंगे। यहां से बाइपास पहुंचने के लिए अप्रोच रोड बनाया गया है।

एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता किये जाएंगे तैनात

गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना

प्रातः किरण

नई दिल्ली। सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किये जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार करने के ऑपरेशन में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह जनगणना शुरू से अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रह, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।गौरतलब है कि भारत में पिछली जनगणना साल 2011 में हुई थी। कोरोना महामारी के चलते 2021 की जनगणना स्थगित कर दी गई थी, इस कारण अगली जनगणना 16 साल बाद हो रही है। जनगणना में जातिवार गणना भी की जाएगी। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। भारत में जनगणना शुरू होने के बाद से यह 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना है। यह जनगणना 16 वर्षों के बाद आयोजित की जाएगी, क्योंकि पिछली जनगणना 2011 में की गई थी। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अधिसूचना खोदा पहाड़ा, निकली चुहिया जैसी : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि जनगणना को लेकर जारी अधिसूचना खोदा पहाड़ा, निकली चुहिया जैसी है और इसमें जातिगत गणना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 16वीं जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाते हुए, केवल जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। सरकार ने सोमवार को वर्ष 2027 में जातिगत गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की। पिछली बार ऐसी जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी।

विमान हादसा: अब तक 87 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हुआ

प्रातः किरण संवाददाता

अहमदाबाद। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद सिविल अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों की पहचान के लिए लाइनें लगी हैं। पिछले दो दिन से अस्पताल ने शवों की पहचान करने की प्रक्रिया भी तेज की है। अब तक 90 के करीब लोगों की पहचान डीएनए सैंपल के मिलान से की जा चुकी है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के एडिशनल सिविल सुपरिडेंट रजनीश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी। विमान हादसे

के बाद शवों की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित होने के कारण पहचान में मुश्किलें आ रही थीं, जिससे डीएनए टेस्ट की जरूरत पड़ी। डॉक्टर रजनीश पटेल ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में आए शवों में से 92 शवों के डीएनए सैंपल मैच हो चुके हैं। इनमें कुछ समान थे, जिन्हें हटाया गया और 87 डीएनए फाइनल किए गए। बता दें कि इनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जिनकी पुष्टि रविवार को डीएनए सैंपल के जरिए की गई। डॉक्टर ने बताया कि अब तक 47 लोगों के शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। अभी भी 13 परिवार ऐसे हैं जो अपने प्रियजनों के अंतिम दर्शन और उनके शवों की सुपुर्दगी का इंतजार कर रहे हैं। डॉक्टर रजनीश पटेल के मुताबिक, अभी तक गुजरात के अहमदाबाद, खेड़ा, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, आणंद, जूनागढ़, महीसागर और गांधीनगर के परिवारों को उनके सदस्यों की डेड बॉडी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों के कंफर्मेशन की प्रक्रिया में 12 परिवारों के लोग हैं। अपने परिजन के शव के बारे में जानकारी लेने वाले 11 लोग यहां मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रशासन लगातार पीड़ित परिवारों से संपर्क में है और उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि डीएनए मिलान की प्रक्रिया पूरी सावधानी और वैज्ञानिक विधियों के आधार पर की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि न हो।

पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूएई के उप-प्रधानमंत्री से की बात

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से बात की। विदेश मंत्री ने इसकी जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। विदेश मंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से फोन पर बात की। पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण और अस्थिर है, जो मुख्य रूप से इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के कारण है। यह क्षेत्र पहले से ही लेबनान, गाजा और यमन में चल रहे संघर्षों से प्रभावित था, लेकिन हाल में इजरायल-ईरान तनाव ने स्थिति को और जटिल कर दिया है। 12 जून को इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान पर बड़े हवाई हमले किए थे। इन हमलों में तेहरान, इस्फहान और खोर में सैन्य ठिकानों, हवाई रक्षा प्रणालियों और कथित न्यूक्लियर प्लांट्स को निशाना बनाया गया। इजरायल ने दावा किया कि हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट में ईरान पर 60 फीसद से अधिक संवर्धित यूरेनियम जमा करने और परमाणु अप्रसार संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था, जिसने इजरायल को हमले की औपचारिक वैधता प्रदान की। हमले में ईरान के शीर्ष सैन्य अधिकारी, जैसे मेजर जनरल हुसैन बघेरी और रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के कमांडर हुसैन सलामी, मारे गए। इसके जवाब में, ईरान ने को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस ककक शुरू किया, जिसमें इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन दागे गए। इन हमलों ने तेल अवीव और हाइफा में महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाया। यह तनाव 2024 में शुरू हुआ था, जब इजरायल ने दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला किया था, जिसमें कई ईरानी राजनयिक मारे गए थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच संघर्ष तेज हो गया।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को गृह मंत्री ने किया संबोधित

एनडीएमए, एनडीआरएफ के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारत: शाह

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों की वजह से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि

10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम से कम रखने का था और 10 साल बाद, हताहतों की संख्या शून्य रखने का लक्ष्य रहता है। उन्होंने कहा, जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता झ्र चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ और सीडीआरआई ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। शाह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का एक मंच बनाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है। गृह मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि हर साल आपदाओं के प्रति संवेदनशील कुछ जिलों और तहसीलों को इस सम्मेलन में शामिल किया जाना चाहिए ताकि राष्ट्रीय स्तर पर जिस

एयर इंडिया ड्रीमलाइनर में फिर आयी तकनीकी खराबी, हांगकांग वापस लौटा

प्रातः किरण

नई दिल्ली। अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसे के चार दिन बाद हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में उड़ान भरने के चंद मिनट बाद तकनीकी समस्या का पता लगने पर उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा। सूत्रों के अनुसार हांगकांग से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई315 बीती रात 11 बज कर 59 मिनट पर हांगकांग से रवाना हुई थी। रिकार्ड के अनुसार यह उड़ान तीन घंटे नौ मिनट के विलंब से रवाना हुई थी। उड़ान भरने के बाद पायलट को हवा में ही तकनीकी समस्या का संदेह हुआ। इस पर पायलट ने विमान को समुद्र के ऊपर कुछ देर उड़ाया और जब दिक्कत दूर नहीं हुई तो वापस लौटने का फैसला किया। इसके बाद विमान करीब एक घंटे 19 मिनट बाद अपने मूल स्थान यानी हांगकांग हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। विमान स्थानीय समयानुसार एक बज कर 18 मिनट पर हांगकांग हवाई अड्डे पर उतरा। जहां उसकी गहन तकनीकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, जब हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और गुजरात के अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के छात्रावास से जा टकराया। विमान में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। दुर्घटना में 241 यात्रियों की मौत हो गई। एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति की पहचान भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वाश कुमार रमेश के रूप में हुई है, जो घायल हो गया है और उसका इलाज चल रहा है।

संक्षिप्त खबरें

करोड़ों की लागत से बने योजनाओं का उद्घाटन मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने किया

फतुहा। सोमवार को नगर परिषद फतुहा क्षेत्र में मुख्य चौक-चौराहों पर हाई मास्ट लाईट (1.2 करोड़), आईलवयू फतुहा बोर्ड (5 लाख), स्ट्रीट टीवी (60 लाख), पीसीसी सड़क (45 लाख), शुलभ शौचालय (10 लाख) सहित अन्य नवनिर्मित योजनाओं का उद्घाटन मुख्य पार्षद रूपा कुमारी एवं उप मुख्य पार्षद अंजनी कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर चर्चा करते हुए मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव ने बताया कि नगर परिषद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। कई योजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं प्रखंड परिसर स्थित खराब पड़े मोटर के मरम्मत कार्य को टुनटुन यादव ने निरीक्षण किया और जल्द पेयजल आपूर्ति करने की बात कही। मौके पर पार्षद दीपक कुमार, जितेन्द्र कुमार, संजय कुमार बिट्टू, अजीत कुमार, ठाकुर प्रसाद तांती, संजीव कुमार, संतोष चंद्रवंशी, अनिल कुमार, समाजसेवी सुधीर यादव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत पाटलिपुत्र स्टेशन के पश्चिमी नहर मार्ग पर नगर निगम व दानापुर नगर परिषद ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई करने टीम उतरी। नहर के दोनो ओर व्याप्त अतिक्रमण पर हथौड़ा चलाया। अतिकमण हटाओ दस्ता ने नहर के दोनो ओर झोपड़ी आदि बना कर किये गये अतिक्रमण का हटाया। पाटलिपुत्रा स्टेशन से दीघा तक नहर किनारे अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाये गये झोपडी को ध्वस्त किया गया। नहर के दोनो किनारे अवैध रूप से झोपड़ी बना कर लोग रह रहे थे। सोमवार को नगर निगम व नगर परिषद की संयुक्त टीम दल बल के साथ पहुंची। अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई में अंचलाधिकारी चंदन कुमार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी नगर व्यवस्था पंकज कुमार, नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार व नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

तख्तश्री पटना साहिब में गुरमत शिविर का हुआ समापन

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में धर्म प्रचार कमेटी की ओर से आयोजित गुरमत शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन के बाद इसमें शामिल बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, धर्म प्रचार कमेटी के प्रमुख महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और प्रवक्ता हरपाल सिंह जौहल ने प्रमाणपत्र प्रदान किया। अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि आयोजित गुरमत कैंप में चितकोहरा, नया टोला, फ्रेजर रोड सहित अन्य स्थान से यहां आकर बच्चों ने पंजाबी, सिख इतिहास, गुरवाणी पाठ, कीर्तन, गतका का प्रशिक्षण लिया।

पंचायती राज मंत्री चुनिन्दा मुखिया को करेंगे सम्मानित

- फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गये सर्वजन दवा सेवन अभियान में बेहतर काम करने वाले मुखिया किए जाएंगे सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य के सभी 38 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष 18 जून को पटना में होंगे. राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता चयनित पंचायत के मुखिया को सम्मानित करेंगे. इन चयनित मुखिया ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गये सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान दिया था. इन चयनित मुखिया को मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। राज्य कार्यालय (फाइलेरिया) और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी 38 जिलों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीबीडी पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अन्य सहयोगी व कर्मी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे. इसके साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन, सिफार, लेप्रा सोसायटी और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य भी शामिल होंगे। फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि बिहार के सभी 38 जिले फाइलेरिया से प्रभावित हैं. सरकार द्वारा फाइलेरिया से बचाव हेतु प्रत्येक वर्ष सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान 2 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन कराई जाती है. यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है. इसके लक्षण सामान्य तौर पर 10 से 15 वर्षों के बाद परिलक्षित होते हैं। यह पुरुषों के हाथ, पैर और जननांग तथा महिलाओं के स्तन, हाथ, पैर व जननांग में सूजन के रूप में दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इससे बचाव का आसान उपाय सर्वजन दवा सेवन के दौरान दवा का सेवन करना है. यह दवा पूरी तरीके से सुरक्षित है जिसे सभी को खाना अत्यंत आवश्यक है। फाइलेरिया से इस जंग में सभी लोगों का सहयोग व साथ अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आगामी 10 फरवरी 2026 से राज्य के सभी जिलों में चलाई जाने वाले एमडीए कार्यक्रम में सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

वोटर लिस्ट को ले प्रत्याशी व राजनीतिक दलों के साथ बैठक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ सत्यम सहाय ने सोमवार को खुशरूपुर नगर पंचायत के होने वाले चुनाव में ई-वोटिंग से मतदाताओं को जोड़ने को लेकर बैठक की। इसमें वार्ड पार्षद, प्रमुख व उपप्रमुख प्रत्याशी सहित चुनाव कार्य, खुशरूपुर से जुडे अन्य पदाधिकारी व कर्मी भी शामिल थे। एसडीओ ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर पंचायत चुनाव में वरिष्ठ मतदाताओं (80 वर्ष से ऊपर), दिव्यांगजनों, असाध्य रोगों से ग्रसित लोगों, गर्भवती महिला सहित अन्य के लिए ई-वोटिंग की व्यवस्था की गई है। पांच टीम का गठन किया गया है। यह वार्ड स्तर पर प्रचार कर रही है। एसडीओ ने बताया कि हर मतदान केंद्र पर सौ मतदाताओं के लिए ई-वोटिंग की व्यवस्था है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिला और बीमार लोगों को प्रमुखता दिया जाएगा। इसके बाद एसडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमे ई-वोटिंग, मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, फोटो लगाने, नाम संशोधित व विलोपित करने सहित अन्य बिंदु पर चर्चा हुई। बैठक में जदयू से प्रमोद गुप्ता, मुकेश ठाकुर, शारीफ अहमद रंगरेज सहित अन्य शामिल हुए।

गंगोत्सव में मुकेश खन्ना ने कलाकारों संग उतारी आरती

पटना सिटी. गंगा सनातन फेडरेशन व आई डी पी टी एस की ओर से 11 दिनों के गंगोत्सव में संस्थापक कैप्टन प्रवीन कुमार एवं मुख्य संयोजक शिशिर कुमार के नेतृत्व में सोमवार को अभिनेता मुकेश खन्ना कथक गुरु बक्शी विकास द्वारा निर्देशित गंग कला आरती में बिहार सांस्कृतिक गौरव गंग कला में शास्त्रीय नृत्यांगना,ऋषि कुमारी व 1000 महिलाओं के साथ गंगा की आरती उतारी. इस दौरान

नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाने की प्रतिज्ञा दिलायी. मंच संचालन कला संस्कृति के राष्ट्रीय संयोजक गुरु बक्शी विकास व धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार ने किया.कैप्टन प्रवीन कुमार एवं मुख्य संयोजक शिशिर कुमार ने मुकेश खन्ना को प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. अभिनेता ने गंगा की भूमिका निभाने वाली कलाकार नृत्यांगना आदित्या को बिहार सांस्कृतिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया.छोटा सा प्रयास संस्था के संरक्षक सुजीत कसेरा और संस्थापक अध्यक्ष सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा ने मुकेश खन्ना को पौधा भेंट किया. श्रीलंका के कलाकारों ने शास्त्रीय व लोक शैली में प्रसंगों को प्रस्तुत किया. सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सा, सेना, पुलिस व पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को कैप्टन प्रवीन कुमार, सुजीत वर्मा, शिशिर कुमार,गंगा सेवा दल के डॉ राजीव गंगौल, पंडित राजेश शुक्ल टिल्लु , सुजीत कसेरा, विकास राज जयसवाल, विजय कुमार यादव ने सम्मानित किया।

गंगोत्सव में कंगन घाट पर मुकेश खन्ना ने कलाकारों के साथ उतारी आरती

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गंगा सनातन फेडरेशन व आईडीपीटीएस की ओर से 11 दिनों के गंगोत्सव में संस्थापक कैप्टन प्रवीण कुमार एवं मुख्य संयोजक शिशिर कुमार के नेतृत्व में सोमवार को अभिनेता मुकेश खन्ना और कत्थक गुरु बक्शी विकास द्वारा निर्देशित गंग कला आरती में बिहार सांस्कृतिक गौरव गंग कला में शास्त्रीय नृत्यांगना ऋषि कुमारी व हजार महिलाओं के साथ गंगा की आरती सोमवार को उतारी। इस दौरान नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाने की प्रतिज्ञा लोगों को दिलाई गई। मंच संचालन कला संस्कृति के राष्ट्रीय संयोजक गुरु बक्शी विकास व धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार ने किया। कैप्टन प्रवीण कुमार एवं मुख्य संयोजक शिशिर कुमार ने मुकेश खन्ना को प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अभिनेता ने गंगा की भूमिका निभाने वाली कलाकार नृत्यांगना आदित्या को बिहार सांस्कृतिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान छोटा सा प्रयास संस्था के संरक्षक सुजीत कसेरा और संस्थापक अध्यक्ष सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा ने मुकेश खन्ना को पौधा भेंट किया। श्रीलंका के कलाकारों ने शास्त्रीय व लोक शैली में प्रसंगों को पेश किया। सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सा, सेना, पुलिस व पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को कैप्टन प्रवीण कुमार, सुजीत वर्मा, शिशिर कुमार, गंगा सेवा दल के डॉ राजीव गंगौल, पंडित राजेश शुक्ल टिल्लू, सुजीत कसेरा, विकास राज जयसवाल व विजय कुमार यादव ने सम्मानित किया।

ब्रजेश मुनि ने पूर्व सांसद रमादेवी के पुत्रों द्वारा दबंगई दिखाने पर थाने में किया शिकायत

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर के महंत ब्रजेश मुनि ने गर्दनीबाग थानाध्यक्ष को एक पत्र समर्पित किया और उसकी प्रति बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को भी दिया। पत्र में उन्होंने कहा कि आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के प्रसाद वितरण भण्डारा के समय गाड़ी वश 700 आश्रम के द्वार पर रुकी। उसमें से चार व्यक्ति आश्रम में आया। इनमें रमा देवी के पुत्र कुंडाल उम्र लगभग 30 वर्ष, देवाशीष उम्र लगभग 25 वर्ष रमा देवी के निजी सचिव उम्र लगभग 50 वर्ष और रमादेवी का अंगरक्षक हथियार के साथ आश्रम में आया और मुझसे कहा मेरे जमीन पर तुमने जो केस किया है, वह केस वापस ले लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा, जान मार देंगे। विदित हो की आचार्य गही कबीर फतुहा के संरक्षक के नाते बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के आदेश से मठ की कृष्णाटोली, मुजफ्फरपुर स्थित अतिक्रमित जमीन खाता संख्या 504 खेसरा सं०-742 जिसपर कबीर हृदय रोग संस्थान का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के तत्कालीन प्रशासक आचार्य किशोर कुणाल और तत्कालीन डी.आइ.जी. गुप्तेश्वर पाण्डेय ने किया था। वह भूमि पूर्व सांसद श्रीमती रमादेवी उनकी पुत्री लक्ष्मी कुमारी द्वारा अवैध रूप से निबंधित करा लिया गया था। संरक्षक रूप में इसे प्रथम दृष्टया मठ की जमीन का अवैध अतिक्रमण मानते हुए इसकी सूचना धार्मिक न्यास पर्षद को दी गयी। पर्षद ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास न्यायाधिकरण में मामला दायर करने का आदेश दिया और उसी आधार पर न्यायाधिकरण में 06/2021 मामला दायर किया ' वह मामला अभी तक लंबित है। इसकी सूचना मेरे द्वारा गृह मत्रालय तक दी जा चुकी है। इसी मामला के लिए हम पर दवाव बनाने की मंशा से जान माल अधिक विधिसम्मत कारवाई करने का आग्रह किया है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने पटना में नई शाखा एवं ईस्ट-2 क्षेत्रीय कार्यालय का किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना – एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज पटना में अपनी नई शाखा एवं ईस्ट-2 क्षेत्रीय कार्यालय*का भव्य उद्घाटन कर बिहार एवं पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया। यह नया कार्यालय सी-ब्लॉक, सिटी सेंटर मॉल, 5वीं एवं 6वीं मंज़िल, अग्निशमन केंद्र के सामने, बुद्धमार्ग, लोडीपुर, पटना झ 800001 में स्थित है, जो कंपनी के सेवा विस्तार और ग्राहकों तक प्रभावशाली पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अवसर पर शाखा एवं क्षेत्रीय कार्यालय का संयुक्त रूप से उद्घाटन श्री नवीन चंद्र झा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एवं श्री के. वी. बंगारराजू, मुख्य महाप्रबंधक एसबीआई बैंक पटना सर्कल द्वारा किया गया। इस समारोह में *एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अजीत शर्मा* सहित अनेक विशिष्ट अतिथि, व्यवसायिक भागीदार, कर्मचारी एवं ग्राहकगण उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम संयोजक आनंद गिरि ने बताया कि यह नया कार्यालय खुदरा और कॉर्पोरेट दोनों श्रेणियों के ग्राहकों को अधिक प्रभावी सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा और क्षेत्रीय टीम के लिए एक सहयोगात्मक एवं आधुनिक कार्यस्थल उपलब्ध कराएगा। ईस्ट-2 क्षेत्रीय कार्यालय अब पूरे बिहार एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालन, निगरानी और व्यापारिक विस्तार का प्रमुख केंद्र बनेगा। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, जो भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है, अपने वादे सुरक्षा और भरोसा दोनों के साथ ग्राहकों को भरोसेमंद एवं गुणवत्ता-युक्त बीमा समाधान प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। कंपनी का उद्देश्य अपनी डिजिटल और भौतिक उपस्थिति को लगातार विस्तार देते हुए, ग्राहकों को सरल, सहज और सुलभ बीमा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

एसीएस की सख्ती के बाद नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य का फरमान

- सभी विभागाध्यक्षों पर बायोमेट्रिक हाजिरी लगवाने की जिम्मेवारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने 14 जून को पत्र जारी किया है। यह पत्र अस्पताल के सभी विभागाध्यक्षों को संबोधित है। इसमें उनके मातहत सभी चिकित्सकों को बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने का सख्त निर्देश दिया गया है। पत्रांक 1407 के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 12 जून को एक पत्र जारी किया गया है। इसमें विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य एवं अधीक्षक के साथ राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के द्वारा संबंधित संस्थानों पर लगाए गए जुमार्ना की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई थी। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि एईबीएएस यानी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाना आवश्यक है। सभी विभागाध्यक्षों का आदेश दिया जाता है कि अपना एवं अपने अधीनस्थ चिकित्सकों व चिकित्सा शिक्षकों का बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना व कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी विभाग के चिकित्सक या चिकित्सक शिक्षकों के द्वारा यदि बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं किया जाता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेवारी संबंधित विभागाध्यक्ष की होगी। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि चिकित्सक शिक्षक बायोमेट्रिक पर अनुपस्थित रहते हैं और विभागाध्यक्ष द्वारा मासिक उपस्थिति विवरणी में उन्हें उपस्थित दर्ज किया जाता है, तो इसके लिए संबंधित विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल 30 मई को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य एवं अधीक्षक के साथ राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली के द्वारा संबंधित संस्थानों पर लगाए गए जुमार्ना की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई थी। इसमें विभाग के सचिव, विशेष सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, विधि पदाधिकारी के साथ ही सभी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के प्राचार्य एवं अधीक्षक भी शामिल हुए थे। इसमें प्राचार्य से राष्ट्रीय एनएमसी में प्रथम अपील के बाद राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा इंगित की गई कमियों के संबंध में समीक्षा की गई। सभी प्राचार्य द्वारा कमियों को दूर कर लेने के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है। साथ ही उनसे द्वितीय अपील के लिए भी पृच्छा की गई, जिसमें दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय, पटना, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय मुजफ्फरपुर, जननायक कपूर्री ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय मधेपुरा और राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पूर्णिया द्वारा द्वितीय अपील तैयार करने के बिंदु पर सहमति जताई गई। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय भागलपुर के प्राचार्य के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा की गई प्रथम अपील का आदेश राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा नहीं आया है। इन्हें प्रथम अपील के आदेश की प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया गया। वही एनएमसी नई दिल्ली द्वारा बायोमेट्रिक के अनुसार उपस्थिति दर्ज नहीं कराए जाने की बात कही गई है। इसके आलोक में जुमार्ने की राशि भी विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालय पर लागू की गई है। पटना चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी के प्राचार्य के द्वारा सूचित किया गया की जुमार्ना की राशि को विचलन कर अन्य मद से जमा कर दिया गया है। इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एईबीएएस के अनुसार उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। अगर इसका पालन नहीं होता है, तो इसके लिए संबंधित प्राचार्य पर तद्नुसार आरोप गठित कर कार्रवाई की जाएगी।

धूप व गर्मी के बीच एनएमसीएच में चिकित्सीय सलाह लेना बीमार करता

पर्चा बनवाने, डॉक्टर से दिखाने, जांच व दवा लेने के लिए लंबी लाइन

पटना सिटी, आनंद केसरी

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसा यहां के चिकित्सकों के द्वारा मरीज को सही सलाह दिए जाने के कारण ही संभव हो पाया है। मगर इस अस्पताल में चिकित्सीय सलाह लेना बीमार होने से कम नहीं है। सोमवार को सुबह करीब नौ बजे ही मरीजों की लाइन इतनी लंबी थी कि रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर बने शेड से भी बाहर महिला व पुरुषों की लाइन लगी थी। महिलाओं की लाइन शिशु विभाग के वार्ड के पोर्टिको तक पहुंची थी। इसमें महिला व पुरुष, जो पंक्तिबद्ध थे, उसमें बमुश्किल आधा दर्जन लोग धूप से बचने के लिए छतरी का इस्तेमाल किए थे। बाकी धूप में खड़े होकर शेड के अंदर जाने का इंतजार कर रहे थे। शेड की स्थिति भी ऐसी है कि उसके नीचे लगाए गए पंखा सिर्फ डोलता है, हवा नहीं देता। अब बात रजिस्ट्रेशन काउंटर के पश्चिम की ओर वाले लेन में तो दो-तीन पंखा बंद पड़ा है। इससे इस भीषण गर्मी व तीखी धूप के बीच लोग परेशान होकर किसी तरीके से परचा बनवाते हैं। इसके बाद यदि उन सबों को स्कीन वीडी, मेडिसिन, ईएनटी, ऑर्थो, सर्जरी, शिशु, गायनी, आंख विभाग में दिखाना होता है, तब एक बार फिर उन सबों को अपनी बारी का इंतजार बिना पंखा के बीच करना होता है। जैसे ही मरीज चिकित्सक को हाल सुनाते हैं और इधर पर्चा तैयार। डॉक्टर चिकित्सीय सलाह देते हैं और खासकर पैथोलॉजी या रेडियोलॉजी जांच के लिए लिखा जाता है। इसके बाद मरीज और उसके परिजन अधिक परेशान हो जाते हैं। इसके बाद वहां मौजूद स्टाफ के द्वारा जांच का पर्चा बनाया जाता है। उक्त पुर्जा और पर्चा को लेकर मरीज और उसके परिजन भागते हुए सड़क पार कर सेंटर आफ एक्सीलेंस की ओर दौड़ते हैं। करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वहां भी उन्हें पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी जांच के लिए नंबर लगाना पड़ता है। यहां मौजूद गार्ड और कर्मियों के द्वारा अनेक मरीज व उसके परिजन को गुस्से का सामना भी कर झिड़की भी सुनना पड़ता है। यहां भी लोगों को भले तीखी धूप का सामना नहीं करना पड़ता हो, मगर उनके लिए पंखा आदि की कोई सुविधा नहीं है। इस भवन के भूतल पर मरीज अपने को बेहाल पाते हैं। सोमवार को चिकित्सीय सलाह लेने के लिए 2,681 मरीजों ने पर्चा बनवाया। इसमें डबल 2268 नया और 413 पुराना था। सबसे अधिक भीड़ मेडिसिन में डॉ सुरेंद्र कुमार से दिखाने के लिए 576, स्कीन वीडी में डॉ रामावतार सिंह के ओपीडी में 457, नाक कान गला विभाग में डॉ सुधांशु शेखर से 226, हड्डी विभाग में डॉ शंभू कुमार से 216, सर्जरी में डॉ पीडी वर्मा एवं शिशु रोग में डॉ अखिलेश कुमार से दिखाने के लिए 176-176, पीएमआर में डॉ रवि नारायण सिन्हा ने 171, आंख विभाग में डॉ प्रदीप कारक ने 132 और गायनी में डॉ उषा कुमारी से चिकित्सीय सलाह लेने वालों में 153 मरीज थे। अब कल्पना किया जा सकता है कि मेडिसिन और स्कीन वीडी में क्रमशः 576 और 457 मरीज को एक डॉक्टर अपने पीजी और इंटर्न के साथ तीन से चार घंटे में कितने मरीज को सही ढंग से चिकित्सकीय सलाह दे पाए होंगे।

मछली पालन के जरिए उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा दे रही बिहार सरकार

पटना । बिहार सरकार मत्स्य पालन के जरिए उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा दे रही है। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग के मत्स्य निदेशालय के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर राज्य के मछुआरों को मत्स्य शिकारमाही एवं विपणन हेतु निःशुल्क वितरण किट तथा मात्स्य विक्रेताओ को (अनुदानित दर) पर मत्स्य परिवहन हेतु थ्री-व्हीलर-वाहन आइस बॉक्स सहित उपल्ब्ध कराना है। इस योजनान्तर्गत चयनित राज्य के मछुआरों, मत्स्य विक्रेताओं, तथा मत्स्य वेंडरों-लाभुको को सतप्रतिसत अनुदान पर मत्स्य शिकारमाही एवं विपणन किट तथा खुदरा मत्स्य का बिक्री का कार्य करने वाले मछुआरो को निर्धारित लागत का 50 प्रतिशत अनुदान पर थ्री-व्हीलर- वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके आलावा योजनांतर्गत मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य तथा अन्य वर्ग के मछुआ/अनुसूचित जाति/जनजाति/जीविका समुह/एफ0एफ0पी0ओ0 जो मत्स्य बिक्री कार्य करते है, आवेदक होंगें। आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा अपना मोबाईल नंबर, बैंक खाता का नाम, बैंक खता सं0 तथा आई0एफ0एस0सी0 कोड अंकीत किया जाऐगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति अधिकारिक बेवसाइट पर अथवा जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते है। यह योजना मत्स्य शिकारमाही को एक उद्यम के रूप में स्थापित करने एवं रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

डीएम द्वारा नगर निकाय चुनाव की तैयारियों की

पटना । जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके लिए 11 कोषांग 24७7 सक्रिय है। वे आज इसकी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार पटना जिला अन्तर्गत नगर पंचायत खुशरूपुर, नौबतपुर तथा बिक्रम के पार्षदों, उप मुख्य पार्षदों एवं मुख्य पार्षदों के नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के लिए मतदान की तिथि 28 जून, 2025 को एवं मतगणना की तिथि 30 जून, 2025 को निर्धारित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आयोग के निदेशों के अनुसार सभी तैयारी करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र, स्वच्छ एवं निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी, विश्वसनीय एवं उत्तरदायित्वपूर्ण सहभागिता के साथ निर्वाचन कराए जाने हेतु अनेक कदम उठाया गया है। सुगमतापूर्वक यथास्थान मतदान करने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिकों, शारीरिक रूप से दिव्यांगों, असाध्य रोग से ग्रसित, गर्भवती महिला, अर्प्रवासी मतदाताओं एवं अन्य पात्र मतदाताओं के लिए ई-वोटिंग प्रणाली विकसित किया गया है।

माले को सामाजिक न्याय व लोकतंत्र का मजबूत ताकत बनाने का संकल्प

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाकपा माले को सामाजिक न्याय व लोकतंत्र का मजबूत ताकत बनाने के संकल्प और बदलो सरकार, बदलो बिहार नारा के साथ सोमवार को 10वां पटना साहिब एरिया सम्मेलन बिहार हितैषी पुस्तकालय सभागार में संपन्न हो गया। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कमेटी के सदस्य व पटना महानगर सचिव अभ्युदय ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभूनाथ मेहता, नसीम अंसारी, राखी मेहता, महेश चंद्रवंशी व मुजफ्फर आलम ने किया। उद्घाटन वक्तव्य में अभ्युदय ने कहा कि आज एक तरफ जहां देश का संविधान, लोकतंत्र व आजादी के मूल्य खतरे में है, वहीं महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर है। मगर इसके जिम्मेदार मोदी सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालते हुए सांप्रदायिक, नफरत और अंधोन्माद के सहारे अमन, इंसाफ व लोकतंत्र की आवाज का दमन कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार को सस्ता श्रम मुहैया कराने वाला पलायन प्रदेश बना दिया गया है। सुशासन के नाम पर बिहार में सामंती उत्पीड़न बढ़ा है और बच्चियों के साथ बलात्कार व हत्या की घटनाएं आम हो गई हैं।

जनता इस शासन से मुक्ति चाहती है। ऐसे में सरकार बदले बिना बिहार और देश नहीं बदल सकता। भाकपा माले का बदलो सरकार बदलो बिहार अभियान जारी है। बिहार के चार हिस्सों में 18 से 27 जून तक बदलो बिहार यात्रा निकलेगी. मगध जोन की यात्रा का समापन पटना में 26 जून को होगा। सम्मेलन में अनय मेहता एरिया सचिव चुने गए।

सम्मेलन ने 25 सदस्यीय एरिया कमेटी का चुनाव किया, जिसमें अनय मेहता (सचिव), शंभूनाथ मेहता, नसीम अंसारी, डॉ अलीम अख्तर, राखी मेहता, राजेश कुशवाहा, महेश चंद्रवंशी, मुजफ्फर आलम, सुरेश प्रसाद, चंद्रभूषण शर्मा, आत्मा राम, राम नारायण सिंह, ललन यादव, उमेश पासवान, बजरंगी प्रसाद, गोपाल वर्मा, रामबाबू प्रसाद, श्रवण कु. सिन्हा, गुडिया देवी, सीमा देवी, ममता देवी, जसवा देवी, रंजन मेहता, सुबोध कुमार, मिंटू पासवान व सोमनाथ यादव शामिल हैं। सम्मेलन से माले ने निम्न मुद्दों ओपी साह सामुदायिक भवन में स्कूल व अस्पताल खोलने, पटना घाट पर वेंडिंग जोन बना विस्थापित गरीबों को दुकान आवंटित करने, पीरदमरिया प्राथमिक स्कूल, जो आर्य कन्या विद्यालय, मंसूरगंज से वापस लाकर पटना घाट के पास लाने, बड़ी पहाड़ी व रानीपुर पैजाबा एनएच 30 अंडर पास पुल का निर्माण करने, सब्जी किसान के लिए अगमकुआं में हाट का निर्माण कराना पर आंदोलन करने का ऐलान किया।

शहीद बुद्ध नोनिया जन्म शताब्दी समारोह में पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री

विकसित भारत के संकल्प में नोनिया समाज की होगी बड़ी भूमिका : शिवराज

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बुद्ध नोनिया नामक सत्याग्रह मेमोरियल ट्रस्ट भवन के द्वारा सोमवार को पटना के बापू सभागार में शहीद बुद्ध नोनिया जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी उपस्थित रहे। इस समारोह में प्रदेश के नोनिया, बिंद, बेलदार समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी बात भी रखी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आज समारोह के दिन जातीय जनगणना का नोटिफिकेशन

भी गृह मंत्रालय द्वारा जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो हमारे लिए है उनके लिए हम भी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और प्रदेश आगे बढ़ रहा हैं। पीएम मोदी ने जो विकसित भारत का संकल्प लिया है उसमें नोनिया समाज की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने एक देश एक चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि सभी समाज के लोग तो आगे बढ़ेंगे ही जब एक बार देश में चुनाव होगा तो विकास की गति बिना बाधित हुए आगे बढ़ती रहेगी। लगातार चुनाव से विकास कार्य अवरुद्ध होते हैं।

बिहार भाजपा नोनिया समाज के साथ है और आगे भी रहेगाः दिलीप

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि शहीद बुद्ध नोनिया भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे बिहार के बेगूसराय जिले के गढ़पुरा गाँव के निवासी थे। उन्होंने 1930 में गांधी जी के आह्वान पर ब्रिटिश कानून के खिलाफ नमक कानून तोड़ा, जो सीधे ब्रिटिश शासन को चुनौती थी और ब्रिटिश सरकार की जड़ें हिला दीं। उन्होंने कहा कि शहीद बुद्ध नोनिया की मूर्ति पटना में लगेगी, इसकी घोषणा बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कर दी है।

इस घोषणा के लिए उन्होंने बिहार सरकार का आभार जताया। इस मौके पर मंत्री रेणु देवी ने कहा कि नोनिया समुदाय पारंपरिक रूप से शोरा उत्पादन और व्यापार से जुड़ा था, जिससे उनकी आजीविका चलती थी। ब्रिटिश सरकार ने व्यापार पर पूर्ण एकाधिकार स्थापित कर लिया, जिससे तंग आकर नोनिया लोगों ने विद्रोह का मार्ग अपनाया। मंत्री रेणु देवी ने कहा कि नोनिया, बिंद, बेलदार को एसटी में शामिल किया जाए तथा बुद्ध नोनिया के नाम पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने बुद्ध नोनिया की राजधानी पटना में एक आदमकद मूर्ति लगाए जाने की घोषणा के लिए सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, मंत्री प्रेम कुमार, केदार गुप्ता, उत्तर प्रदेश के मंत्री दारा सिंह चौहान, सांसद संजय जायसवाल, विवेक ठाकुर, संगीता बलवंत बिंद, विधायक संजीव चौरसिया, ब्रज बिंद, भरत बिंद, पटना मेयर सीता शाहू, नंद चौहान, संजय गुप्ता, रूप नारायण मेहता भी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योगाभ्यास के जरिए लोगों को किया जाएगा जागरुक : मंगल

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम होंगे आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में योगाभ्यास के माध्यम से योग की महत्ता पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। योगाभ्यास राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक वार्ड, पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य उपकेंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं जिला अस्पताल सहित मेडिकल कॉलेज पर स्थानीय प्रातनीनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर वृहत रूप से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें योगाभ्यास, योग संवाद तथा योग संगम जैसी गतिविधियां शामिल होंगे। श्री पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के स्लोगन- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर विभिन्न जागरूकता गतिविधि आयोजित किए जाएंगे। राज्य के आश्रय गृह, बाल सुधार गृह, जेल, सुरक्षित स्थल एवं सभी पंचायत सरकार भवनों में योगाभ्यास के जरिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिला एवं प्रखंड स्तर के मुख्य समारोह स्थल पर स्थानीय जनप्रातिनिधि, गण्यमान्य व्यक्तियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों व परिवार सहित स्थानीय योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय वार्ड एवं पंचायत पर एएनएम, आशा एवं ममता द्वारा योगाभ्यास के लिए स्थल का चयन किया जाएगा एवं उनके द्वारा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जीविका दीदीयों को स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले गतिविधियों में शामिल करने एवं उनके द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराने पर जोर दिया गया है।

स्थानीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों के विषय में लोगों को जानकारी देने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारि महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। योग न केवल शरीर को निरोग बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और आत्मिक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करता है। ऐसे आयोजन हमारे समाज को स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

प्रेमचंद रचित उपन्यास रंगभूमि के सौ साल पूरे होने पर विचार गोष्ठी आयोजित

सामाजिक असमानता का प्रामाणिक साहित्यिक दस्तावेज है रंगभूमि

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जनवादी लेखक संघ और जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रेमचंद रचित उपन्यास रंगभूमि के एक सौ साल पूरा होने पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विमर्श का विषय था - आज के संदर्भ में रंगभूमि। इसकी अध्यक्षता डॉ नीरज सिंह ने की जबकि कुमार विनीताभ ने संचालन किया।संघ कार्यालय जमाल रोड में रविवार को आयोजित विचार गोष्ठी में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रो नीलांबुज सरोज ने कहा कि प्रेमचंद ने रंगभूमि उपन्यास में ब्रिटिश साम्राज्यवाद द्वारा भारतीय जनगण के भूमि अधिग्रहण के लिए जिन नीतियों को अख्तियार किया गया और जिस तरह से ग्रामीण जनता के विरुद्ध बर्बरतापूर्वक रुख अपनाया गया, आज का शासक वर्ग अमेरिकी साम्राज्यवाद और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की चाकरी में अंग्रेजी हुकूमत से भी खतरनाक जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। ऐसी स्थिति में मौजूदा दौर में रंगभूमि में उठाये गए मुद्दे प्रासंगिक हैं। जनवादी लेखक संघ, पटना के संरक्षक मंजुल कुमार दास ने कहा कि नौकरशाही तथा पूंजीवाद के विरुद्ध जनसंघर्ष, सत्य और अहिंसा के प्रति आग्रह, ग्रामीण शोषण तथा स्त्री दुर्दशा का मार्मिक चित्र रंगभूमि में अंकित है। प्राच्य प्रभा के संपादक विजय कुमार सिंह ने कहा कि परतंत्र भारत की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और आर्थिक समस्याओं के बीच राष्ट्रीयता की भावना से परिपूर्ण उपन्यास रंगभूमि प्रेमचंद के जनवादी विचारों की परिपक्वता को दशार्ता है। नाट्य संस्था प्रेरणा के अध्यक्ष हसन इमाम ने कहा कि प्रेमचंद जनपक्षीय चेतना से सम्पन्न लेखक थे।

रंगभूमि इसका सर्वोत्तम दृष्टांत है। सीटू बिहार के उपाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने कहा किवर्तमान शासक वर्ग साम्राज्यवादपरस्त और कारपोरेट के हित में संवैधानिक मूल्यों को तिलांजलि देने पर आमादा है। डॉ नीरज सिंह ने कहा कि प्रेमचंद विरचित उपन्यास रंगभूमि सामाजिक असमानता और वर्ग विभाजन की समस्या का प्रामाणिक साहित्यिक दस्तावेज है। भोजपुर के अखिलेश कुमार, प्रो रवि प्रकाश मिश्र लता प्रासर, प्रलेस के राजकुमार शाही, समेत कई वक्ताओं ने विषय केन्द्रित विचारों से विमर्श को समृद्ध किया। सीतामढ़ी के कमरुद्दीन नदाफ और मुन्ना प्रसाद ने जनवादी गीतों से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा के महासचिव मुन्ना प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

तेजस्वी यादव के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा: उमेश

जनता को गुमराह करने की कर रहे कोशिश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि हर विषय पर अनर्गल प्रलाप करने से पहले तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल का अंधकारमय अध्याय पलटकर अवश्य देखना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों ने अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए बिहार को भय और अराजकता की आग में झोंक दिया, जिन्होंने अपनी तिजोरी भरने और अवैध संपत्ति का साम्राज्य खड़ा करने के लिए भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित किए, आज वही लोग अपनी राजनीतिक कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए झूठ का चोला ओढ़कर नैतिकता की दुहाई दे रहे हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि लालू परिवार का राजनीतिक अतीत लूट, घोटालों और भ्रष्टाचार की मिसाल रहा है। अब तेजस्वी यादव भी उसी बदनाम विरासत को दोहराने की कोशिश में हैं। सत्ता को लेकर उनकी व्याकुलता का असली मकसद एक बार फिर बिहार के खजाने को लूटना और सरकारी तंत्र के माध्यम से अपनी निजी संपत्ति में इजाफा करना है। लेकिन बिहार की जागरूक जनता अब इनके चाल, चरित्र और चेहरे को भलीभांति पहचान चुकी है। वे चाहे जितने भी राजनीतिक हथकंडे क्यों न आजमा लें, लालू परिवार को बिहार की सत्ता दोबारा नसीब नहीं होने वाली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में कानून का शासन स्थापित कर न्याय आधारित विकास का एक नया अध्याय रचा है। जो बिहार कभी बीमारू राज्य कहलाता था, वही आज शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में नए मानक स्थापित कर रहा है। तेजस्वी यादव के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए उनकी बेचैनी और अनर्गल आरोपों की बौछार स्वाभाविक है। जब विजन और उपलब्धि के नाम पर कहने को कुछ न हो, तब गुमराह करने की कोशिश ही उनका अंतिम सहारा बन जाती है।

महात्मा गाँधी सेतु के दोनों अप्रोच पथ के अंतिम बिंदु पर जंक्शन निर्माण हो : नितिन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में सोमवार को विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में एमओआरटीएच की समीक्षा बैठक रखी गयी, जिसमें भारत सरकार के स्तर पर चल रही सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति और डीपीआर प्रगति की जानकारी ली गयी। बैठक के क्रम में मंत्री ने अधिकारियों को महात्मा गाँधी सेतु के अंतिम पॉइंट (बीएसएनएल चौक और पहाड़ी तक) को जाम मुक्त बनाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मंत्री नितिन नवीन ने निर्देश दिया कि आम जनों की सहूलियत के लिए एमओआरटीएच और एनएचएआई के पदाधिकारियों की सयुंक्त बैठक आहूत कर सभी मानकों का ध्यान हुए, समाधान निकालने की दिशा में कार्रवाई की जाए। श्री नवीन ने बताया कि जाम से निजात दिलाने के साथ-साथ ट्रैफिक की निगरानी के लिए एडवांस ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक के क्रम में पथ निर्माण मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के संरेखण का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि कई योजनाओं का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। जल्द ही धरातल पर इसका स्वरूप देखने को मिलेगा। मंत्री श्री नवीन ने सभी संवेदकों को सख्त हिदायत देने को कहा कि गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। आगे मंत्री ने कहा कि बिहार को एक मजबूत, आधुनिक और समावेशी सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए बिहार सरकार दिन रात काम कर रही है। प्रदेश में अब विकास की राह और भी रफ्तार पकड़ेगी। बैठक में विभागीय सचिव बी कार्तिकेय धनजी, क्षेत्रीय पदाधिकारी विष्णु मूर्ति, अभियंता प्रमुख सुनील कुमार, बिहार राज्य पुल निगम के एमडी जितेंद्र कुमार, राष्ट्रीय उच्च पथ (दक्षिण) के मुख्य अभियंता उमाकांत रजक, राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर) के मुख्य अभियंता उमाशंकर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जदयू के प्रदेश सचिव ने राजद की सदस्यता ग्रहण की: एजाज

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रधान महासचिव श्री रणविजय साहू ने की। इस मिलन समारोह में जनता दल यू के प्रदेश सचिव सह मुस्लिम तेली संगठन के अध्यक्ष मो हारूण, मो मुख्तार अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मिलन समारोह को संबोधित करते हुए रणविजय साहू ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार साजिश चल रही है। आज बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन तेजस्वी जी के नेतृत्व पर जो बना है उसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव श्री रणविजय साहू, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, श्रीमती मधु मंजरी, प्रदेश महासचिव भाई अरूण कुमार, उपेन्द्र चन्द्रवंशी के समक्ष जदयू के प्रदेश सचिव मो हारूण, मो मुख्तार अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता रसीद के साथ प्रतीक चिन्ह गमछा, फूलों की माला और लालू जी के जीवनी पर लिखित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सम्मानित किया।

राजद से जुड़ने के लिए तेजस्वी डिजिटल फोर्स पोर्टल का शुभारंभ

लोगों का जुड़ाव राष्ट्रीय जनता दल के प्रति बढ़ा है : तेजस्वी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने सरकारी आवास 01 पोलो रोड, पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में मौजूदा सरकार से लोग छुटकारा चाहते हैं। 20 साल से जनता भाजपा-नीतीश सरकार से परेशान है जो सिर्फ भ्रष्टाचार, अपराध, महंगाई और विकास के नाम पर सब्जबाग दिखाने का काम किया है। सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। बिहार में सरकार में बैठे हुए लोग अपने परिवार के लोगों को अर्जेस्ट करने और भुंजा पार्टी के द्वारा कहीं न कहीं परिवारवादियों को प्रोत्साहित करने में लगी हुई है। बिहार में जो सरकार चल रही है यह कहीं से भी जनता के मुद्दे पर काम नहीं कर रही है। जिस कारण लोगों का इस सरकार

से मोह भंग हो गया है। बिहार में सबसे ज्यादा पलायन की स्थिति है, किसान बदहाल हैं, उद्योग धंधे बंद पड़े हैं, कोई कल कारखाना नहीं लगा है और ना ही सरकार के पास कोई विजन है और ना ही कार्य करने की क्षमता। इन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है और नई सरकार के प्रति उत्सुक है।

श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने आगे कहा कि बिहार के लिए हम जो करना चाहते हैं उसके कारण लोगों का जुड़ाव राष्ट्रीय जनता दल के प्रति बढ़ा है। लोग राष्ट्रीय जनता दल से जुड़ना चाहते हैं, आइये मिलकर हम नया बिहार बनाये, जिसमें सकारात्मक और विकास के साथ उत्थान की बात हो। स्वैच्छिक रूप से जो हमसे जुड़ना चाहते हैं उनके लिए हम एक नया पोर्टल तेजस्वी डिजिटल फोर्स पोर्टल का शुभारंभ करने जा रहे हैं और इससे सभी लोग जुड़ें जिससे कि सकारात्मक और विकासपरक तथा रोजगारपरक सोंच के साथ बिहार को आगे बढ़ाने में आप सभी का सहयोग और समर्थन मिले। इसके लिए सभी हमारे इस नये पोर्टल से जुड़ने की प्रक्रिया में सहभागी बनें। तेजस्वी डिजिटल फोर्स पोर्टल के थीम को उन्होंने पत्रकारों को दिखाया और इसके उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। आगे कहा कि बिहार चुनाव को देखते हुए ही केन्द्र सरकार ने जनगणना और जातिगत जनगणना की अधिसूचना आज जारी की है लेकिन इसका कार्य शुरू होगा 2026 और 2027 में।

इससे केन्द्र सरकार की मंशा को स्पष्ट होती है। जिस तरह से बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को केन्द्र सरकार ने 9वीं अनुसूची में नहीं शामिल किया उससे स्पष्ट होता है कि सरकार का जातिगत जनगणना और आरक्षण के मामले पर केन्द्र सरकार की क्या सोच है यह प्रमाणित हो गया है। संवाददाता सम्मेलन में इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, कुमार सर्वजीत, विधान पार्षद कारी मोहम्मद सोहैब, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद भी उपस्थित थे।

पटना नगर निगम द्वारा शहर की स्ट्रीट लाइट का कराया गया सर्वे

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम ने शहर भर में खराब स्ट्रीट लाइट्स की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बरसात के दौरान स्ट्रीट लाइट के खराब होने की समस्या सामने आती है। बरसात के पूर्व ही नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर के सभी 75 वार्डों में सर्वे किया गया। जहा कुल 3200 स्ट्रीट लाइट्स खराब पाई गई हैं। नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिये 75 वार्डों में विस्तृत सर्वे कराया गया। इस सर्वे में 19 जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स की जांच करने का निर्देश दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, पटना शहर में कुल 83,000 स्ट्रीट लाइट्स हैं, जिनमें से 3200 अभी काम नहीं कर रही हैं।

कांग्रेस देश में सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध : राजेश

पटना। आबादी के मुताबिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने एवं जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार के ढुल मूल रवैये के मद्देनजर पटना के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में सोमवार को सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पूरे देश में सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ही है, जो समाज के निचले पायदान के लोगों के अधिकारों की लड़ाई मुखरता के साथ लड़ रही है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि आबादी के मुताबिक इस देश में हिस्सेदारी सुनिश्चित हो। साथ ही उन्होंने जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जातिगत जनगणना की घोषणा केवल चुनावी जुमले की तरह न करे सरकार।

केंद्रीय मंत्री ने बिहार में अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत बनाने संबंधी घोषणाएं की

पटना शहर को वॉटर मेट्रो शुरू करने के लिहाज से उपयुक्त शहर के तौर पर देखा जा रहा है : सर्बानंद

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय पोत, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने सोमवार को बिहार में अंतदेर्शीय जलमार्गों को बढ़ावा देने के लिए ढांचागत सुविधाएं विकिसत करने संबंधी प्रमुख घोषणाएं की हैं। ये घोषणाएं राष्ट्रीय जलमार्ग : 1 (गंगा नदी) पर अंतदेर्शीय जलमार्ग विकास संबंधी परामर्श कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मौके पर की गई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा, आज इस परामर्श कार्यशाला के मौके पर, हम अपनी नदियों को पुनर्जीवित करने, खासतौर से राष्ट्रीय जलमार्गों को भविष्य में हमारे विकास के इंजन के तौर पर स्थापित करने

का संकल्प लेते हैं, ताकि ये संसाधन केवल गुजरे अतीत की निशानियां बनकर न रह जाएं। अंतदेर्शीय जल परिवहन सर्वाधिक स्वच्छ, सबसे अधिक किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन है। गंगा नदी को पुनर्जीवित करने के संदर्भ में, केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनावाल ने कहा, गंगा केवल नदी नहीं है, यह भारतीय उपमहाद्वीप के दिल की धड़कन भी है। और जा, हम यहां पटना शहर में एकत्र हुए हैं झ ताकि विकास और बदलाव से गुजरते हुए देश के आधुनिक सफर को इस पावन नदी के साथ एकाकार करते हुए आगे बढ़ने को प्रेरित किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर बिहार में अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा देने वाली कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पटना शहर को वॉटर मेट्रो शुरू करने के लिहाज से उपयुक्त शहर के तौर पर देखा जा रहा है, और यहां कोच्चि वॉटर मेट्रो मॉडल को, भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर, पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से, दोहराया जाएगा। यह प्रस्तावित सिस्टम नदियों के दोनों किनारों को परस्पर जोड़ेगा और साथ ही, बिहार राज्य की राजधानी के लिए कुशल, तथा आधुनिक शहरी परिवहन समाधान उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, पटना में एक जहाज मरम्मत सुविधा भी शुरू की जाएगी जिससे अंतर्देशीय जहाज इकोसिस्टम को भी सहायता मिलेगी। यहां मरम्मत के अलावा, नए जहाजों के निर्माण की सुविधा भी तैयार की जाएगी। ये घोषणाएं गंगा नदी को सस्टेनेबल शहरी परिवहन की जीवनरेखा के तौर पर स्थापित करने और पर्यावर्रण अनुकूल, नदी-केंद्रित विकास के राष्ट्रीय प्रयासों के साथ इन्हें एकाकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। केंद्रीय मंत्री ने बिहार सरकार, पोत, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय तथा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के स्तर पर संयुक्त कार्य बल गठित करने भी घोषणा की है। पटना स्थित नेशनल इनलैंड नेवीगेशन इंस्टीट्यूट का स्तर बढ़ाकर इसे सेंटर टॉफ एक्सीलेंस का दर्जा देने की तैयारी भी चल रही है और यहां मौजूदा सुविधाओं को उन्नत बनाने तथा नई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नए सिरे से निवेश भी किया जाएगा। नेशनल इनलैंड नेवीगेशन इंस्टीट्यूट देश में अंतर्देशीय जल नौगम्यता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान है।

कार्यशाला केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री शीला कुमारी उपस्थित थे। साथ ही, बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय कुमार सहित राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार के अन्य कई वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

मनेरशरीफ में सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में

मनेरशरीफ मकबरे के दर्ज पर बन रहे दो थिमेटिक गेट का निर्माण पूरा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मनेरशरीफ बिहार में इस्लामिक संस्कृति के सबसे पुराने केंद्रों में से एक है। यह स्थान ग्यारहवीं शताब्दी में और उसके बाद भी यह सूफी संतों का आध्यात्मिक केंद्र था। यहां देश भर से सूफी संत आया करते थे और सूफी मत के प्रसार के लिए विमर्श किया करते थे। यहां महान सूफी संत हजरत मखदूम यहिया मनेरी की कब्र मौजूद है, जहां भव्य मकबरे का निर्माण किया गया है। मखदूम साहब का इंतकाल 1291 ई. में हुआ था। देश के सूफी संतों में उनका नाम आज भी बड़े अदब से लिया जाता है। मनेरशरीफ में पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है। मनेरशरीफ में पर्यटन विभाग द्वारा मनेरशरीफ मकबरे के दर्ज पर 99.98 लाख रुपये की लागत से बन रहे तीन भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराए जा रहे कार्य में अबतक मनेरशरीफ मकबरे के दर्ज पर बन रहे दो थिमेटिक गेट का निर्माण पूरा कर लिया गया है और तीसरे थिमेटिक गेट का भी कार्य लगभग 70 फीसदी पूरा किया गया है।

वास्तुविद मेसर्स कपूर्स एंड एसोसिएट्स द्वारा इस प्रवेश द्वार का डिजाइन बनाया गया है। इस कार्य के अंतिम चरण में सौंदर्यीकरण के बाकी बचे सभी कार्यों को संपन्न किया जाना है। इसके निर्माण के उपरांत मनेरशरीफ आने वाले पर्यटकों के लिए भव्य प्रवेश द्वार उनके लिए आकर्षण का एक नया केंद्र होगा।

संक्षिप्त खबरें

विकास के परिजन से मिले पूर्व मंत्री, बंधाया ढ़ाढ़स

मुजफ्फरपुर। राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार सोमवार को सड़क दुर्घटना में मृत विकास के गांव पकड़ी पकोही पहुंचे, जहां परिजनों से मिलकर ढ़ांढस बंधाया एवं इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री कुमार ने स्वर्गीय विकास को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण कराने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। विदित हो कि शनिवार को देर शाम रेवा रोड के पताही गांव के पास सड़क दुर्घटना में पकड़ी निवासी सुरेश राम के इकलौता पुत्र विकास की दर्दनाक मौत हो गई। विकास एक बड़ा होनहार युवक था। उसके निधन से समाज में शोक का वातावरण व्याप्त है। इस बीच श्री कुमार ने मड़वन बीडीओ को तत्काल पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना का बीस हजार रुपया मुहैया कराने को कहा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को श्रम विभाग से भी आर्थिक मदद कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विकास के परिजनों से मिलने वालों में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अरुण राय, अजय चौधरी, उमेश राम ,बिरजू रजक,मिठू साह आदि प्रमुख थे।

सड़क में पिता की हुई मौत पुत्र जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बकवारा पुल के समीप टैम्पु ओर मारूति ईरटीका के आमने-सामने टक्कर होने से पिता की मौत हो गया। वहीं पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के नीमा चकहैदर गांव निवासी स्व बतहु राय 52वरषीय पुत्र दिनेश राय के रूप में हुई है। वहीं मिरतक के 17वरषीय पुत्र शिवम् कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमानगर में कराया गया। जहां डॉक्टर ने पारथमिकी उपचार कर दरभंगा रेफर कर दिया गया। मोत की खबर सुनते ही आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जाम करीब एक घंटे तक रहीं। वहीं मिरतक टैम्पु चलाकर दरभंगा दवा लाने अपने पुत्र के साथ जा रहा था।जाने के दौरान ही टैम्पु चालक एवं टैम्पु पर सवार थे।टैम्पु चालक ज्योंहि बकवारा पुल के समीप पहुंचा कि दरभंगा की ओर से आ रही मारुति ईरटीका गाड़ी ने आमने-सामने टक्कर मार दिया। जिसमें धटना स्थल पर पिता की मौत हो गई। पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। धटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा,ए,एस आई लालू कुमार मोहल्ला, हरेंद्र तिवारी दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं लोगों को समझा बूझाकर सड़क जाम समाप्त कराया।शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया है। वहीं बीडीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन को पारिवारिक योजना के तहत बीस हजार रुपए चेक दिया गया। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। मृतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

पीसीसी ढ़लाई में अनियमितता को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के मुस्तफापुर निवासी समाजसेवी राम नरेश झा ने पंचायत में पीसीसी ढ़लाई में अनियमितता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। बताया है कि सुर्चना महतो तीनवटिया से लेकर अच्छे महतो के घर तक पंचायत से पीसीसी ढ़लाई में कहीं एक इंच तो कहीं ढेड़ इंच ढ़लाई किया जा रहा है। कार्य में भी काफी अनियमितता बरती जा रही है।इस संबंध में पंचायत सचिव अभिकर्ता से शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

श्रावणी मेला की प्रशासनिक तैयारी शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के सुप्रसिद्ध बाबा गरीब नाथ मंदिर में जिलाभिषेक के लिए सावन माह में प्रतिवर्ष काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त आते हैं तथा भगवान शिव पर जलाभिषेक करते हैं। अतः विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला का सफल एवं सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने अधिकारियों की टीम के साथ फकुली मोड़ से गरीब नाथ मंदिर तक भ्रमण किया तथा विद्यमान स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए भीड़ प्रबंधन,यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए ठहराव, शौचालय, पेयजल , साफ- सफाई, बिजली व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति आदि की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य ससमय पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालु भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि है।इस दृष्टि से मुजफ्फरपुर जिला की सीमा फकुली मोड़ से मंदिर तक के रूटलाइन पर श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित गमनागमन, ठहराव एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था की जाएगी तथा उन जगहों पर आवश्यक सुविधाएं शौचालय, पेयजल, बिजली, पंखा तथा प्रतिदिन की साफ सफाई की व्यवस्था की जाएगी। इसे संबंधित विभाग के अधिकारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है तथा अनुमंडल पदाधिकारी को सतत एवं प्रभावी मानिटरिंग कर सुनिश्चित कराने को कहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग के प्रमुख स्थलों, चौक चौराहों एवं ठहराव स्थल पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। मंदिर में भीड़ प्रबंधन हेतु भक्तों के प्रवेश एवं निकासी की मानिटरिंग की जाएगी। मेला अवधि में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो तथा कोई अप्रिय दुर्घटना न हो इसके एहतियाती उपायों के तहत जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को बिजली के पोल एवं लूज वायर को ठीक करने तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही मंदिर क्षेत्र में इंटरनेट, टेलिकॉम के तार को अविलंब ठीक करने को कहा अन्यथा नगर निगम द्वारा जुर्माना कर राशि की वसूली की जायेगी तथा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह जगह पर कुल 21 मेडिकल कैंप लगायें जाएंगे तथा उसमें आवश्यक दवा के साथ डाक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस की सुविधा रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त पीएचसी कुढ़नी, सदर अस्पताल एवं अन्य निकटवर्ती अस्पतालों को एक्टिव रखने तथा डाक्टर, स्टाफ को भी सक्रिय एवं तत्पर रहने का निर्देश दिया है। इसकी जवाबदेही सिविल सर्जन को देते हुए सतत मॉनिटरिंग करने को कहा है।

श्रद्धालुओं को मंदिर तक आने-जाने वाले मार्ग में कोई कठिनाई न हो, इसका ध्यान रखा गया है। इसके लिए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए 150 ट्राली लगायें जाएंगे तथा आवश्यकतानुसार डायवर्सन की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसे भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त श्री विक्रम वीरकर, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अजय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण शामिल थे।

उर्दू भाषा और साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत बिहार के अध्यक्ष डॉ. सैयद अबूज़र कमालुद्दीन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन, बिहार स्टेट एग्जामिनेशन बोर्ड के चेयरमैन, बिहार सरकार के मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, और शिक्षा निदेशक को ईमेल के माध्यम से एक पत्र भेजा है इस पत्र में उन्होंने माध्यमिक स्तर यानी आठवीं से ग्यारहवीं कक्षा तक उर्दू भाषा और साहित्य को अनिवार्य विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करने, उसकी परीक्षा लेने तथा उसी के आधार पर पास,फेल और ग्रेड निर्धारित करने की मांग की है।डॉ. कमालुद्दीन ने अपने पत्र में बिहार सरकार से आग्रह किया है कि बिहार में माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सीबीएसई पैटर्न के तहत जो बदलाव लाए गए हैं, वे उर्दू शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे, और यह स्थिति उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसी हो जाएगी जहाँ उर्दू को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। "जबकि बिहार में उर्दू को दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा प्राप्त है उन्होंने यह भी कहा है कि यह उस समय हो रहा है ,जब एक अल्पसंख्यक-समर्थक नेता राज्य के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय और माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड में कुछ ऐसे लोग प्रभावशाली पदों पर हैं, जो उर्दू भाषा के प्रति द्वेष रखते हैं और गुप्त रूप से उर्दू को पाठ्यक्रम से बाहर करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उर्दू ने जो राजनीतिक सफलता अर्जित की है, उसे शैक्षणिक मोर्चे पर विफल किया जा सके।डॉ. कमालुद्दीन ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि यदि शिक्षा के अवसर सीमित और समाप्त हो जाएंगे तो उर्दू का दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा महज एक निष्क्रिय प्रतीक बन कर रह जाएगा । उन्होंने सरकार से तत्काल ध्यान देने और इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया हैं।

शिक्षा ऋण नहीं चुकाने वालों पर होगा सर्टिफिकेट केस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। वैसे छात्र जिन्होंने स्कूल क्रेडिट कार्ड योजना से लोन लेकर पढ़ाई पूरी कर ली और ऋण वापस नहीं किया है, उनपर राशि वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस किया जिएगा। जिले में ऐसे 2850 छात्र- छात्राओं को डिफॉल्टर घोषित किया गया है। इन्हें 30 जून तक शपथपत्र देना है।भुगतान या शपथ पत्र जमा नही करने वाल छात्रों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज की जायेगी बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं को बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से अधिकतक 4 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण देने का प्रावधान है। ब्याज दर पुरुष आवेदकों से 4 प्रतिशत तथा महिला, दिव्यांगों एवं ट्रांसजेन्डर आवेदकों से 1प्रतिशत की दर से दिया जा रहा है।योजनातंर्गत जिन्हें उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु शिक्षा ऋण का लाभ लिया गया है तथा उनके पाठ्यक्रम की अवधि भी पूर्ण हो चुकी है, उन आवेदकों से शिक्षा ऋण की वसूली की जानी है। प्रबंधक, मनोज कुमार प्रधान, डी.आर.सी.सी., मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया है कि वैसे आवेदक जो वर्तमान में नियोजित नहीं है या स्वरोजगार एवं अन्य साधनों से आय नहीं है, तो वसूली को अगले 6 माह तक निलंबित रखने हेतु शपथ-पत्र दिनांक 30 जून 2025 तक शपथ-पत्र जमा कर सकते है शपथ पत्र में बताना होगा कि वे अभी तक बेरोजगार हैं।सहायक प्रबंधक अलका झा, द्वारा बतलाया गया कि शपथ-पत्र या भुगतान नहीं करने वाले छात्रों की सूची बनाकर लगभग 2850 लोगों को डाक के माध्यम से नोटिस भेजा गया है ।30 जून तक भुगतान या शपथ पत्र जमा नही करने वाल छात्रों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज की जायेगी। अब तक कुल 762 के विरुद्ध केस किया जा चुका है। इन्हें नोटिस भेजा गया था, परन्तु आवेदकों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। पुनः सूची तैयार कर छात्र-छात्राओं को ई-मेल से शपथ-पत्र जमा करने हेतु सूचना दिया गया है। विभाग के द्वारा मुजफ्फरपुर जिला के कुल-2400 छात्रों को वर्त्तमान माह में डिफॉल्टर घोषित किया गया है, यदि 30 जून 2025 तक भुगतान या शपथ-पत्र जमा नही करते हैं तो अगले माह सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जायेगा।

लोक शिकायत निवारण कानून का नहीं हो रहा है पालन

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा) ।करीब करोड़ों रुपए के बहेड़ा पीएचसी का जेनरेटर फर्जी बिल भुगतान का रिपोर्ट कलेक्ट्रेट कार्यालय से सिविल सर्जन कार्यालय के बीच फंसा हुआ है। बेनीपुर के एसडीपीजीआरओ राजेश कुमार गुप्ता ने तत्कालीन डीएम राजीव रौशन को सीएस डॉ.अरुण कुमार से सरकारी राशि गमन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का रिपोर्ट भेजा था। बीते डेढ़ माह से कलेक्ट्रेट कार्यालय से सीएस कार्यालय के बीच गंभीर मामला लटका हुआ। ज्ञातव्य हो कि जेनरेटर चलाने के कथित फर्जी बिल भुगतान मामले में अनुमंडल लोक शिकायत निवारण अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने 7 मई 2025 को जांच रिपोर्ट डीएम को भेज था। रिपोर्ट में कहा गया था कि सरकार की भारी भरकम राशि गबन के खिलाफ एफआईआर लोक प्राधिकार एवं अन्य सभी संबंधित व्यक्तियों पर दर्ज करवाने का आदेश सिविल सर्जन को दिया जाए। पूरा मामला सिर्फ बहेड़ा पीएचसी का था। जांच रिपोर्ट में एसडीपीजीआरओ ने कहा था कि लोक प्राधिकार ने सुनवाई के दौरान अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज कराई तथा ना ही उनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश किया गया। उन्होंने कहा कि लोक प्राधिकार अपने ऊपर लगाए गए आरोप को निराधार साबित करने में असफल साबित हुए। जिससे आरोप सही प्रमाणित होता है। रिपोर्ट के डेढ़ महीना बीत जाने के बाद भी अब तक संबंधित विभाग द्वारा आरोपियों के ऊपर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि पैरवी पुत्र के बदौलत सरकारी राशि गमन के गंभीर मामले को ठंडे बस्ते में डलवा दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह गंभीर मामला भी अन्य मामलों की तरह किसी फाइल में दब के रह जाएगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अरुण कुमार ने पूछने पर बताया कि अभी तक उन्होंने डेढ़ महीनो से फाइल देखा नहीं है फाइल देखने के बाद ही कुछ बताएंगे।

राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला का हुआ भव्य शुभारंभ, 22 तक चलेगा रंग- राग महोत्सव

20 जून को पद्मभूषण स्व.शारदा सिन्हा की लोक गायन शैली पर उनके पुत्र - पुत्री का होगी विशेष प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। लनामिवि के संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा 16 से 22 जून 2025 तक विश्व संगीत दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगीत कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। देश-भर के संगीत साधक और शिक्षक इसमें विषय-विशेषज्ञ के रूप में विभिन्न विषयों पर सोदाहरण-व्याख्यान, मंच-प्रदर्शन और कार्यशाला के हिस्सा होंगे। संगीत शास्त्र और राग परम्परा विषयक इस कार्यशाला में ग्वालियर घराना के विद्वान गायक एवं गुरु पंडित समीर भालेराव अपनी गायन-प्रस्तुति करेंगे एवं कार्यशाला में प्रतिभागियों को राग-गायन से संबंधित गायकी की पारम्परिक विधाओं की शिक्षा देंगे। इनके अतिरिक्त तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रो निशा झा आसावरी अंग के राग मगध महिला महाविद्यालय ,पटना के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार संगीत शास्त्र और बन्दिश गायन बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार शर्मा विभिन्न गायन शैलियों में तबला संगतिह्; पटना विश्वविद्यालय ,पटना की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीरा चौधरी नट अंग के राग और मंच प्रदर्शन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की विभागाध्यक्ष प्रो रीता दास वाद्य- वर्गीकरण और मंच प्रदर्शनश्री अरविंद महिला महाविद्यालय, पटना की अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रीना सहाय राग तरंगिणी में वर्णित राग आदि इस कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ होंगे।इस आयोजन में पद्मविभूषण श्रीमती शारदा सिन्हा चेयर और विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 20 जून को ह्य शारदा सिन्हा की लोक गायन शैली शीर्षक प्रस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमें विदुषी गायिका डॉ श्रीमती शारदा सिन्हा के पुत्र एवं पुत्री डॉ अंशुमान सिन्हा और डॉ वंदना भारद्वाज स्वयं उपस्थित होकर इसे प्रस्तुत करेंगे। सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला की संयोजिका विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या हैं।

जयकृष्ण यादव के निधन से पूरे समाज को गहरा आघात लगा है : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा) ।घनश्यामपुर प्रखंड के पोहद्दी-बेला पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवी जयकृष्ण प्रसाद यादव का बीते रविवार को निधन हो गया। सोमवार को उनके पैतृक गांव पोहद्दी में उनका अंतिम संस्कार किया गया।इस मौके पर संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के महामंत्री व समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जयकृष्ण प्रसाद यादव के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्री सिंह ने कहा कि जयकृष्ण प्रसाद यादव के निधन से न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात लगा है। उनके योगदान और सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की,कि वे उनके परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति प्रदान करे एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। इस अवसर पर घनश्यामपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, बुढ़ेव विनायतपुर पंचायत पूर्व मुखिया सुधीर ईश्वर,विकास प्रसाद,नवीन मिश्रा, दिवाकर कुमार राम,महेश प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

मारवाड़ी महिला समिति शाखा जयनगर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के जयनगर स्थित सुरेका अतिथि भवन परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वावधान में मारवाड़ी महिला समिति शाखा जयनगर द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष कृष्णा जागीड़ ने की और संचालन आराध्या मुरारका ने किया। शुभारंभ स्वागत गान और दीप प्रज्वलन से हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पौधा और दोपट्टा देकर किया गया।शिविर में एसडीएम दीपक कुमार, बीडीओ राजीव रंजन, एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह, अपर थाना अध्यक्ष शुभम कुमार, गौशाला समिति की सचिव व समाजसेवी कल्पना सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। समिति की अध्यक्ष कृष्णा जागीड़, संस्थापक सदस्य सुमन देवी सनथेलिया, सचिव रेखा सनथेलिया, कोषाध्यक्ष उमा पंसारी, रक्तदान प्रमुख रीमा सरावगी, पूर्व अध्यक्ष मधु सुरेका, तारा डोकानिया, मंच संचालक आराध्या मुरारका व अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है और यह शरीर को नई ऊर्जा देता है। विज्ञान अब तक रक्त का विकल्प नहीं ढूंढ सका है, इसलिए रक्तदान आवश्यक है। कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने लोगों से नियमित रक्तदान की अपील की।इस मौके पर अरुण जैन, अनिल बैरोलिया, पवन यादव, राम प्रसाद राउत, अंशु सराफ, पूजा सुरेका, प्रिया सरावगी, आशा सिघांची, संध्या सरावगी, निशा पंसारी, सरिता सुरेका, मधु बैरोलिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। शिविर की सफलता में समिति की टीम की अहम भूमिका रही।

संस्कृत शिक्षा के नवयुग की शुरूआत: मृत्युंजय झा को मिला बोर्ड अध्यक्ष का दायित्व, मिथिला में हर्ष की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, कुशल संगठनकर्ता एवं संस्कृत प्रेमी मृत्युंजय झा को बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लंबे समय से पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे मृत्युंजय झा वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी एवं जानकी सेना के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में भी कार्यरत हैं। मृत्युंजय झा विद्यार्थी परिषद के मधुबनी जिला प्रमुख, भाजपा के जिला संगठन मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विभाग संगठन मंत्री जैसे अनेक दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। पार्टी संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और वर्षों की मेहनत को सम्मान देते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन्हें इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक जिम्मेदारी से सुशोभित किया है।उनकी नियुक्ति पर जानकी सेना के मधुबनी जिलाध्यक्ष एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल मृत्युंजय झा जैसे समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान है, बल्कि पूरे संगठन का गौरव है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति भाजपा की उस नीति को दशार्ती है जिसमें कार्यकताओं को समय आने पर उचित स्थान दिया जाता है।बौआ झा ने कहा कि मृत्युंजय झा की अध्यक्षता में संस्कृत शिक्षा को लेकर एक नई दिशा मिलेगी। संस्कृत विद्यालयों में लंबे समय से चली आ रही समस्याएं– जैसे शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव, तथा पाठ्यक्रम में धार्मिक-सांस्कृतिक तत्वों की उपेक्षा– को अब दूर किया जाएगा। उनके नेतृत्व में विद्यालयों में मंत्रोच्चारण, वेदपाठ, मंगलाचरण, प्रातःकालीन प्रार्थना एवं संध्या आरती जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजन पुनः स्थापित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों के बीच संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण और आस्था बढ़ेगी। ज्ञात हो कि मृत्युंजय झा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मधुबनी से टिकट नहीं मिला था, तब पार्टी ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर संगठन की कमान सौंपी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें टिकट नहीं मिला, बावजूद इसके भाजपा ने उन्हें प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका दी। अब पार्टी ने उन्हें संस्कृत शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन के प्रति उनकी वर्षों की सेवा को उचित सम्मान दिया है।उनकी नियुक्ति से न केवल मिथिलांचल में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे प्रदेश में संस्कृत शिक्षकों, छात्रों एवं विद्वानों के बीच नई उम्मीद जगी है। यह नियुक्ति इस बात का संकेत है कि भाजपा अब शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी जमीनी कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। यह कदम न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास की दिशा में भी एक मजबूत पहल है।

सशस्त्र सीमा बल की सजग गश्ती टीम ने नेपाल से लाई जा रही शराब की जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर की कमला समवाय की एक गश्ती टीम ने आज सुबह लगभग 10:31 बजे नेपाल से अवैध रूप से भारत में लाई जा रही नेपाली शराब की बड़ी खेप जब्त की। यह कार्रवाई सीमा स्तंभ संख्या 271/डब्ल्यूपी 1 के समीप, भारत सीमा के अंदर लगभग 600 मीटर भीतर की गई। गश्ती दल को देखकर तस्कर सतर्क हो गया और मौके पर ही अपनी मोटरसाइकिल तथा उस पर लदे शराब के कार्टन को छोड़कर नो मैन्स लैंड पार कर नेपाल भाग गया। तलाशी के दौरान गश्ती दल को हीरो पैशन प्रो (काले और हरे रंग की) मोटरसाइकिल पर लदी गौरव सोफी ब्रांड की 60 बोतल नेपाली शराब प्राप्त हुई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 18 लीटर थी।जब्त की गई मोटरसाइकिल और शराब को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु देवधा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में 48वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने कहा कि, सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल की टीमें पूरी तरह सतर्क हैं और तस्करी के किसी भी प्रयास को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सशस्त्र सीमा बल की इस त्वरित कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि बल न केवल सीमाई क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए भी निरंतर सक्रिय है।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के डी.बी. कॉलेज के समीप एन एच 527 बी सड़क पर मोटरसाइकिल सवार और साइकिल सवार की आमने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के मुताबिक बासोपट्टी थाना क्षेत्र के राधाकांत गांव वार्ड आठ निवासी प्रमोद यादव साईकिल से जयनगर से अपने घर राधाकांत एनएच 527 बी सड़क मार्ग से जा रहा था। तो वहो दूसरी ओर डी. बी . कॉलेज के समीप एक बाइक पर तीन युवक दुल्लीपट्टी से जयनगर की ओर जा रहा था। उसी क्रम में मोटरसाइकिल और साइकिल में टक्कर हो गई और सड़क दुर्घटना हो गई। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति और साइकिल सवार व्यक्ति चारों गम्भीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने सड़क दुर्घटना मामले की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। पैंथर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुँची और पुलिस बल एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी गम्भीर रूप से जख्मी व्यक्तियों को ईलाज हेतू जयनगर अनुमण्डल अस्पताल लाया गया। लेकिन सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक युवक को चिकित्सकों ने मृत बताया। मृतक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी वार्ड 05 निवासी अशोक कामत का लगभग 22 वर्षीय पुत्र रमन कुमार कामत के रूप में बताया जाता है। वही मोटरसाइकिल सवार दो युवकों में गम्भीर रूप से घायल जयनगर थाना क्षेत्र दुल्लीपट्टी वार्ड चार निवासी विजय प्रसाद गुप्ता का लगभग 23 वर्षीय पुत्र रमन कुमार गुप्ता और दुल्लीपट्टी वार्ड 12 निवासी सुरेश प्रसाद गुप्ता लगभग 19 वर्षीय पुत्र कुन्दन कुमार गुप्ता एवं गम्भीर रूप से घायल साइकिल सवार व्यक्ति की पहचान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के वार्ड आठ राधा कांत निवासी महेश्वर यादव का लगभग 30 वर्षीय पुत्र प्रमोद यादव यादव बताया जाता है। सड़क दुर्घटना मामले को लेकर अस्पताल में काफी भीड़ जुट गई और घटना चर्चा का विषय बन गया। सभी गम्भीर रूप से घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज हेतू डीएमसीएच रैफर कर दिया। मृतक और गम्भीर रूप से घायलों के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेजने की प्रक्रिया में जुट गई थी।

जिलाधिकारी ने ब्रज गृह, मतगणना केंद्र व डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार ने आज बाजार समिति में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए वर्ज.गृह, मतगणना केंद्र और डिस्पैच सेंटर हेतु भ्रमण और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार मतगणना केंद्र ,डिस्पैच सेंटर और वर्जगृह का निर्माण करना सुनिश्चित करें।कार्यपालक अभियंता भवन को निर्देश दिया गया कि स्ट्रांग रूम नजीरे नक्शा के साथ प्रपोजल बनाना सुनिश्चित करें। पूल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया की सड़कों का निर्माण एवं सड़कों अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें ,जिससे कि यातायात का सुगम बनाया जा सके।मतगणना केंद्र पर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। बाजार समिति के प्रांगण में निरीक्षण के लिए अनिल कुमारअपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ,विशेष कार्य पदाधिकारी राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार दरभंगा सदर , सुरेश कुमार जिला उप निर्वाचन अधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन ,पुल निर्माण निगम, आदि अधिकारी उपस्थित थे।

उजियारपुर में राम लॉलिन राय निर्विरोध बने राजद प्रखंड अध्यक्ष, विधायक आलोक मेहता ने दी बधाई

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर विधानसभा अंतर्गत उजियारपुर प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल का प्रखंड स्तरीय संगठनात्मक चुनाव हेतु सोमवार को नंद किशोर महतो प्रखंड निर्वचन पदाधिकारी उजियारपुर की अध्यक्षता में दलसिंहसराय के एक निजी सभा हॉल में उजियारपुर के राष्ट्रीय जनता दल के तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता एव प्रतिनिधियों की बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ राजद नेता राम लॉलिन राय जी का प्रस्ताव आया जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया और निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय एवं राम उदेश राय ने माला पहनाकर स्वागत किया। उक्त बैठक में राष्ट्रीय जनता दल संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश्वर महतो, वरिष्ठ राजद नेता प्रभु नारायण राय, महेश्वर राय, राजेंद्र प्रसाद सिंह, त्रिवेणी राय, महेश्वर राय,अरूण सिंह, विजेंद्र राम सहित राजद नेता उपस्थित थे। वहीं दूरभाष पर स्थानीय विधायक आलोक कुमार मेहता ने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष राम लॉलिन राय को बधाई दी एवं प्रखंड के तमाम राजद कार्यकताओं को निर्विरोध निर्वाचन के साधुवाद दिया।

डीएम ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश :अधिकारियों को रोज अधिक से अधिक मामलों की सुनवाई करने का दिया आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई सोमवार 16 जून को जिला समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्री नवीन की अध्यक्षता में सोमवारीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी महोदय ने निर्वाचन विभाग से की एवं आवश्यक निर्देश दिए। श्रावणी मेला 11 जुलाई 2025 की तैयारी को लेकर उन्होंने चकाई प्रखंड के बीडीओ को कहा कि जिले में जहां-जहां शिविर लगता है, वहां व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें । किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो, इसका विशेष ध्यान रखने हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया ' जिलाधिकारी महोदय ने जिले के महादलित टोलों में चल रहे डॉ॰ अंबेडकर समग्र अभियान शिविर से संबंधित पयोजनाओं यथा उज्वला योजना, लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान, आधार कार्ड इत्यादि की स्थिति के बारे में जिला कल्याण पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ' वहीं ठल 333 एवं ठल 333 ए झाझा से सोनो प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भू अर्जन करना है उसके लिए क्या किया जा रहा है इसकी फीडबैक भू अर्जन पदाधिकारी तथा संबंधित अंचल के अंतर्गत अंचल अधिकारी से ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए ' जिला पदाधिकारी महोदय ने बासगीत पर्चा संबंधित से अधतन प्रतिवेदन के संबंध में संबंधित प्रखंडों की अंचल अधिकारी एवं डीसीएलआर तथा अपर समाहर्ता से कारणपृच्छा किया गया। वहीं सामाजिक सुरक्षा से संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर कई निर्देश दिए ' आईसीडीएस डीपीओ ने बताया कि शौचालय के लिए 140 आंगनबाडीकेंद्रों को भूमि मिली हुई है एन ओ सी अभी प्राप्त नहीं हो पाया है । वही 200 आंगनबाडी केंद्र की अनुमति प्राप्त हुई है ' जिलाधिकारी महोदय ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुख्य सचिव के भीसी से संबंधित पिछले माह का पीपीटी एवं अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा की ' समीक्षा के दौरान उन्होंने पंचायत सरकर भवन काला, ककनचौर मलयपुर झाझा प्रखंड के चाय के साथ-साथ स्थलीय विवाद के कारण बाधित कार्य की समस्या का जल्द निराकरण कर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया ' वहीं नल जल योजना अंतर्गत प्रखंड गिद्धौर तथा सोनो में परसेंटेज कम रहने के कारण प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से कारणपृच्छा की। और साथ हीं साथ निर्देशित किया कि यह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है ' जिलाधिकारी महोदय ने जीविका के समीक्षा के दौरान जीविका डीपीएम ने बताया कि महिला संवाद हेतु 1243 कार्यक्रम का आयोजन करने का लक्ष्य था जोकि 100% संपन्न कराया गया ' आगे उन्होंने कहा कि 30238 आकांक्षाओं में 25736 आकांक्षाओं का निष्पादन हो गया है, वही जीविका डीपीएम ने कहा कि एससी/एसटी वेलफेयर कार्यालय, ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सर्वाधिक आकांक्षाओं लंबित पाए गए। डीएम ने इस पर नाराजगी व्यक्त की ' नगर परिषद क्षेत्र में संचालित उन्होंने मोहल्ला संवाद से संबंधित अधतन प्रतिवेदन की समीक्षा की साथ ही मुख्य सचिव के भीसी से संबंधित पिछले माह का पीपीटी एवं अधतन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए ' बैठक के क्रम में जिलाधिकारी महोदय ने जिला अंतर्गत मोबाइल टावर की अधतन स्थिति के साथ साथ योजना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जिला योजना पदाधिकारी से फीडबैक लिया, वहीं उन्होंने डीआरसीसी में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए ' उस दौरान उन्होंने जिला सांख्यिकी कार्यालय से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की स्थिति के बारे में जायजा लिया तथा कई अहम निर्देश दिए । धान अधिप्राप्ति से संबंधित अधतन प्रतिवेदन के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी से फीडबैक लिया। जिला पदाधिकारी महोदय ने न्यायालय वाद जैसे सीडब्लूजेसी/ से संबंधित तथा एक्साइज कोर्ट से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षोपरांत उन्होंने उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया। वहीं उन्होंने पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट की अधिष्ठापन से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक निदेश दिये ' उपरांत उन्होंने ऊर्जा विभाग से पीएम सूर्य घर योजना से संबंधित अधतन प्रतिवेदन के साथ मुख्य सचिव के ५ से संबंधित पिछले माह का पीपीटी एवं अधतन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की तथा कई निर्देश दिए गए । समीक्षोपरांत उन्होंने प्राप्त आवेदनों को समय पर निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक में एडीएम जमुई, सिविल सर्जन जमुई, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, डीसीएलआर, नजारत उप समाहर्ता सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस के ताबड़तोड़ एक्शन से अपराधियों के फूल रहें हैं सांस,कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने की महाकुर्की अभियान की शुरूआत

एक साथ 52 अपराधियों के घरों की गई कुर्की से मचा हड़कंप,एक दर्जन फरार अपराधी भी हुए गिरफ्तार

प्रात किरण संवाददाता

लखीसराय !इन दिनों लखीसराय जिले में अपराधियों,नक्सलियों और माफियाओं की सामत आ गई है ! जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य को अंजाम देने वाले जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर लखीसराय जिले के खूंखार अपराधियों,बालू एवं शराब माफियाओं तथा तथा नक्सलियों के विरुद्ध जिले की पुलिस पूरी तत्परता के साथ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है ! जिससे अपराध जगत से जुड़े लोगों और माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है !सबसे बड़ी बात यह है कि न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद एसपी अजय कुमार के निर्देश पर महाकुर्की अभियान चलाया जा रहा है !एक साथ एक दिन में कुल 52 फरार अपराधियों के घरों को जमींदोज कर दिया गया !साथ हीं एक दर्जन फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है !सख्त पुलिसिया कार्रवाई से भयभीत हो कर दो अपराधियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया !एसपी अजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार महाकुर्की अभियान के दौरान 9 फरार अपराधी मृत घोषित पाए गए !वहीं एसपी अजय कुमार के निर्देश के पर जिले की पुलिस द्वारा अवैध बालू उत्खनन,परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध भी लगातार एक्शन ली जा रही है !इस क्रम में भारी संख्या में अवैध बालू लदे ट्रक-ट्रैक्टर सहित तीन दर्जन से भी अधिक गिरफ्तारियां हुई है !जो लखीसराय जिले की पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है !इन कार्रवाइयों पर एसपी अजय कुमार ने कहा कि आम नागरिकों को भय मुक्त वातावरण के साथ सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराना पुलिस की जिम्मेवारी व कर्तव्य है !साथ हीं विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी !

30 पद के लिए बुधवार को लखीसराय में लगाया जायेगा जॉब कैम्प

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिला समाहरणालय परिसर स्थित जिला नियोजन कार्यालय परिसर में बुधवार को जॉब कैम्प का आयोजन रखा गया है इस संबंध में जिला नियोजन कार्यालय के प्रधान नीतीश कुमार से मिली जानकारी के अनुसार निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण बिहार पटना, उप निदेशक (नियोजन) भागलपुर प्रमंडल भागलपुर एवं सहायक निदेशक नियोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय, भागलपुर के निदेशानुसार जिला नियोजनालय लखीसराय द्वारा दिनांक 18जून को जिला नियोजनालय लखीसराय के प्रांगण में 11:00 बजे पूर्वाह्न से जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के पद के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों को जॉब का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन्हें नवादा एवं लखीसराय में कार्य करने का मौका प्रदान किया जाएगा।

अति पिछड़ा दलित समाज को राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़ना होगा : नीरज गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सोनबरसा कचहरी दुर्गा मंदिर प्रांगण में नीरज गुप्ता के द्वारा चिंतन संवाद का आयोजन किया गया इस संवाद में पिछड़ों अति पिछड़ों एवं दलित के राजनीतिक अधिकार के लिए चर्चा की गई। इस दौरान नीरज गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित समाज को अपने राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़ना होगा उन्होंने कहा कि कोई भी समाज या कोई भी जाति यह नहीं कर सकती है कि एक विधानसभा किसी एक जाति का है, लेकिन आपके और हमारे अधिकारों को नहीं पहचानने के कारण कुछ लोग समाज तथा राजनीतिक दलों को गुमराह करके हमें हमारे अधिकारों से वंचित करने का काम विगत कई वर्षों से करते आ रही है। एक विधान सभा क्षेत्र को किसी एक जाति का बंधुवा मजदूर बनाने का षड्यंत्र करने में सफल हो जाते हैं। एक जाति विशेष की विधानसभा सीट बतलाकर राजनैतिक पार्टी को भी डराने का काम विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। पिछड़ों अतिपिछड़ों और दलितों की आबादी होते हुए भी अधिकारों से वंचित कर दिया जाता है। इसका एक मात्र कारण है कि हम जागरूक नहीं हैं। हमें इस बार सजग होकर अपने अधिकारों को पहचानना है और अपने राजनीतिक अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। जब भी हम अपने अधिकार की बात करने लगते हैं तो हमें केवल आश्वासन देकर ठगने का काम किया जाता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि जब भी संगठन में भी हमारा समाज अपने अधिकारों को मांगते हैं तो वहां भी शोषण ही होता है उसके बदले ऐसे ऐसे चाटुकारों को पदों पर बिठाया जो इस समाज का केवल वोट लेकर शोषण करते आ रहे हैं। वैसे लोगों को मौका दिया जाता रहा है जिसने कभी भी पिछड़ा, अतिपिछड़ा और दलित समाज की परवाह नहीं की, न कभी इनके दुःख दर्द में साथ दिया। ऐसे ही लोगों को हमेशा आयोग से लेकर बोर्ड, विधायक, विधान पार्षद, मंत्री बनाकर इस समाज का शोषण होता आ रहा है। मौके पर पूर्व डीजीपी बी के रवि, वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष कामेश्वर साह, मुखिया संजीव जायसवाल, महेंद्र साह, पूर्व मुखिया मनोज पासवान, मुखिया लक्ष्मण राम, सरपंच दिलीप शर्मा, पूर्व मुखिया नाथो साह, मुखिया अरुण यादव, पूर्व मुखिया इंदल यादव, सरपंच लाल बहुदुर साह, कार्यकम की अध्यक्ष राम सुंदर साहा, लक्ष्मी कांत गुप्ता, पूर्व प्रमुख शंकर शाह, पूर्व मुखिया कामेश्वर यादव, उमेश कुमार अंबुज, सकलदीप मुखिया, रामानंद सागर, अरुण साह, मृत्युंजय यादव, शेख कासिम, पूर्व उप प्रमुख फाल्टू यादव, समिति सदस्य अनिल यादव, पूर्व समिति जोगिंदर यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष शिव कुमार यादव, तरुण यादव, नाथो यादव, वार्ड सदस्य मोहम्मद मुन्ना, मायनद साह, पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र साह, नातेश्वर यादव, मनोज यादव, भूपेंद्र यादव, निगम पार्षद प्रतिनिधि विजय दास मौजूद रहे।

सत्संग से लौट रही महिला को चार चक्का वाहन ने कुचला, मौके पर महिला कि मौत

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के रहुआ तुलसियाही गांव में उस वक्त कोहराम मच गया जब रहुआ गांव निवासी रणजीत राम की पत्नी ऊषा देवी (उम्र 35 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऊषा देवी रोजाना की तरह सुबह सत्संग मंदिर में दर्शन करने गई थीं। दर्शन के बाद जैसे ही वह घर लौट रही थीं, तेज रफ्तार चार चक्का वाहन ने उन्हें कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ऊषा देवी अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को बेसहारा छोड़ गईं हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द वाहन चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की मांग की है।

सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा नव मनोनीत प्रखंड व पंचायत पदाधिकारी को दिया गया मानोनयन पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सिमरी बख्तियारपुर श्री कृष्ण सेवा सदन प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिमरी बख्तियारपुर में कांग्रेस पार्टी के सदस्यों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर इम्तियाज अंजुम के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा प्रभारी मजनू हैदर अली कैस एवं पार्टी सदस्यों के सर्वसम्मति से प्रखंड पदाधिकारियों एवं पंचायत पदाधिकारियों के मनोंनय की घोषणा की गई और सभी मनोनीत सदस्य को मनोनयन पत्र दिया गया। जिसमें प्रियवर सादा, पवन साह, इंद्रदेव यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष, मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन, विष्णुदेव राम, संजू देवी, सूर्यमोहन ठाकुर को प्रखंड महासचिव, धर्मेंद्र शर्मा, उमेश राम, चंदन कुमार सिंह, दीपक झा, इंदल पासवान, अख्तर सिद्दीकी, कुमिया देवी, ताहिर सिद्दीकी, झलकी देवी, कपिलेश्वर दास, शंकर यादव को प्रखंड सचिव एवं बेचन भगत, मोहम्मद तनवीर, प्रमोद चौधरी, मंटू कुमार निषाद, राजेश कुमार राय, नीतीश कुमार यादव, पप्पू मिश्रा, मनोज चौधरी, मदन राम, जयकुमार यादव, मुकेश कुमार, नरेंद्र यादव, अरुण कुमार यादव, अशीन उद्दीन, किशन कुमार सिंह, भगलू सिंह कुशवाहा, मोहम्मद आसिफ राजा, फंटू मुखिया को पंचायत अध्यक्ष एवं यासिर इकबाल को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर इम्तियाज अंजुम ने कहा मनोनीत सभी पदाधिकारी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं हैं और मुझे विश्वास है कि तमाम कांग्रेस पदाधिकारी आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे और अपने महागठबंधन के जो भी उम्मीदवार मैदान में होंगे उनको चुनाव जीतने में अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। प्रखंड प्रभारी मजनू हैदर अली कैसे ने कहा पूरे बिहार में कांग्रेस एक मजबूती के साथ 243 सीटों पर महागठबंधन की उम्मीदवार को जीतने के लिए अपनी टीम को मजबूत कर रही है और आने वाले समय में हमारी महागठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर मौजूद तमाम कांग्रेस जनों ने मनोनीत और प्रखंड पदाधिकारी एवं पंचायत पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी।

5 दिन बाद भी जहर की शिकार बनी कंचन जिंदा है या मुर्दा, मायके वालों और पुलिस को नहीं है कोई अता-पता

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के पतरघट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पस्तपार थाना क्षेत्र के पामा गांव में एक विवाहिता को जहर खिलाने के बाद गांव से इलाज करवाने के बहाने पति व ससुराल वाले के द्वारा गायब कर देने के मामले में घटना के 96 घंटे बीतने के बाबजूद पुलिस का हाथ खाली है। जबकि गायब विवाहिता कंचन की नानी के बयान पर पस्तपार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उनके द्वारा खोजबीन भी की जा रही थी। लेकिन अब तक नतीजा सिफर रहा है। सूत्रों के माने तो बीते गुरुवार को घरेलू विवाद में कंचन जहर का शिकार बनी। जिसके बाद से अब चार दिन बीतने के बाबजूद कंचन गायब है। जिससे पति सहित ससुराल वालों पर शक बढ़ने लगा था। कंचन प्रखंड भाजपा पार्टी के महिला मोर्चा की अध्यक्ष रह चुकी है। उनके पति शशि कुमार सुमन भाजपा के जिला महामंत्री और पतरघट प्रखंड के कार्यान्वयन समिति के सदस्य हैं। कंचन का ससुराल पामा गांव, वार्ड - 2 में है। जबकि उनकी नानी का घर जहां वे बचपन से रहती आ रही है। वह भी पामा गांव के वार्ड - 9 में है। कंचन ने 6 वर्ष पूर्व शशि कुमार सुमन से प्रेम-प्रसंग में शादी की थी। जिसमें एक 2 साल का एक लड़का भी है। उनकी शादी से उनके माता पिता असहमत थे। लेकिन नानी हंसी मेहता की पत्नी संझा देवी ने कंचन को तीन कट्टा जमीन (बसोवास के लिए देकर) शादी करवा दिया। उक्त जमीन पर कंचन घर बना कर पति के साथ रहती थी। कंचन ने वर्ष 2021 का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पामा से पंचायत समिति पद का चुनाव भी लड़ी थीं। चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। पति शशि कुमार सुमन राजनीतिक दल से जुड़े रहने के कारण इन दिनों चर्चा में है। कई प्रखंड स्तरीय पार्टी कार्यक्रम में पति-पत्नी मिलकर उपस्थित होते रहे है। नानी संझा देवी का कहना है कि कंचन का पति इन दिनों कई वार गाली गलौज करते हुए मार-पीट तक किया है। कारण जो भी हो। लेकिन कंचन को पति बेल्ट से पीटता था। जहर की शिकार बनने के बाद शशि की मां कंचन के 2 वर्षीय पुत्र बाबू साहब को लेकर चली गई थी। नानी ने आगे बताया कि कंचन को लेकर रेशना डाक्टर के पास ले गए थे। जहां तक नानी भी साथ में थीं। लेकिन कंचन का स्थिति बिगड़ते देख उन्हें वापस घर भेजवा दिया गया। उसके बाद कंचन को वे लोग कहां ले कर गए। उन्हें पता नहीं नानी सहित कंचन के मायके के अभी लोग चिंतित है। वे सभी कंचन के पति और ससुराल के लोगों को ढूंढ रहे है। लेकिन पति सहित ससुराल वाले जो घर छोड़ कर फरार है। उनका कोई अता पता नहीं है। पामा अपने नैहर कंचन की मां मुनि देवी भी पहुंच चुकी हैं। पस्तपार थाना अध्यक्ष अरमोद कुमार ने बताया कि गायब महिला की नानी के बयान और गवाह में कंचन की मां मुनि देवी की शिकायत को लेकर पति सहित ससुराल पक्ष के परिजनों पर विवाहिता की जहर खिला कर हत्या करने और शव को गायब करने का मामला दर्ज किया गया है। महिला की बरामदगी को लेकर छापामारी की जा रही है।अब इलाके के लोगों के बीच सिर्फ एक ही चर्चा है कि ... पुलिस, कंचन को जिंदा ढूंढती है या मुर्दा। कुछ भी हो पुलिस के लिए चुनौती और पहेली बन गई है।

पन्द्रह दिवसीय रंग कार्यशाला का समापन नाटक मंचन के साथ हुआ संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान के तत्वाधान में नाट्य निर्देशक कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित 15 दिवसीय रंग कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। इससे पूर्व 1 जून से 15 जून तक राजकीय +2 विद्यालय के प्रेक्षागृह में युवा-युवतियों ने प्रसिद्ध नाट्य व नृत्य निर्देशक मिथिलेश राय, रितेश परमार, मोहित मोहन, निहारिका कृष्णा अखौड़ी से नाटक के बारीकियों को सीखा। स्थानीय कला भवन में आयोजित रंग कार्यशाला समापन समारोह सह नाट्योत्सव का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह संस्थान का सराहना करते हुए कहा कि नाट्यकला को अभिव्यक्ति का सक्षम माध्यम माना जाता है। नाट्यकला के माध्यम से व्यक्ति का परिपूर्ण विकास साध्य किया जा सकता है।जीवन के सुख-दुःखात्मक घटनाओं को सृजनशील कलात्मक अभिव्यक्ति का कायालर्प नाट्यकला से स्पष्ट किया जा सकता है। वही संस्थान सचिव वन्दन वर्मा ने मंच संचालन के दौरान कला भवन की जर्जर हालात की ओर विधान पार्षद अजय सिंह का ध्यानाकृष्ट कराया तो उन्होंने इस दिशा में ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समकालीन कवि डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेणु सिंह, मंडन भारती कृषि महाविद्यालय की प्राचार्या अरुणिमा कुमारी, अनुभावानंद स्वामी, संस्थान के मुख्य संरक्षक अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा, चिकित्सक डॉ. शीलेन्द्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार पुष्पम, मुक्तेश्वर मुकेश ने कहा कि चारों और प्रदूषण, आर्थिक मंदी एवं राजनीतिक दलबंदी से हम ट्रस्ट है ऐसे कठिन समय में हमारे लिए नाटक जैसे स्वस्थ मनोरंजन की कितनी आवश्यकता है यह एक सचेतन व्यक्ति ही समझ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल समय में लगातार संस्थान का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इससे पूर्व सृष्टि आनंद ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। वही संस्था द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हबीब तनवीर लिखित व मोहित मोहन निर्देशित नाटक चरणदास चोर का मंचन किया गया।

जिसमें चोर की भूमिका राज कुमार राजा, रानी- नीतू कुमारी, हवलदार- शिंकु कुमार, सेठानी- निशि, मालगुजार-प्राची, बाबा- नाजिम नेहाल, शराबी, पुरोहित- अब्दुल कलाम, किसान- ओमप्रकाश, गंजेड़ी- सुंदरम, जुआरी- कृष्णा, मुनीम- सत्यम, मंत्री-शुभम, बेटा, बेटी- लक्ष्य वर्मा, काव्या, मंगलू- मयंक, दासी- मनीषा, चेला- अमित ने अपने-अपने पात्रों को वखूबी निभाया। नाटक में संगीत संयोजन जेके अमर, सुमन कुमार व शंकर बिहारी ने किया। वही निहारिका कृष्णा अखौड़ी के निर्देशन में नीतू कुमारी, आकांक्षा आजाद, सृष्टि आनंद, निशी कुमारी, प्राची प्रिया, मनीषा शर्मा, खुशी आनंद, अदिति कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, हिमांगी रंजन, अनु गुप्ता, शोमिका वर्मा, काव्या श्री ने लोक नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति से समा बांध दी। गया से आये जादूगर अमन कुमार ने अपनी जादू से लोगों को खूब गुदगुदाया। कार्यशाला में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को सफल व आकर्षक बनाने में चंदन वर्मा, राहुल गौरव, सुदर्शन कुमार, साकेत झा, निभाष कुमार, मनीष मुस्कान, राघव झा, पुरुषोत्तम आदि ने भरपूर सहयोग किया। धन्यवाद करते हुए संस्थान सचिव वन्दन वर्मा ने विशेष सहयोग के लिए डॉ. सुनील पुष्पम, डॉ. शीलेन्द्र कुमार, राजकीय +2 विद्यालय के प्राचार्य कपिलदेव यादव सहित उपस्थित अतिथियों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के राजस्व हाट के समीप देर रात युवक की गोली मारकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के राजस्व हार्ट के समीप देर रात नकाबपोश अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दिया है बताया जाता है कि मर गया युवक जेल में बंद मुखिया पति दुलो मंडल का चचेरा भाई है घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बरकरार है बरियारपुर थाना पुलिस घटना को लेकर सतर्क होकर क्षेत्र में कैंप कर रही है। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि बरियारपुर में स्टैंड विवाद के कारण नकाबपोश बदमाशों ने घटना को अनजाम दिया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित महादेवा हाट के समीप रविवार की देर रात एक युवक की गोली मार दी जब वह घर लौट रहा था । गंभीर अवस्था में स्वजनों ने स्थानीय निजी नर्सिंग होम ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मारा गया युवक महादेवा निवासी नेपाली मंडल का पुत्र (26)आशीष मंडल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की वजह का पता नहीं लग सका है। गोली का शिकार हुआ युवक जेल में बंद मुखिया पति दुलो मंडल का चचेरा भाई है। मुखिया पति दो वर्ष पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड मामले में जेल में है। परिजनों ने बताया की अपराधियों ने छःकी संख्या मे दो मोटर साईकिल पर सवार होकर घटना का अंजाम दे मोटरसाइकिल पर सवार हो भागने मे सफल रहा। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने घर के समीप गोली मारी है। बताया जाता है कि युवक मछली आढ़त से घर जा रहा था। घर में प्रवेश करने से पहले ही अपराधियों ने गोली मारी दी। वहीं मृतक के भाई ने बताया कि स्टैंड विवाद को ले उसके भाई की हत्या की गई है। जिसमें गोविंदा मंडल सहित पांच अपराधी शामिल है ।

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक की

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार को सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने के निर्देश के आलोक में सोमवार को संग्रहालय सभागार में सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को बैठक में निर्धारित समय तक उपस्थित हो जाना है, बैठक प्रारंभ होने के पश्चात आने वाले अधिकारी अनुपस्थित समझे जाएंगे तथा उन्हें स्पष्टीकरण देना होगा।सोमवार की बैठक में भी कई अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में ससमय उपस्थित होते हुए अपने अधिनस्थ सभी कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन करें। निर्धारित कार्यालय अवधि में विलंब से आने वाले कर्मियों से ससमय आने का निर्देश दें तथा ससमय न आनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में विगत सप्ताह हुए बैठक की प्रगति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता द्वारा सीडब्लूजेसी, सीएम डैशबोर्ड, जिला जनता दरबार, सीपीग्राम सहित अन्य विभाग में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अगले सप्ताह स्वयं सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे, इस लिए आप सभी अपने अपने कार्यालयों में लंबित सभी मामलों को निष्पादित कर लें। अद्यतन प्रतिवेदन में ज्यादा लंबित मामलों वाले अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा तथा स्पष्टीकरण भी पूछा जाएगा। इस लिए आप सभी उक्त सभी मामलों के अतिरिक्त कार्यालय में प्राप्त होने वाले मामलों को तत्काल संज्ञान में लें और त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों का निष्पादन करें। किसी भी विभाग अथवा कार्यालय में प्राप्त आवेदनों के लंबित मामलों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आरटीआई, मानवाधिकार, जन शिकायत, लोकायुक्त, सीएम डैशबोर्ड, लोक शिकायत आदि विभागों में प्राप्त आवेदनों के लंबित स्थिति की समीक्षा की जाएगी। पूर्व से लंबित आवेदनों को शीघ्र खत्म करें और वर्तमान प्राप्त आवेदनों को भी कम से कम समय में निष्पादित करें। इस अवसर पर एडीएम पीजीआरओ अनिल झा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन डा. रामप्रवेश प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

सहरसा सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्र के महमदपुर पंचायत के रूद्र स्थान ऐनी गांव स्थित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश शोभा यात्रा से प्रारंभ किया गया। यात्रा में गांवों के 51 कलश के साथ कन्याएं महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओ द्वारा लगाए जा रहे विभिन्न देवी-देवताओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बैंड बाजे और घोड़े के साथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु यज्ञ स्थल से प्रारंभ हो कर समस्त पंचायत का भ्रमण करते बाबा मटेश्वरधाम पहुँचा वहां से श्रद्धालु ने कलश में जल लेकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल परिसर पहुंचे। आचार्य पंडितो द्वारा बेदी पूजन संपन्न हुआ।

प्रगति यात्रा में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिला के समेकित विकास प्रयोजनार्थ की गई घोषणाओं की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में ज्ञात हो की विगत 23 जनवरी को सम्पन्न प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा तिलावे नदी के उड़ाही, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज तंत्र के विकास, मां उग्रतारा धाम क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने, प्रमंडल स्तरीय खेल परिसर के विकास, शहर अंतर्गत बंगाली बाजार में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, सत्तर कटैया प्रखण्ड के ओकाही ग्राम से चैनपुर होते हुए कोपरिया तक वाटर चैनल की उड़ाही, बनमा ईटहरी एवं सतरकटैया में प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निर्माण एवं जिलांतर्गत वर्तमान हवाई अड्डा पर छोटे विमानों के संचालन हेतु उड़ान योजना में इसे शामिल करने हेतु केंद्र सरकार से अनुरोध। समीक्षात्मक बैठक के दौरान उक्त वर्णित घोषणाओं के प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उक्त वर्णित घोषणाओं के संदर्भ में शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार, निदेशक डीआरडीए, सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, जिला खेल पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की अद्भुत खोज एक तारा, दो ग्रह - अलग मिजाज

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

जब हम अंतरिक्ष की ओर देखते हैं, तो हमें वहां असीम विस्तार, अज्ञात रहस्य और अनगिनत तारे दिखाई देता हैं। लेकिन इन तारों के बीच कुछ ऐसे होते हैं, जिनके आसपास नवगठित ग्रह अपनी परिक्रमा में होते हैं, नए जीवन की संभावनाओं और ग्रह निर्माण की प्रक्रिया को समझने की कुंजी लिए हुए। हाल ही में नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (एरअ) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी (उरअ) द्वारा संचालित जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (खहरळ) ने ऐसी ही एक अद्भुत खोज किया है, जहां एक ही तारे, वाईएसईएस-1 (रएर-1) के पास दो नवजात, गैसीय ग्रहों की अलग-अलग प्रकृति सामने आई है। वाईएसईएस-1, यह नाम जितना सरल लगता है, उतना ही असाधारण है यह तारा। यह हमारी पृथ्वी से लगभग 310 प्रकाश-वर्ष की दूरी पर स्थित है, यानि करीब 3,000 खरब किलोमीटर दूर। यह ब्रह्मांडीय दूरी सामान्य समझ से परे है, लेकिन तकनीक के अद्भुत विकास और खहरळ की इंफ्रारेड दृष्टि के कारण अब यह तारा और इसके आस-पास जन्म ले रहे ग्रह हमारे वैज्ञानिकों की नजरों में आ चुका हैं। इस तारे के चारों ओर दो नवजात ग्रह मौजूद हैं, वह है वाईएसईएस-1 बी और वाईएसईएस-1 सी, दोनों ही विशाल गैसीय ग्रह हैं, जिसकी प्रकृति एक-दूसरे से बिल्कुल भिन्न है। यह खोज अपने आप में ऐतिहासिक है, क्योंकि अब तक खोजे गए 5,900 एक्सोप्लैनेट्स में से केवल 2% को ही उनकी शैशवावस्था में प्रत्यक्ष देखा जा सका है। इस तरह की खोज कोई सामान्य घटना नहीं होती है। यह इसलिए संभव हो सका है क्योंकि यह दोनों ग्रह अपने तारे से अपेक्षाकृत बहुत दूर स्थित हैं, सूर्य और नेपच्यून की दूरी से भी 5 से 10 गुना अधिक। आम तौर पर तारा इतना चमकदार होता है कि उसके आसपास के ग्रहों को देखना असंभव हो जाता है, लेकिन इतनी दूरी के कारण तारे की रोशनी खहरळ के अवलोकन में बाधा नहीं बनी। खहरळ की इंफ्रारेड तकनीक, और विशेषकर हाई-रेजोल्यूशन स्पेक्ट्रोस्कोपी, ने इन ग्रहों के वायुमंडल में उपस्थित अणुओं की जानकारी प्रदान की। वैज्ञानिकों को इनमें सिलिकेट कण, पानी, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड जैसे महत्वपूर्ण घटक मिला हैं। वाईएसईएस-1 बी अपने तारे के करीब स्थित ग्रह है, और इसका भार सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति (ख४स्र३ी१) से 14 गुना अधिक है। इसके चारों ओर एक पतली धूल की डिस्क पाई गई है, जिसे ग्रह निर्माण की अंतिम अवस्था माना जा रहा है। वायुमंडलीय विशेषता है कि पानी और कार्बन मोनोऑक्साइड की पुष्टि, संभवतः जीवन के प्रारंभिक आवश्यक तत्व, तापमान अपेक्षाकृत अधिक और धूल की उपस्थिति इस ग्रह को एक निमार्णाधीन ग्रह के रूप में दर्शाती है यह ग्रह बताता है कि कैसे गैसीय ग्रह बनने के क्रम में धूल और गैस की परतें धीरे-धीरे एक ठोस आकार ग्रहण करती हैं, और इसके बाद एक स्थिर ग्रह अस्तित्व में आता है। वाईएसईएस-1 सी थोड़ा दूर स्थित ग्रह है और इसका भार बृहस्पति से 6 गुना अधिक है। इसकी सबसे आश्चर्यजनक विशेषता है सिलिकेट क्लाउड्स, यानि बेहद बारीक रेत जैसे कणों से बने बादल। यह अपने आप में एक चौंकाने वाली खोज है। इन बादलों की रचना ऐसी है, मानो यहां रेत की बारिश होती हो। वैज्ञानिकों ने यहां मीथेन, पानी, कार्बन मोनोऑक्साइड और डाईऑक्साइड जैसे अणुओं की मौजूदगी दर्ज किया है। यह ग्रह एक ठंडी, रहस्यमयी और अपेक्षाकृत धीमी विकास प्रक्रिया में है। यह एक ऐसा ग्रह है जो गैसीय ग्रहों के दूसरे प्रकार की विकास प्रक्रियाओं को समझने का अवसर देता है। सदियों से खगोलशास्त्री यह मानते आए हैं कि ग्रह निर्माण एक सामान्य प्रक्रिया है, जो तारे के चारों ओर धूल और गैस के घूर्णन से शुरू होकर समय के साथ एक निश्चित दिशा में जाता है। लेकिन वाईएसईएस-1 के ये दो ग्रह इस मान्यता को झकझोरता हैं।

सड़कें : जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी

नितिन गडकरी

साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को ह्यविश्वगुरुह्ल बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को ह्यविश्वगुरुह्ल बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है। भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, उड़ने वाली बसों का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा। नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ.30 सेकंड के लिए रुकेगी। ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की जरूरत होती है! सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9% और कार की बिक्री में 10.4% की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार के कई अवसरों का भी सृजन किया है ।

आओ खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों संबंधों की कद्र करें

मेरा मानना है कि इसका सबसे मजबूत कारण मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप है, चूंकि सामने वाला व्यक्ति, कहना कुछ चाहता है, हम समझते कुछ हैं, और हो कुछ और जाता है इसलिए सबसे पहले हमें उस अंडरस्टैंडिंग के अंदाज को समझने की जरूरत है, जिस लहजे में हमसे बोला जा रहा है, अगर हम यह तकनीक सीख गए तो मेरा पूरा विश्वास है हमारे रिश्ते नाते हमेशा दूर-दूर तक साधारण वह मजबूत रहेंगे। अवस्था में रहेंगे और हमें खुशियां मिलेगी क्योंकि खुशियों के लिए हमारे द्वारा बनाए संबंधों रिश्तो नातों को मजबूत स्वस्थ और खुशहाल बनाना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिश्तो के बिना जीवन बेकार है रिश्तो पर ध्यान देने की जरूरत है, खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका हैं।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

(लेखक)

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां रिश्तोंनातों की बहुत गहराई से कद्र होती है, जो कि आदि अनादि काल से ही भारत की मिट्टी में समाया हुआ है, इसलिए जो मानव भारत की मिट्टी पर पैदा हुआ है उसमें प्राकृतिक रूप से उसके मन में रिश्ते नातों, संबंधों की कद्र करना समा जाता है, परंतु समय का तकाजा है, उसके चकरे के घूमने से कई चीजें न केवल बदल जाती है, बल्कि व्यक्ति विशेष का स्वभाव, अंदाज, आदत तो छोड़ो लेकिन उसके जीवन की दिनचर्या ही बदल जाती है जिसमें उसके रिश्ते नाते संबंधों में दरार आने लगती है, जिससे वह व्यक्ति खुशीयों की खूबसूरत लकीर से हटकर अकेलापन और दुख की ओर चल पड़ता है। मेरा मानना है कि इसका सबसे मजबूत कारण मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप है, चूंकि सामने वाला व्यक्ति, कहना कुछ चाहता है, हम समझते कुछ हैं, और हो कुछ और जाता है इसलिए सबसे पहले हमें उस अंडरस्टैंडिंग के अंदाज को समझने की जरूरत है, जिस लहजे में हमसे बोला जा रहा है, अगर हम यह तकनीक सीख गए तो मेरा पूरा विश्वास है हमारे रिश्ते नाते हमेशा दूर-दूर तक साधारण वह मजबूत रहेंगे। अवस्था में रहेंगे और हमें खुशियां मिलेगी क्योंकि खुशियों के लिए हमारे द्वारा बनाए संबंधों रिश्तो नातों को मजबूत स्वस्थ और खुशहाल बनाना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिश्तो के बिना जीवन बेकार है रिश्तो पर ध्यान देने की जरूरत है, खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका हैं। खुशहाल रिश्तों नातों को मजबूत करने नजरअंदाजी झुकना व समर्पण का भाव होना अत्यंत जरूरी हैं। साथियों बात अगर हम अपने जीवन में रिश्तों नातों को निभाने की करें तो, व्यक्ति के जीवन में उसका परिवार, दोस्त और रिलेटिव सबसे ज्यादा करीब होते हैं। रिश्ता चाहें जो भी हो, उसे निभाने के लिए कई जरूरी बातों का ख्याल रखना होता है। परिवार में हर व्यक्ति की सोच और स्वभाव एक दूसरे से अलग होती है, लेकिन फिर भी सभी घर में एक दूसरे के साथ बैलेंस बनाकर चलते हैं। कई बार व्यवहार बिल्कुल अलग होने और सोच एक दूसरे से न मिलने के कारण रिश्ते खराब हो जाते हैं और कई बार टूट भी सकते हैं, ऐसा कोई नहीं चाहता कि उनका रिश्ता उनके करीबियों से खराब हो जाए या टूट जाए, इसलिए अपने किसी भी रिश्ते में लापरवाही या नासमझी नहीं करनी चाहए। रिश्तो को खुशहाल रखने के लिए इन बातों को रेखांकित करना जरूरी है। (1) इज्जत और सम्मान करें-रिश्ता चाहें माता पिता से हो या दोस्तों से हो, उसकी मयार्दा को हमेशा याद रखना चाहिए, कोई भी रिश्ता बिना सम्मान के ज्यादा दिन नहीं टिक पाता है अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे की इज्जत करना बेहद जरूरी है। (2)भरोसा करें और ईमानदार रहें-दुनियां के हर रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है। भरोसा कमजोर पड़ते ही सालों पुराने और खून के रिश्ते भी टूट जाते हैं, इसीलिए हमको अपने किसी भी रिश्ते में बेवजह शक नहीं करना चाहिए और अपनों का भरोसा कभी नहीं तोड़ना चाहिए। (3) इन चीजों को करने से बचेंरोक-टोक ना करें-हर समय की रोक-टोक किसी भी व्यक्ति को परेशान कर सकती है और वे आपसे धीरे धीरे दूर हो सकते हैं, इसीलिए बेवजह बात बात पर रोक टोक ना करें और सामने वाले को उनका पूरा समय देने की कोशिश करें। (4) मिसकॉम्युनिकेशन से बचें-किसी भी रिश्ते में कम्युनिकेशन गैप आने से रिश्ते खराब हो जाते हैं, इस स्थिति से बचने के लिए मन में कोई बात ना रखें और खुलकर बात करें और दूसरो को भी अपने मन की बात कहने का मौका दें। साथियों बात अगर हम रिश्ते खराब होने के कारणों की करें तो, जब जब किसी रिश्ते के बीच में मैं का भाव आ जाता है तो है रिश्ता खराब होना निश्चित होता है, उसरिश्ते को तब तक नहीं बचाया जा सकता जब तक की मैं का भाव मिटा न दिया जाए। और यह हमारी आपसी तालमेल पर ही निर्भर करता है कभी हम अपनी गलती माने, कभी सामने वाला अपनी गलती माने, इसी प्रकार से जिंदगी खुशी पूर्वक चलती रहती है। परंतु यदि हम यह सोच कर बैठ जाएंगे कि हम तो गल्ती करते ही नहीं, तो फिर रिश्ता निभाना मुश्किल हो जाएगा। कई बार हमको उस बात के लिए भी सामने वाले से माफी मांग लेनी चाहिए, जिसमें कि हमारा कोई दोष नहीं है, क्योंकि कभी-कभी यह समय की आवश्यकता होती है और बाद में सही समय पर उस व्यक्ति को उसकी गलती का एहसास दिलाया जा सकता है। परंतु यदि अभी लड़ाई चल रही है और हम भी अपनी बात पर अड़ गए, तो फिर विवाद का अंत होना संभव ही नहीं है, विवाद बढ़ता ही चला जाएगा और यह स्थिति हमारे जीवन में अशांति और क्लेश घर कर जाएगा। एक सफल रिश्ते की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है, विश्वास और एक दूसरे पर भरोसा, इसे कभी भी नहीं टूटने देना चाहिए, क्योंकि यदि एक बार किसी का भरोसा आप पर से उठ गया, तो यकीन मानिए फिर दोबारा से उस व्यक्ति को भरोसे में ला पाना असंभव ही होता है वह हमेशा हमें शक की दृष्टि से ही देखेगा। यदि एक बार हमारे जीवन में शक नामक घुन लग गया तो यकीन मानिए फिर वह हमको तबाह करके ही छोड़ता है। पुरानी कहावत है लव रिक्वायर्स टोलरेंस। इसका सीधा अर्थ है प्यार में नजर अंन्दाजी यानि झुकना जरुरी है। यानि अगर झुकोगे नहीं, तो टूट जाओगे(रिश्ता खत्म)। तलाक के 90 प्रतिशत मामले अकड़ का नतीजा होते हैं। दोनों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं होता। इसलिए रिश्ता टूट जाता है। गलती हुई है, तो सॉरी बोलिए। बात को खत्म करिये। नजर अन्दाज करने की आदत डालिये। छोटी सी गलती को तूल देना अच्छा नहीं!अगर रिश्ता पति पत्नी का है, तो न कोई छोटा है, न कोई बड़ा। टोकरी शहतूत के पेड़ की टहनी से इसलिए बनती है कि उसमें लचक होती है। वह मोड़ने पर टूटती नहीं। यानि जो व्यक्ति झुकना नहीं जानता, वह टूट जाता है। इसलिए रिश्ता जिन्दा रखना है, तो झुकना सीखें वरना, एक दिन राख के ढेर में यादों को तलाशते रहजाएंगे। रिश्तों में एक दूसरे को स्पेस देना बहुत जरूरी है। क्योंकि जब तक हम उनसे दूर नहीं जाएंगे वो आपकी कमी को कभी महसूस नहीं कर पाएंगे। और अगर रिश्तों को बेहतर बनाने की सोच से हम नजदीकियां बढ़ाएगे तो कहीं उलटा ही ना हो जाए, क्योंकि ज्यादा मिठास भी शुगर कर देती है, हाहाहा...। इसलिए थोड़ी दूरियां बनाइये ताकि हमारी कमी उन्हें महसूस हो, हमको याद करने का उन्हें अवसर दे।

संकीर्ण जीवन-दृष्टि और टूटती नैतिक रीढ़

यदि कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है, तो उसे अपने समाज में स्वतः ही सफल माना जाने लगता है, भले ही उस सफलता के पीछे बेईमानी, छल-कपट, शोषण या नैतिक गिरावट क्यों न हो। यह धारणा कि साध्य ही सब कुछ है, साधन की परवाह नहीं, अब आम होती जा रही है। इस विचारधारा ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, संवेदना और कर्तव्य जैसे नैतिक मूल्यों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज का समाज एक ऐसे व्यक्तिवाद का शिकार है जहाँ मैं ही प्राथमिक है,हम का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। यह आत्मकेन्द्रिकता हर क्षेत्र में दिखाई देती है—शहरी नियोजन से लेकर पारिवारिक ढांचे तक। बड़े-बड़े शहरों में सामूहिक स्थानों, खेल मैदानों, पुस्तकालयों और सार्वजनिक चौपालों की संख्या घट रही है। लोग एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं, संवाद सीमित होता जा रहा है और सामाजिक जुड़ाव केवल डिजिटल नेटवर्कों तक सिमट कर रह गया है। यहां तक कि त्योहार और पारिवारिक आयोजन भी अब फोटो-ऑप बनकर रह गए हैं,



डॉ. सत्यवान सौरभ

(लेखक)

वर्तमान जीवनशैली में सफलता का पैमाना केवल संपत्ति, आलीशान घर, ब्रांडेड कपड़े और कारों में निहित है। यदि कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है, तो उसे अपने समाज में स्वतः ही सफल माना जाने लगता है, भले ही उस सफलता के पीछे बेईमानी, छल-कपट, शोषण या नैतिक गिरावट क्यों न हो। यह धारणा कि साध्य ही सब कुछ है, साधन की परवाह नहीं, अब आम होती जा रही है। इस विचारधारा ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, संवेदना और कर्तव्य जैसे नैतिक मूल्यों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज का समाज एक ऐसे व्यक्तिवाद का शिकार है जहाँ मैं ही प्राथमिक है,हम का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। यह आत्मकेन्द्रिकता हर क्षेत्र में दिखाई देती है—शहरी नियोजन से लेकर पारिवारिक ढांचे तक। बड़े-बड़े शहरों में सामूहिक स्थानों, खेल मैदानों, पुस्तकालयों और सार्वजनिक चौपालों की संख्या घट रही है। लोग एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं, संवाद सीमित होता जा रहा है और सामाजिक जुड़ाव केवल डिजिटल नेटवर्कों तक सिमट कर रह गया है। यहां तक कि त्योहार और पारिवारिक आयोजन भी अब फोटो-ऑप बनकर रह गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर दिखाना होता है, न कि किसी भी प्रकार की वास्तविक आत्मीयता साझा करना। भौतिकता के इस अंधे दौड़ में तात्कालिक सुख को दीर्घकालिक भलाई पर प्राथमिकता दी जा रही है। संयम, अनुशासन और तप की भावना कमजोर पड़ती जा रही है। सोशल मीडिया, उपभोक्ता वस्तुओं और बाजारवादी प्रचार के जरिए यह धारणा पक्की कर दी गई है कि अधिकतम उपभोग ही सुख का पर्याय है। लोग तुरंत मिल रहे संतोष में इतना लिप्त हो चुके हैं कि आत्म-संयम, आत्मनिरीक्षण और दीर्घकालिक दृष्टिकोण जैसी प्रवृत्तियाँ हास्यास्पद प्रतीत होती हैं। उपभोग के निर्णयों में नैतिकता का कोई स्थान नहीं बचा है। हम जो पहनते हैं, खाते हैं या उपभोग करते हैं—उसके पीछे की कहानी, चाहे वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली हो या किसी मजदूर के शोषण की, हमें प्रभावित नहीं करती। उदाहरण के लिए, फास्ट फैशन का उद्योग आज भी फल-फूल रहा है, भले ही हम सबको पता है कि इसमें कैसे सस्ते श्रम और पर्यावरणीय संसाधनों का दोहन होता है। नैतिक उपभोक्तावाद आज भी केवल कुछ सीमित वर्गों तक सिमटा हुआ है। इस सोच का परिणाम है कि समाज में नैतिक मूल्यों का क्षरण तीव्र गति से हो रहा है। लोग अब परिणामों को ही सब कुछ मानते हैं—उस परिणाम की प्राप्ति की प्रक्रिया चाहे जितनी भी अपारदर्शी या अनैतिक क्यों न हो। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि कॉर्पोरेट दुनिया, राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा, और मीडिया जैसे हर संस्थान में दिखती है। जब लाभ की भूख नैतिक सीमाओं को लांघती है, तब कॉर्पोरेट घोटाले जन्म लेते हैं, नेताओं की ईमानदारी संदेह के घेरे में आती है और शिक्षा की पवित्रता पर व्यापार हावी हो जाता है। नैतिक मूल्यों का ह्रास केवल संस्थागत नहीं है—व्यक्तिगत स्तर पर भी सहानुभूति और करुणा कम होती जा रही है। आज का व्यक्ति अपने लक्ष्य की पूर्ति में इतना डूबा हुआ है कि उसे पड़ोसी की पीड़ा, बुजुर्गों की उपेक्षा, या मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यह संवेदनहीनता धीरे-धीरे समाज को ऐसे व्यक्तियों का समूह बना रही है जो साथ रहते हुए भी अकेले हैं, और जिनके बीच आत्मीयता नहीं, केवल उपयोगिता का संबंध रह गया है। साथ ही, नैतिक सापेक्षवाद का चलन भी बढ़ा है। जो चीजें पहले स्पष्ट रूप से सही और गलत मानी जाती थीं, अब उन्हें परिस्थितियों के अनुसार उचित या अनुचित ठहराया जाने लगा है। परीक्षाओं में नकल करना, कार्यस्थलों पर झूठ बोलना, रिश्वत देकर काम करवाना—इन सबको अब ह्लसिस्टम का हिस्साह्व मान लिया गया है। यह विचार कि ह्लअगर सब कर रहे हैं, तो मैं क्यों नहीं?ह्व एक सामूहिक नैतिक पतन का संकेत है। यह सब केवल सामाजिक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी खतरनाक है। जब जीवन का उद्देश्य केवल अधिक से अधिक उपभोग बन जाता है, तो संसाधनों का दोहन अपरिहार्य हो जाता है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, जैव विविधता का विनाश—ये सब इसी ह्लअच्छे जीवनह्व की भ्रामक परिभाषा के दुष्परिणाम हैं। यह विडंबना ही है कि हम एक ऐसा जीवन जीने की कोशिश कर रहे हैं जो पृथ्वी के भविष्य को ही अंधकारमय बना रहा है। आज की स्थिति यह है कि नैतिकता अब केवल ब्रांडिंग का एक उपकरण बन गई है। बड़ी-बड़ी कंपनियाँ और संस्थाएँ ह्लकॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वह्व के नाम पर कुछ घटनात्मक कार्यक्रम करके अपने दामन को उजला दिखाने का प्रयास करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर परिवर्तन नहीं होता। यह ह्लसतही नैतिकताह्व समाज को धोखा देने के साथ-साथ आत्मप्रवंचना को भी जन्म देती है। यदि हमें इस गिरावट को रोकना है और एक संतुलित, करुणामय तथा नैतिक समाज की ओर बढ़ना है, तो हमें ह्लअच्छे जीवनह्व की धारणा को पुनर्परिभाषित करना होगा। जीवन की सफलता को केवल संपत्ति और प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उद्देश्य, सद्गुणों, सहानुभूति और सामूहिक भलाई से जोड़ना होगा। इस दिशा में कुछ परंपरागत दर्शन—जैसे बौद्ध धर्म, गांधीवाद और जैन दृष्टिकोण—महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। ये परंपराएँ आंतरिक संतुलन, अपरिग्रह, और नैतिक अनुशासन को जीवन की सफलता का आधार मानती हैं। एक अच्छा जीवन वह है जो केवल अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी जिया जाए। जिसमें सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आत्म-संयम हो। जहाँ हम जो उपभोग करें, वह जिम्मेदारी के साथ करें—यह सोचकर कि हमारे निर्णय दूसरों को, प्रकृति को और आने वाली पीढ़ियों को कैसे प्रभावित करेंगे। सरकार द्वारा शुरू किया गया ह्ललाइफह्व (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) जैसे अभियान इस दिशा में एक सकारात्मक प्रयास हैं, परंतु इनका प्रभाव तभी होगा जब वे समाज के हर वर्ग तक नैतिक चेतना के साथ पहुँचें।

सरकार की लापरवाही से यात्राओं में जोखिम

देश में यात्रा करना कितना जोखिम भरा हो चुका है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण अहमदाबाद में 12 जून को हुआ विमान हादसा है। जिसमें विमान सवार यात्रियों में एक को छोड़ बाकी सभी 241 लोगों की जान चली गई और जिस बी जे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां और आसपास की सड़कों पर मौजूद कई लोग इसमें मारे गए। कम से कम 279 लोगों की मौत बताई जा रही है, हालांकि आंकड़ा और बढ़ सकता है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो हादसे के सही कारण की पड़ताल हो रही है। इस बीच सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। लेकिन इस समिति के जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, क्या उनसे भविष्य के लिए कोई सबक लिया जाएगा, यह विचारणीय है। क्योंकि उत्तराखंड में रविवार सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट समेत सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जब से चारधाम यात्रा शुरू हुई है, उत्तराखंड में इस तरह के कम से कम पांच हादसे हो चुके हैं। 8 मई को हुए ऐसे ही एक हादसे में 6 लोगों की जान गई थी। ये भी सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि उड़ान के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता। इधर 9 जून को मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़ अधिक होने से कम से कम पांच लोग पटरी पर गिरकर मर गए। सड़क दुर्घटनाओं का तो कोई ओर-छोर ही नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग या तो मारे जाते हैं या फिर बुरी तरह घायल होते हैं। जो पैदल चलते हैं, सड़कें उनके लिए भी सुरक्षित नहीं हैं। इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की जगह सरकार की पूरी दिलचस्पी फोटो खिंचाने और बड़े-बड़े दावे करने में दिखाई देती है। अहमदाबाद हादसे के अगले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें आई हैं, एक तस्वीर में ऊपर विमान का हिस्सा लटका हुआ है, श्री मोदी सिर उठाकर उसे देख रहे हैं और ये तस्वीर से नीचे से ऊपर खींची गई है, यानी इसके लिए फोटोग्राफर को लगभग लेट कर फोटो खींचनी पड़ी होगी। इसे देखकर लगा कि प्रधानमंत्री के लिए हर हाल में अलग-अलग एंगल से फोटो खिंचवाना कितना जरूरी है। वे चाहे गुफा में ध्यान लगाएं, विवेकानंद मेमोरियल में मौन चिंतन करें, केदारनाथ के दर्शन के लिए चढ़े या विमान हादसे का मुआयना करें, तस्वीरों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। और जहां तक दुर्घटनाओं का सवाल है तो गृहमंत्री अमित शाह कह ही चुके हैं कि दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन क्या गृहमंत्री ब्रिटेन को भी ऐसा ही बोल सकते हैं, क्योंकि वह भी अपने नागरिकों की मौत की जांच करना चाहता है। ब्रिटेन तो सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। अभी दिल्ली के चिड़ियाघर तक को अंबानी के हवाले करने की योजना बना ली गई है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा। विपक्ष तो काफी अरसे से इन सवालों को उठा रहा है। लेकिन हर बार देश दुख में है, जैसे बहाने से सरकार सवालों को टालती है। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति रमेश विश्वासकुमार की जान बची, तो इस पर बेतुके सवाल होने लगे कि जब प्लेन गिर रहा था तो वे बाहर कैसे कूदे। इसी तरह आर्यन असारी नाम के छात्र ने विमान का गिरते हुए वीडियो बनाया तो उसे भी पुलिस पूछताछ के लिए ले गई, जबकि वह अपने गांव से पढ़ने आया था और हवाई जहाजों के वीडियो बनाकर अपने दोस्तों को दिखाना चाहता था। इस हादसे पर बाबा रामदेव ने कहा कि मुझे पता चला है कि विमान के रखरखाव और सेवा का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है। रामदेव के एक बेतुके आरोप ने भारत की जबरन किरकिरी करा दी। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। उधर हिंदुत्व का खेल भी शुरू हो गया है कि इस हादसे में एक भगवतगीता बच गई। आज तक की पत्रकार श्वेता सिंह तो बाकायदा उसे प्रणाम करते दिखीं। अच्छी बात है कि एक किताब नहीं जली, लेकिन क्या ये सूचना उन दुखद कहानियों से बढ़कर है जो कम से कम दो सौ परिवारों का सच बन चुकी है।

मुख्य नाले के सकरी स्थानों की तल से सफाई में लगाए और मैनुअल मजदूर: गरिमा

बरसात की धमक के बीच पोकलेन व जेसीबी से हो रही मुख्य नाले की जगह जगह सफाई का महापौर ने किया निरीक्षण

● एनएच 727 के भगवती नगर पुल के अंदर जमे सिल्ट व कचरे की पोकलेन मशीन से की गई तल में घुसकर विशेष सफाई

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। गरजते मेघ और बरसात की धमक के बीच पोकलेन व जेसीबी से हो रही मुख्य नाले की जगह जगह जारी विशेष सफाई/उड़ाही का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने निरीक्षण किया। महापौर की उपस्थिति में एनएच 727 के भगवती नगर पुल के अंदर जमे सिल्ट व कचरे को पोकलेन मशीन के माध्यम से नाले की तल में घुसकर विशेष सफाई की गई। मौके पर महापौर ने बताया कि मौसम का बदलते मिजाज के बीच बरसात में जल निकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। सघन शहरी क्षेत्र की जल निकासी के लिए बसंत बिहार और रेलवे लाईन होते हुए अंधरी चौहरी पुल तक के मुख्य नाला से तेज जल निकासी व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाया जा रहा है।

तरैया से पटना जा रही अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 8 घायल: ड्राइवर फरार

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर (सारण), एस एच 73 अमनौर सोनहो मुख्य पथ के बीच खोरी पाकर गोविंद पेट्रोल पम्प के पास रविवार की देर रात्रि करीब 2:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तरैया के छोटा माधवपुर से पटना जंक्शन के लिए जा रहे थे।अचानक गाड़ी खोरी पाकड़ गोविंद पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में वाहन में सवार सभी चालक समेत आठ लोग घायल हो गए, वहीं गाड़ी का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, ड्राइवर को नींद के झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। घायलों में गुलवासा खातून (25), मोहम्मद अशफाक के 9 वर्षीय पुत्र आशिकी अशफाक, आसिफ राजा, मंजूर आलम की 60 वर्षीय पत्नी असतुन निशा, मोहम्मद रूमान के 18 वर्षीय पुत्र अब्दुल रेहान, मोहम्मद अशफाक के दो वर्षीय पुत्र अलादीन राजा, और 65 वर्षीय मंजूर आलम शामिल हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है सभी घायलों में किसी के हाथ तो किसी के पैर किसी के रीढ़ की हड्डी टूट गई है घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।डॉक्टर ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया प्रत्यक्ष दर्शी पूर्व जिला पार्षद मुन्ना बैठा ने बताया कि रात्रि में अचानक जोरदार ठोकर लगने की आवाज सुनाई पड़ा।लोग आनन फानन में दौड़े गाड़ी में सभी लोग दबे हुए थे।गाड़ी के परखचे उड़ गई थी। जोर जोर से चीत्कार मारकर रो रहे थे।लोगों ने बड़ी मसक्कत से सबको निकाल कर अस्पताल पहुँचाया। हादसे की सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने अपनी सूझबूझ और सतर्कता का परिचय देते हुए सिवान जा रही 102 एंबुलेंस को रुकवाकर सभी घायलों को अमनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

संक्षिप्त खबरें

लोक शिकायत निवारण अधिकार को ले कमर आलम फेसबुक पर लाइव रहेंगें

छपरा। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत लोगों को उनके शिकायतों के निवारण को लेकर कानूनी अधिकार दिया गया है। इस अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराने से लेकर उनके निवारण तक की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए प्रभारी परिवहन पदाधिकारी सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सारण के रूप में कमर आलम जिला प्रशासन, सारण के फेसबुक पेज पर लाइव रहेंगे। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिये निर्धारित समय पर जिला प्रशासन, सारण के फेसबुक पेज से जुड़ें। इस आशय की जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी के माध्यम से दी गई।

नयागांव सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के प्रति रोहिणीआचार्य ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की

छपरा कार्यालय। छपराप्तदिघवारा फोरलेन सड़क पर नयागांव के समीप हुए भीषण सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोगों की मौतें होने पर सारण लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेत्री डॉ रोहिणी आचार्य ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट किया है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने डॉ रोहिणी आचार्य के हवाले से बयान जारी कर कहा कि सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डॉ रोहिणी आचार्य ने अपने हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस हृदय विदारक दुर्घटना से मर्माहत हूं, मृतकों को अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि, मृतकों के परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं, एवं घायल हुए लोगों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।डॉ आचार्य ने कहा कि मेरे प्रतिनिधि मृतकों के परिजनों एवं घायल लोगों को समुचित इलाज कराने की व्यवस्था कराने हेतु सतत प्रयासरत हैं।

सौरभ ने किया नाम रोशन



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला के बनियापुर प्रखण्ड के पंचमहला सहाजितपुर पंचायत के सुभाष ओझा के द्वितीय पुत्र शशांक गौरव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल उअढत्रकी असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती परीक्षा में देशभर में 57वां स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शशांक गौरव अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, गुरुजनों और विशेष रूप से अपने बड़े भाई शशांक सौरव (मरीन इंजीनियर) को देते हैं।
उन्होंने बताया कि परिवार का नैतिक समर्थन और मार्गदर्शन उनके लिए संबल बना। उनका अगला लक्ष्य केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उक्रत्रमें सेवा करना है। जहाँ वे राष्ट्र की सुरक्षा में अपना योगदान देना चाहते हैं। शशांक गौरव की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा बन गई है। और यह संदेश देती है कि यदि हौसले बुलंद हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। वर्तमान समय में यह परिवार बैंक कॉलोनी भगवान बाजार छपरा में रहता है।

गंडक नदी जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण गंडक बराज अलर्ट मोड पर

बगहा। गंडक के सहायक नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के बाद गंडक बराज को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नेपाल सूत्रों की माने तो नेपाल स्थित नारायणी गंडक नदी के सात बड़ी सहायक नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले कई घंटों से रुक रुक के बारिश हो रही है जिससे गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने की आशंका के मद्देनजर गंडक बराज कंट्रोलरूम को अलर्ट पर रखा गया है ताकि अचानक आपदा को नियंत्रित किया जा सके। बतादें की इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज फाटक बांध कंट्रोलरूम,गंडक बराज फाटक को स्वचालित और मैनुअल तरीके से संचालित कर जलप्रवाह को नियंत्रित करता है। बतादें की बरसात के दिनों में गंडक बराज कंट्रोलरूम में कर्मचारियों की क्षमता बढ़ा दी जाती है ताकि विषम परिस्थितियों को समय रहते निपटा जा सके।

ठनका गिरने से दो की मौत कई झुलसे अस्पताल में भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र के मेघवल मठिया गांव में ठनका गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग झुलसकर जख्मी हो गए हैं। बताया जा रहा है की ठनका गिरने से शहाबुद्दीन अंसारी और अफसर अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि शमीम अंसारी, अजीम मियां व अन्य बच्चे जख्मी हो गए हैं जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जख्मी युवकों ने बताया कि बारिश के कारण लोग गांव के बगीचा में छिपे हुए थे ,तभी अचानक ठनका गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है और बाकी अन्य लोग झुलस गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बतादें की रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार नें इस घटना में मरने वालों की पुष्टि किया है। लिहाजा रामनगर अंचल प्रशासन कागजी प्रक्रिया पूरी करने और शवों के पोस्टमार्टम होने के बाद आपदा राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को मुआवजा दिलाने की कवायद में जुटा है ।

विवेकानंद अध्यात्म केंद्र कन्याकुमारी 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मां कामाख्या देवी मंदिर परिसर में मनायेगा

छपरा कार्यालय। विवेकानंद अध्यात्म केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा योग दिवस के अवसर पर 21 जून प्रातः 6:00 बजे निर्माणधीन मां कामाख्या देवी मंदिर सलेमपुर पोखरा परिसर में मनाया जाएगा। केंद्र के संयोजक विश्व मोहन जी, निर्णायक समिति के सदस्य सुरेश कुमार चौबे ,मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, विनोद कुमार सिंह,स्वामीनाथ प्रसाद केंद्र के संरक्षक अरुण पुरोहित वैगरह ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया। कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे योग गुरु सुनील त्यागी जी के निर्देशन में किया जाएगा । अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने कहा नित्य योग करने से सभी प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। जिस प्रकार भोजन में नमक की आवश्यकता होती है वैसे ही हमें 24 घंटे में आधा एक घंटा योग साधना के लिए देना होगा ।आसान--प्रणायाम और आहार --विचार के द्वारा हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। वर्तमान समय में हमें स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को उन्नत और समृद्ध राष्ट्र गुरु बना सकते है।

यादें ग्रैंड पैलेस का हुआ भव्य उद्घाटन, बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

उद्घाटन समारोह में फीता काटते गौहर सुल्ताना एवं मोहम्मद यासीन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर के साढ़ा डाला सेंट्रल बैंक स्थित स्थित ह्यादें ग्रैंड पैलेसह्न का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन गौहर सुल्ताना ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यादें ग्रैंड पैलेस के मालकिन गौहर सुल्ताना ने कहा कि सभी धर्मों का प्रतीक होगा यह पैलेस, जिसमें शादी समारोह के लिए कपल एवं आम जनों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर पैलेस के मालिक मोहम्मद यासीन ने कहा कि गौहर सुलताना ने पैलेस बनाने की कल्पना की थी। उनके बच्चों के कठिन परिश्रम मेहनत और लगन का प्रतीक आज यह सफल होते दिख रहा है। मोहम्मद यासीन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शहर वासियों के लिए यह पैलेस उनके समारोह को यादगार बनाने की हर संभव कोशिश होगी, लग्जरियस रूम, बेहतर पार्किंग और आधुनिक सुविधायुक्त यह पैलेस होगा। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सुविधा शुल्क भी रीजनेबल और रियायती होगा। पैलेस के मालकिन गौहर सुल्तान द्वारा उद्घाटन समारोह के बाद आगत अतिथियों के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया गया। आगत अतिथियों ने भी पैलेस की प्रशंसा करते हुए बेहतर सुविधा बताया। इस अवसर पर जदयू के वरीय नेता अरशद परवेज मुन्नीजी, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद शहजाद, छोटू एवं मोहम्मद सरफराज सहित शहर के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

अद्वितीय व ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी की जनसभा डॉ : दिलीप जायसवाल

इसुआपुर । आगामी 20 जून को सिवान के जसौली में आयोजित पीएम मोदी की जनसभा अद्वितीय व ऐतिहासिक होगा। जिसमें लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की संख्या में लोगों की भागीदारी होगी। उक्त बातें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने रविवार की देर संध्या प्रखंड के डोईला गांव स्थित पार्टी के स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह के आवास पर आयोजित तरैया विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकताओं की बैठक में कहीं। उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तथा पीएम मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। वहीं लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि राजद ने सदैव जात-पात की की घिनौनी राजनीति की है।अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए एम-वाई समीकरण का नारा देकर यादवों व मुसलमानों को केवल ठगने का काम किया है। जबकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी माय की जगह महिला, युवा, गरीब व किसान समीकरण की बात करते हैं तथा उनके विकास के लिए काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने 22 के बदले मात्र 22 मिनट में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हए बदला ले लिया। वहीं रहुल गांधी पर कटाक्ष भी किया। लालू राबड़ी के शासन काल की याद दिलाते हए कहा कि लोगों को गढ्ढों में सड़क को ढूंढना पड़ रहा था। जबकि आज एनडीए गठबंधन के शासनकाल में सड़क में गद्दा ढूंढना मुश्किल हो गया है। बैठक को महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, क्षक्षक्सीग्वाल, 20 सूत्री के प्रदेश अध्यक्ष ललन मंडल, तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह, सारण पश्चिमी के भाजपा जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ अहमद राजू।

मंगलवार को गृह रक्षकों की बहाली में 145 उम्मीदवार हुए सफल: जिला समादेष्टा

सफल उम्मीदवारों का लिस्ट सारण प्रशासन के वेबसाइट पर भी कर दिया गया है अपलोड

छपरा। जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के प्रांगण में चल रहे गृह रक्षकों के शारीरिक दक्षता की जांच को लेकर सोमवार को 566 उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र जारी किया गया। जिसमें 342 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। 1600 मीटर की दौड़ में 151 उम्मीदवार सफल पाए गए। इस संबंध में वरीय प्रमंडलीय समादेष्टा सह वरीय जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिणी छपरा द्वारा जारी किए लिस्ट के अनुसार 16 जून को 566 उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र जारी करने के बाद, 342 उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जिला समादेष्टा के अनुसार 1600 मीटर की दौड़ में कुल 151 उम्मीदवार सफल हुए। जबकि ऊंचाई एवं सीना माफी की गई, जिसमें निर्धारित अर्हता पूरा नहीं करने के कारण तीन उम्मीदवार असफल हुए। कुल 148 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। तीन उम्मीदवार को मेडिकल में अनफिट पाया गया। इस प्रकार 16 जून को ऊंची कूद लंबी कूद एवं गोला फेक एवं अन्य परीक्षा में कुल 145 सफल घोषित किया गया। जिसको सारण प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

अधिवक्ताओं के बीच वितरित किया गया आमंत्रण कार्ड

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश रंजन नीकू के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिवान के जसौली में आयोजित जनसभा में उपस्थिति हेतु विधि प्रकोष्ठ द्वारा व्यवहार न्यायालय छपरा में आमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा विधायक डॉ सी एन गुप्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह लोक अभियोजन श्री सर्वजीत ओझा जीपी अवध किशोर मिश्रा जिला अध्यक्ष प्रकाश रंजन नीकू मनोज कुमार सिंह डॉ पंकज समीर मिश्रा सुशांत कुमार शिव प्रकाश सुमन आशुतोष कुमार रिंकू शुक्ला चित्रसेन सिंह योगेश प्रसाद गुप्ता मुकेश प्रसाद नरेंद्र उपाध्याय दुर्गेश प्रकाश बिहारी अरविंद प्रजापति अमरनाथ तिवारी निर्भय कुमार शर्मा पवन कुमार श्रीवास्तव शांतनु कुमार अनूप यादव आदि ने अधिवक्ताओं से प्रधानमंत्री के जनसभा में भाग लेने हेतु आग्रह किया। अधिवक्ताओं में प्रधानमंत्री के जनसभा में भाग लेने हेतु उत्साह देखा गया।

हत्या के मामले में एक युवक गिरफ्तार

परसा। थाना क्षेत्र के मारर गांव में बीते रविवार के शाम बरे भाई द्वारा छोटे भाई की हत्या के मामले में परसा पुलिस ने सोनपुर पुलिस के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त मारर गाव निवासी दीना साह का पुत्र सन्नी साह को सोनपुर थाना क्षेत्र के चकसहबाई से किया गिरफ्तार.इस संबंध में मृतक के पिता दीना साह द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर अपने ही बड़े पुत्र पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा. थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने सोमवार के सुबह बताया कि रविवार के शाम आपसी विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट और चाकू बाजी की घटना सामने आई थी.जिसमे शनी कुमार ने अपने ही भाई को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया था.जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

09 जुलाई ट्रेड यूनियन संगठनों के राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

छपरा कार्यालय। सीपीआई की सारण जिला परिषद की आज सम्पन्न बैठक मे मजदूर विरोधी श्रम कानूनों के खिलाफ 09 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का पुरजोर समर्थन करने और इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि बैठक मे एक प्रस्ताव पारित कर बिहटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्वामी सहजानंद सरस्वती हवाई अड्डा रखने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी राज्य कार्यकारिणी सदस्य और जिला प्रभारी सुरेन्द्र सौरभ ने कहा कि बिहार मे सरकार लकवा ग्रस्त हो गई है, हत्या अपराध रोज बढ़ रहे हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है। रोज रिश्वतखोरी की खबरें आ रही है। ऐसे मे इस सरकार को अपदस्त कर महागठबंधन की सरकार बनाने का वक्त आ गया है। बैठक मे आगामी अगस्त माह मे पार्टी का जिला सम्मेलन करने का फैसला लिया गया। इससे पहले जुलाई माह मे पार्टी के सभी प्रखंडों में अंचल सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। बैठक मे विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई और सारण जिले मे तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव राज्य पार्टी को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक मे चूल्हाण प्रसाद सिंह, महात्मा गुप्ता, हरिबलम सिंह, डॉ के एन सिंह, शिवजी दास, संजय कुमार सिंह, सुग्रीव गुप्ता ,नसीम अहमद, नन्द कुमार गिरी, गौतम साह, दर्शनानंद, देवेन्द्र सिंह अधिवक्ता, डॉ वीरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र राय, सैयद मो शहाबुद्दीन,त्रिविक्रम दुबे, परमात्मा गुप्ता, जवाहर लाल मिश्रा आदि ने भाग लिया और अध्यक्षता सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अधिवक्ता ने की ।

फादर्स डे पर डॉ. अनिल कुमार ने गरीब मजदूरों को कराया भोजन, गमछा और नगद राशि देकर दी पिता को श्रद्धांजलि

सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है डॉ : अनिल कुमार ने फादर्स डे को बनाया प्रेरणास्रोत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। फादर्स डे के अवसर पर जहाँ लोग अपने पिता के साथ समय बिताकर उन्हें यादगार तोहफे दे रहे थे, वहीं छपरा शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एंड मेटरनिटी सेंटर के संस्थापक और भारत ज्योति अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध फिजिशियन एवं रीकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने इस दिन को कुछ खास और प्रेरणादायक अंदाज में मनाया। डॉ. कुमार ने शहर के सैकड़ों गरीब, असहाय और दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों को भरपेट भोजन कराया। साथ ही उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक गमछा और नगद राशि भी भेंट की। इस सेवा कार्य के माध्यम से उन्होंने अपने दिवंगत पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. कुमार ने नम आँखों से कहा, आज जो कुछ भी हूँ, वह अपने पिता के कारण हूं। उनका मेरे बीच न होना मेरे लिए एक गहरा दुःख है, लेकिन उनके दिए गए मूल्य, संस्कार और ईमानदारी के पाठ को मैंने अपने जीवन और कार्य में उतारा है। यही मेरे लिए उनकी सबसे बड़ी याद और प्रेरणा है। इस अवसर पर इनकम टैक्स अधिवक्ता अभय राय ने कहा, डॉ. अनिल कुमार का सेवा भाव ही उन्हें खास बनाता है। वे न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी उनके प्रयास अनुकरणीय हैं। उनका यह कार्य एक प्रेरणा है कि खास दिनों को केवल उत्सव नहीं, सेवा के अवसर में भी बदला जा सकता है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार यादव, शैलेश कुमार यादव, लक्ष्मण राय, दसरथ राय, स्वेता सिंह, रीता कुमारी, गुड्डु कुमार, रुपेश कुमार, अजीत कुमार समेत गणमान्य लोंग उपस्थित थे।

पुलिस ने 125 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, स्कूटी बाइक भी जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर परसा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 125 लीटर देशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को धर दबोचा. इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी बाइक भी जब्त की गई है. पुलिस ने गिरफ्तार दोनों तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के सराय मुजफ्फर गांव निवासी जलेश्वर राय के पुत्र जितेंद्र राय तथा डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गांव निवासी हदीस मियां के पुत्र इमरान आलम के रूप में हुई है.पुलिस के अनुसार ये दोनों शराब तस्करी के माध्यम से इलाके में अवैध शराब की आपूर्ति कर रहे थे.इस संबंध में परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ शराब तस्कर स्कूटी पर अवैध शराब की खेप लेकर जा रहे हैं.सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की, जिसमें दोनों तस्कर 125 लीटर देशी शराब एवं स्कूटी के साथ पकड़े गए. उन्होंने बताया कि पकड़े गए शराब तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है.थानाध्यक्ष ने आगे कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा. क्षेत्र में किसी भी हालत में शराब तस्करी या शराब से जुड़ी अन्य आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है.

अब सरकारी अस्पतालों में बंध्याकरण और नसबंदी के बाद लाभार्थियों को घर तक पहुंचाने के लिए मिलेगी नि:शुल्क एंबुलेंस की सुविधा

छपरा। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और जनोपयोगी बनाने की दिशा में लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को भी निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। अब स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के हित में एक और पहल की है। अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में महिला बंध्याकरण या पुरूष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधाएं मुहैया करायी जायेगी।इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के विशेष कार्य पदाधिकारी सह प्रभारी रेफरल ट्रांसपोर्ट प्रिय रंजन राजू ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। मरीजों के घर वापसी के लिए दी जायेगी सुविधा यह व्यवस्था पहले से ही अन्य चिकित्सा सेवाओं जैसे कि प्रसव के बाद महिलाओं, नवजात शिशुओं और गंभीर मरीजों के लिए की जा रही है। अब इसी व्यवस्था के अंतर्गत बंध्याकरण ऑपरेशन और पुरुष नसबंदी के बाद मरीजों के घर वापसी के लिए भी यह सेवा दी जाएगी। सभी सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को यह निर्देश दिया गया है कि नसबंदी के बाद सभी मरीज को घर भेजने के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा का निशुल्क उपयोग सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाना तथा लाभार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना है।

डीएम की अध्यक्षता में सोमवारीय बैठक सम्पन्न

कार्य में लापरवाही को लेकर जिला खनिज पदाधिकारी का वेतन अवरूद्ध, शोकॉज

- बेहतर कार्य के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) शिक्षा विभाग को प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय
- अनाधिकृत अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बेतिया, नरकटियागंज, बगहा 01 तथा बगहा-02 के कार्यपालक अभियंताओं से शोकॉज

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे सोमवार को समाहरणालय सभागार में सोमवारीय बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, महिला संवाद कार्यक्रम, एचआरएमएस सहित भवन प्रमंडल, सहाकारिता, शिक्षा, मद्य निषेध, श्रम संसाधन, पीएम विश्वकर्मा योजना, खेल, सांख्यिकी, आपूर्ति, परिवहन सहित अन्य विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम तथा लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। निर्धारित समयावधि में आवेदनों का निष्पादन हर हाल में हो जाना चाहिए। इससे संबंधित लंबित मामलों का निष्पादित त्वरित गति से कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम अंतर्गत ऐसी व्यवस्था करें कि सभी लोक प्राधिकारों को सप्ताह में एक ही दिन बुलाकर मामले की सुनवाई हो सके। इस हेतु सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन की तिथि का निर्धारण कर लें। इसके साथ ही आदेश पारित होने के फलस्वरूप क्या कार्रवाई हुयी, इसकी भी समीक्षा और फॉलोअप करें।एचआरएमएस में अबतक कर्मियों की मैपिंग (सेवा इतिहास ऑनलाइन) नहीं कराने वाले विभागों एवं कार्यालयों को जिला पदाधिकारी ने सख्त हिदायत दिया कि अविलंब मैपिंग करा लें अन्यथा उनके माह जून का वेतन स्थगित करने की कार्रवाई की जायेगी। एच० आर० एम० एस० के तहत डेटा मैपिंग में निर्देश के अनुरूप डेटा मैपिंग में बेहतर कार्य हेतु जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (स्थापना), शिक्षा विभाग को प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय लिया गया।

परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एमवीआई/ई एस आई द्वारा किये जा रहे कार्यों की लगातार समीक्षा एवं अनुश्रवण करें। एमवीआई/ई एस आई की एक्टिविटी पर नजर बनाकर रखें। फिल्ड में किये जा रहे कार्य से संबंधित फोटोग्राफ्स, लोकेशन आदि की जानकारी लेते रहें। व्हॉटस्प अथवा किसी अन्य माध्यम से भी अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश के आलोक में नदी घाटों से ू४ उठाव पर 15 जून से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक पाबंदी लागू रहेगी। इस अवधि में बंदोबस्तधारी भी नदियों से बालू का खनन नहीं कर सकेंगे। उन्होंने जिला खनिज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी घाटों का स्वयं भौतिक सत्यापन करेंगे तथा यह सुनिश्चित होंगे कि घाटों से बालू का खनन नहीं हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालू स्टॉकिस्ट के स्टॉकों का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी कर्मी लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थापित हैं, उनका स्थानांतरण बेहद जरूरी है। समाहरणालय सहित जिलास्तर पर होने वाले स्थानांतरण का प्रस्ताव अविलंब समर्पित करें।

साथ ही विभाग स्तर से होने वाले

लापता भाजपा सांसद पुत्र को पुलिस ने किया 32 घंटा में सकुशल बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। मधुबनी के भाजपा सांसद अशोक यादव के पुत्र विभूति यादव को दरभंगा पुलिस ने 32 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बरामद कर लिया है। यह जानकारी खुद सांसद अशोक यादव ने दी। वहीं, दरभंगा सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि विभूति यादव को सिमरी थाना क्षेत्र के सोभन एकमी इलाके से बरामद किया गया है।

बताया गया है कि विभूति यादव रविवार सुबह हरे रंग की टी-शर्ट और हाफ पैंट पहनकर अपने आवास लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बंगाली टोला से निकले थे। उनकी आखिरी झलक सीसीटीवी फुटेज में देखी गई थी, जिसके बाद परिजनों ने लहेरियासराय थाना में इसकी सूचना दी थी। सूचना मिलते ही दरभंगा पुलिस और लहेरियासराय थाना की टीम सक्रिय हो गई थी। खोजबीन के बाद जब विभूति यादव को सिमरी थाना क्षेत्र के सोभन एकमी इलाके में देखा गया, तो स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया। सांसद पुत्र की सकुशल बरामदगी से परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, अभी विभूति यादव मानसिक रूप से व्यथित नजर आ रहे हैं। उनके शरीर पर मच्छर के काटने के कई निशान पाए गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एक विशेष टीम गठित कर तलाशी अभियान शुरू किया गया था। घर और आस-पास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। उसी में बंगाली टोला लहेरियासराय से बाहर जाते समय की तस्वीरें मिली थीं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस अभी इस बात की जांच कर रही है कि यह मामला अपहरण से जुड़ा था या युवक स्वेच्छा से कहीं गया था। सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच चल रही है।

पुलिस ने लूट की योजना को किया नाकाम

दो अपरधकर्मी अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर हरनारायण मठिया स्थित बास वारी में दो युवक अबैध हथियार के साथ छुपे हुए थे।चोरी छिनतई जैसे जघन्य अपराध करीत करने की योजना बना रहे है।पुलिस को सूचना मिलते ही त्वतरित करवाई करते हुए दल बल के साथ छापेमारी कर दोनो अपराधियो को धर दबोचा।थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि पुलिस दोनों अपराधियो को हथियार व बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है।दोनो से पूछताछ पुलिस द्वारा की जा रही है।दोनो अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि किसी राहगीर का दो पहिया चार पहिया वाहन को लूटने की योजना बना रहे थे।पुलिस ने इस सम्बंध में अमनौर थाना कांड संख्या 184/25 दिनांक -15,06,2025 धारा -313/3(6) भा. द.वि एवम 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रेतर करवाई की गई।

गिरफ्तार अभ्युक्त मढ़ौरा थाना क्षेत्र के बथाना गांव के मो राजा उर्फ मो आसिफ पिता मो सब्दुल्लाह वही दूसरा जोधौली गांव के मो अरबाज पिता सहाबुदिन बताया जाता है।दोनो के पास से पुलिस ने दो देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस एक बाइक बरामद किया है।

पारस ग्लोबल हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। पारस ग्लोबल हॉस्पिटल, दरभंगा की ओर से रविवार 15 जून को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ऑथोर्पेडिक्स और यूरोलॉजी की बीमारियों की जांच और परामर्श निःशुक्ल दिए गए। इनमें बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी और कंसल्टेशन शामिल हैं। शिविर में 200 से ज्यादा मरीजों ने पारस ग्लोबल हॉस्पिटल की आधुनिक तकनीक के साथ जांच और अनुभवी डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श का लाभ उठाया।

शिविर में सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट भी दी गई। शिविर का आयोजन पारस ग्लोबल हॉस्पिटल परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया था। सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो गया था और यह कारवां शाम तक चलता रहा।

स्वास्थ्य जांच शिविर के संबंध में पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस ग्लोबल हॉस्पिटल आम जनता के लिए हमेशा फिक्र मंद रहता है। हम आम जन की सेवा के लिए उपलब्ध हैं आगे भी इस तरह के मुफ्त जांच शिविर आयोजित होते रहेंगे।इस हेल्थ जांच शिविर में डॉक्टरों की टीम मे डॉ. ज्याउल होदा शान (ऑथोर्पेडिक्स), डॉ. बासुदेव कुमार (यूरोलॉजी) और भी कई डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श दिया।पारस ग्लोबल अस्पताल के बारे में 100 बिस्तरों वाले पारस ग्लोबल दरभंगा में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधाए उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है।

छठ घाट का हुआ शिलान्यास

परसा। नगर पंचायत परसा बाजार वार्ड 19 के मस्तीचक गायत्री मंदिर के पास स्थिति पोखर में ग्रामीणों के मांग पड़ छठ घाट निर्माण को लेकर मुख्यपार्षद ऐशा खातून वार्ड पार्षद रुक्मणि देवी एवं एडवोकेट अतुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना करने के साथ नारियल फोर कर शिलान्यास किया गया. इस दौरान मुख्य पार्षद ऐसा खातून ने बताई की छठ के दिनों में छठव्रतियों काफी कठिनायों का सामना करना पड़ता था. जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण हमसे शिकायत किए थे जिस पर नगर ईओ रजनीश कुमार से बात कर तुरंत निर्माण कार्य करने का निर्णय लिया गया. जिसका सोमवार किया गया जिसका लागत लगभग 14 लाख 75 हजार निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है. मौके पर मुख्यपार्षद प्रतिनिधि करमुल्लाह वार्ड पार्षद अजमुल्लाह अंसारी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सनोज कुमार आमोद शर्मा जंग बाबू दास राकेश राय राजकिशोर दामोदर श्रीवास्तव व विनय कुमार उपाध्याय आचार्य विकास शर्मा राम बिहारी शैलेंद्र कुमार समेत दर्जनों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हैं इस दौरान इस सराहनीय कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुख्य पार्षद को धन्यवाद दिया.

संस्कृत शिक्षक ने मैच से बच्चों में खेल भावना और संस्कृत के प्रति उत्साह जगाया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर स्थित टीवी सेनेटोरियम के खेल मैदान में आज जग नारायण स्टूडेंट्स प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मैच नया हरिपुर और कोईलवर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें नया हरिपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूनामेंट की विजेता बनी। फाइनल मैच का उद्घाटन चंदा पंचायत के मुखिया शिव शंकर प्रवीण कुमार सिंह,कृष्ण कुमार एवं नीतेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैच के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन वीरमन्यु यादव और भाजपा नेता राकेश शर्मा रहे। उनके द्वारा विजेता टीम नया हरिपुर और उपविजेता टीम कोईलवर को मेडल, ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।नया हरिपुर के कप्तान ओम प्रकाश, जिन्होंने 4 विकेट झटके उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया, वही अभिषेक कुमार को शानदार बल्लेबाजी के लिए गोल्डन बैट के खिताब से नवाजा गया वही ओम प्रकाश पांडेय को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए गोल्डन बॉल सम्मानित किया गया। मालूम हो कि कोईलवर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 58 रन बनाए। जवाब में नया हरिपुर की टीम ने 8 ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और टूनामेंट का खिताब अपने नाम किया। संस्कृत शिक्षक जग नारायण सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष संस्कृत विषय के विद्यार्थियों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कराया जाता है।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देना और संस्कृत विषय के प्रति उनका जुड़ाव और उत्साह बढ़ाना है। खास बात यह रही कि मैच की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और संस्कृत श्लोकों के साथ की गई। उन्होंने बताया कि संस्कृत केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आंतरिक चेतना से जुड़ा माध्यम है। यदि इसे खेल के साथ जोड़ा जाए तो बच्चों में इसके प्रति सहज आकर्षण पैदा होता है।

माई बहन मान योजना के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को ले बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में माई बहन मान योजना के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय, शहीद भवन, आरा में संपन्न हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष माननीय श्री अशोक राम तथा संचालन डॉ अमित कुमार द्विवेदी प्रवक्ता भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी तथा धन्यवाद ज्ञापन रिपुंजय ओझा जिला अध्यक्ष सेवादल ने किया। साथ ही बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त माई बहन मान योजना के भोजपुर जिला प्रभारी उपेंद्र सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही।बैठक में योजना के जमीनी क्रियान्वयन, महिलाओं की सहभागिता, लाभार्थियों तक पहुंच तथा भावी रणनीति को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही कार्यकताओं को योजना से जुड़े दायित्वों की जानकारी दी गई।सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री अशोक राम ने कहा कि, ह्यमाई बहन मान योजना महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी कार्यकताओं को इसे जन-जन तक पहुँचाने में पूर्ण समर्पण से कार्य करना होगा।वहीं प्रभारी उपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, यह योजना केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक जनांदोलन है। हमें इसे जमीनी स्तर पर मजबूती से लागू करना है और हर घर तक इसकी जानकारी पहुँचानी है।बैठक में अशोक राम अध्यक्ष भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी, उपेंद्र कुमार सिंह प्रभारी माई बहन मान योजना भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी, विनोद राय, प्रो. अरुण कुमार सिंह, सत्यप्रकाश राय, घनश्याम उपाध्याय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, अशोक यादव, रजी अहमद, डॉ श्रीधर तिवारी, जितेन्द्र शर्मा, डॉ मालती पाण्डेय, उपेंद्र कुमार सिंह, मुकेश चंद्रवंशी, मालती पाण्डेय, अमिता पाण्डेय, शिवशंकर चौबे, रिपुंजय ओझा, गजेंद्र चौधरी, लुटावन राम चौरसिया, खुशबू खातून, संतोषी देवी, ममता देवी, तुली देवी, डॉ शिवनाथ पासवान, सूर्य प्रकाश, रवि कुमार, प्रमोद कुमार राय, रशीद इमाम मिंटू, रेहान अहमद, उस्मान अहमद, शिव कुमार पटेल, राज नारायण मिश्रा, ददन सिंह, हीरा पंडित सहित जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मशरक जंक्शन आरपीएफ ने रेल अधिनियम के तहत 6 लोगों को गिरफ्तार किया

मशरक । मशरक जंक्शन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर शाहनवाज हुसैन के निर्देश पर सवारी गाड़ी में अवैध रूप से लगेज यान में यात्रा करने वाले एवम प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर संदिग्ध रूप से सवारी गाड़ी के समय घूमते हुए कुल 6 लोगो को सोमवार को हिरासत में लिया गया। उक्त कार्रवाई उप निरीक्षक सरोज कुमार के साथ हेड कांस्टेबल विनोद कुमार सिंह एवम राम उजागीर ने किया। रेल अधिनियम के तहत धर पकड़ अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 55110 मसरख प्लेटफार्म नंबर दो पर 7:25 एस एल आर नं0 103707/ एन ई के लगेज यान में यात्रा करते हुए तीन व्यक्ति राकेश राम 35 वर्ष पुत्र नगीना राम, ग्राम सिधवलिया जिला गोपालगंज, विक्की कुमार 18 वर्ष पुत्र बलिराम राम, इसुआपुर, छपरा , कृष्णा साह 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोरई साह, निवासी चरिहरा, मसरख छपरा को पाए जाने पर उनके जुर्म धारा 155 रेलवे एक्ट से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया तथा रेलवे स्टेशन मसरख के प्लेटफार्म नंबर दो पर अनाधिकृत रूप से घूमते हुए तीन व्यक्ति दिखे।

निगरानी विभाग ने आवास सहायक को दस हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

- पूछताछ मे बिचौलियों का नाम खुलासा, कार्रवाई के बाद हड़कंप का माहौल

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिले के करपी प्रखंड में निगरानी विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने करपी प्रखंड मुख्यालय से पुराण पंचायत में तैनात आवास सहायक सुनील कुमार सुमन को दस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आवास योजना के तहत लाभार्थियों से पैसे की मांग आवास सहायक के द्वारा की जा रही थी और बड़े पैमाने पर वसूली भी हो रहा था।बताया जा रहा है कि आवास सहायक के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को लेकर पुराण पंचायत के बालागढ निवासी भूषण कुमार के द्वार निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज करने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाया और आवास सहायक को रिश्वत के पैसे लेते हुए रंगे हाथ करपी प्रखंड मुख्यालय से दबोच लिया। प्रखंड मुख्यालय से निगरानी विभाग की टीम सर्किट हाउस लाकर कड़ी पूछताछ किया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार इंदिरा आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर राशि नहीं मिलने और भ्रष्टाचार की शिकायतें पहले भी आती रही हैं। रिश्वतखोर के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जरूरी है। सर्किट हाउस में आवास सहायक के द्वारा निगरानी विभाग की टीम के सदस्यों अपने कड़ी पूछताछ किया है। जिसमें कई बिचौलियों का नाम का भी खुलासा किया गया है वहीं इस कार्रवाई के बाद हड़कंप का माहौल देखा गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की सफल आयोजन के लिए आज होगा एनडीए नेताओं का जमावड़ा

छपरा कार्यालय। जदयू के राष्ट्रीय का कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बीजेपी बिहार प्रदेश के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल केंद्रीय मंत्री ललन सिंह सहित सभी एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के कई मंत्री करेंगे शिरकत। प्रधानमंत्री के सिवान के जसौली में आयोजित रैली जनसभा के निमित्त एनडीए गठबंधन का जिला स्तरीय विशाल बैठक का आयोजन छपरा के राजभवन पैलेस के सभागार में आज आयोजित है जिसमें बिहार भर के मंत्री तथा सभी एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा केंद्रीय मंत्री ललन सिंह सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सभी सम्मिलित होंगे जिला स्तर के सभी एनडीए घटक दलों के जिला अध्यक्ष पदाधिकारी एवं मंडलों के अध्यक्ष पदाधिकारी इस आवश्यक बैठक में भाग लेंगे तथा 20 जून सिवान में आयोजित प्रधानमंत्री की जनसभा रैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श एवं तैयारी की समीक्षा करें यह आवश्यक बैठक नेहरू चौक राजभवन पैलेस के सभागार में 11:00 बजे दिन में आज आयोजित है। यह जानकारी भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने दी।

कात्यायनी मंदिर में अपार भीड़ के मद्देनजर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तथा धमारा रेलवे स्टेशन का नाम कात्यायनी धाम रखने की उठी मांग

- कात्यायनी मंदिर का सर्वांगीण विकास एवं सौंदर्यीकरण पर किया गया गंभीर चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया। मां कात्यायनी मंदिर परिसर में सामाजिक कार्यकताओं ने मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं सर्वांगीन विकास पर गंभीर चर्चा किया, जिसमें देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के मद्देनजर धमारा रेलवे स्टेशन पर डाउन जानकी एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, एवं अप राज्यरानी एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस, हाटे बाजारे एक्सप्रेस का ठहराव करने तथा धमारा रेलवे स्टेशन का नामांकण कात्यायनी धाम रेलवे जंक्शन का करने की मांग किया।

पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि कात्यायनी मंदिर परिसर में लगी सांसद कोटा से आर ई ओ वाटर प्लांट शुरूआती दौर से ही कार्य नहीं कर रही है खराब पड़ी हुई। शोभा का वस्तु बना हुआ है। वहीं दो हाईमास्ट लाइट में एक विगत वर्षो से ही शुरूआती दौर से ही एक खराब पड़ी हुई है, हाथी का दांत साबित हुआ। दूसरा जल रही है।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को नियंत्रित करने हेतु एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से समुचित पुलिस बल की तैनाती प्रत्येक बैरागन सोमवार शुक्रवार को एवं स्थाई व्यवस्था रहती है। 3 सफाई कर्मी नियमित तौर पर कार्य करते हैं। लगभग 70 की संख्या में रजिस्टर्ड कार्ड होल्डर पुजारी एवं तिलकधारी स्थाई तौर पर कार्य करते हैं। प्रत्येक बैरागन को सैकड़ो श्रद्धालुओं को कमेटी की ओर से दही चुरा चीनी का प्रसाद वितरण किया जाता है।

श्री यादव ने कत्यायनी मंदिर परिसर में कमेटी द्वारा शांति पूर्वक संचालित सुस्त दुरुस्त विधि व्यवस्था की सराहना किया।

बैठक में ललन यादव, मुरली यादव, त्रिभुवन कुमार, सरपंच रंजू कुमारी, नयन कुमार कन्हैया कुमार बादल कुमार आदि सामाजिक कार्यकताओं ने कात्यानी मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं सर्वागीण विकास पर चर्चा कर सांसद विधायक से फंड मुहैया करने की मांग किया।

दरभंगा हत्याकांड में बड़ी सफलता: मुख्य साजिशकर्ता चढ़ा पुलिस के हत्थे

- सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान से मिली सफलता, मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने की पुष्टि
- जेल में शुरू हुई रंजिश बनी हत्या का कारण, गिरफ़्तार आरोपी ने किया जुर्म कबूल

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। दरभंगा में मई माह में हुई हत्या की गुत्थी को मधुबनी सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सुलझा लिया है। इस कांड में मुख्य साजिशकर्ता बसंल कुमार शुक्ला, पिता स्व. कामेश्वर शुक्ला, निवासी थाना बेलाशंकर, जिला दरभंगा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की मानवीय सूझबूझ, तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी की पहचान की गई।घटना 15 मई की सुबह की है जब सकरी थाना क्षेत्र के बलिया गांव में सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति गला रेतकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया गया। पुलिस द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान कमलेश यादव उर्फ गोलु, पिता दयाराम यादव, ग्राम मझगांवा, थाना केवटी, जिला दरभंगा के रूप में की गई।

मृतक के भाई अवधेश यादव द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सकरी थाना में दो नामजद अभियुक्तों और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पहले नामजद अभियुक्त राजा यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।घटना के उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-01 के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिसमें कुछ संदिग्धों की पहचान हुई। गहन पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त बसंल शुक्ला ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर मृतक के कपड़े दरभंगा एयरपोर्ट के पास 52 बीघा बगीचा क्षेत्र से बरामद किए गए।

पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि विगत वर्ष दरभंगा जेल में टीवी देखने को लेकर मृतक कमलेश यादव और रौनक झा के बीच विवाद हुआ था, जिसमें कमलेश और उसके साथियों ने रौनक की पिटाई की थी। इसी रंजिश में रौनक झा, बसंल शुक्ला और अन्य ने बदला लेने की योजना बनाई और कमलेश यादव को दरभंगा एयरपोर्ट के समीप गला रेतकर मरा समझकर बलिया गांव में फेंक दिया।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और शेष फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

नबीगंज गांव में ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जाम की सड़क

प्रात: किरण संवाददाता

नगरा सारण। बिजली गुलझ टेंशन फुल और पारा हाई। गुस्साए उपभोक्ताओं ने नगराझपटेढा मुख्य सड़क को सोमवार को घंटों जाम किया। सड़क जाम की सूचना पा कर नगरा ओपी पुलिस एवं कादीपुर पंचायत के सरपंच तमन्ना आलम मौके पर पहुंच नाराज उपभोक्ताओं को काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन उपभोक्ता ग्रामीण ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग पर डटे रहे। ग्रामीणों का कहना था कि ट्रांसफार्मर को आज जले तीन दिन हो गए। लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। जिसपर प्रशासन व प्रतिनिधियों ने इस मामले को बिजली संबंधित अधिकारियों से वातालाप कर समस्या का समाधान कराया, अधिकारियों ने कहा कि आज शाम तक ट्रांसफार्मर लग जाएगा। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने शांत हो अपने अपने गंतव्य चेले गए। बताते चले कि नगरा प्रखंड के कादीपुर पंचायत के नबीगंज गांव में ट्रांसफॉर्मर जलने से तीन दिनों से पूरे मुहल्ले में अंधेरा व्याप्त है। साथ ही लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इससे नाराज होकर लोगों ने सोमवार को नगरा झपटेढा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। मुख्य मार्ग पर लकड़ी का सिल्ली रख कर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क जाम रहने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और सड़क की दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। जाम की सूचना पाकर नगरा ओपी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन, ग्रामीण ट्रांसफॉर्मर बदले जाने की मांग पर डटे रहे। ग्रामीणों का कहना था कि ट्रांसफॉर्मर को जले तीन दिन हो गये। हमलोगों ने बिजली विभाग को कई बार सूचना दी, पर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक ट्रांसफॉर्मर बदला नहीं जाता है, हम लोग सड़क जाम रखेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों के खिलाफ नाराजगी दिखायी। जिसके बाद नगरा ओपी थाने की पुलिस व सरपंच के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया व यातायात बहाल हुआ।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलों को हर हाल में शून्य करें: डीएम

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा में जिला सांख्यकी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रमाण पत्र निर्गत करने में कोई देरी न करें

प्रातः किरण संवाददाता

गया।जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वयन संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया है।

जिला पदाधिकारी गया द्वारा जिला नीलाम पत्र वाद, जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सी पी ग्राम, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, सीएम डैश बोर्ड में आये मामलों का निवारण, उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई है। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी बड़े राशि वाले कम से कम पाँच मामले का चयन कर उसका निष्पादन करें। इसके अलावा सबसे पुराने मामलों का लिस्ट निकाल कर, उन मामलों को भी प्राथमिकता में लिया करें। मुख्यमंत्री जनता दरबार एवं जिला स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा के क्रम में लंबित मामलों को उचित समाधान करवाने का निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय से निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक का परिणाम नजर आनी चाहिए एवं लंबित मामलों को हर हाल में शून्य करें।

जिला पदाधिकारी के दैनिक जनता दरबार एवं हर शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार मे आने वाले मामलों को संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजा जा रहा है, आवेदनों को देख कर मामलों का उचित निराकरण, समाधान करवाये, आवेदक काफी उम्मीद लगाकर आते हैं। जनता दरबार में आने वाले मामलों में से 50 की संख्या में आवेदन को फिल्टर किया गया है, जिसका निराकरण अतिशीघ्र कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं।

डीएम ने सभी इंजीनियरिंग विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया है कि हर सप्ताह 02 दिन अपने कार्यालय में भी जनता दरबार लगावे एवं समय सारिणी जिला पदाधिकारी को अवगत करवाये, ताकि सोशल मिडिया और वेबसाइट के माध्यम से लोगो को जानकारी उपलब्ध करवाया जा सके।

उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर कार्य करे। इसमें थोड़ी भी शिथिलता या लापरवाही बरदाश्त नही की जाएगी। समीक्षा के क्रम में सिडब्लूजेसी एमजेसी के मामलों में समय पर शपथ पत्र दायर करवाने को कहा है।

डॉ० अम्बेदकर समग्र विकास अभियान की समीक्षा में डीएम ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण अभियान है।

इसमे 22 प्रकार की योजनाएं हैं, जिसे हर टोले के हर व्यक्ति तक लाभ पहुचाने में मदद करे। शिविर में आने वाले सभी आवेदनों को निष्पादित करे। आगे बताया कि राशन कार्ड संबंधित 19209 में से 11116 आवेदनों को निबटारा किया गया है। औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिल संबंधित 14028 में से 13731 बच्चो को नामांकन करवाया गया है।

शेष बच्चो को तेजी से नामांकन करवाने का निर्देश दिए गए है। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चो का नामांकन, आधार कार्ड निर्माण, कुशल युवा कार्यक्रम, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आवास योजना का लाभ, बास भूमि, बासगीत पर्चा, सामाजिक सुरक्षा, बुनियाद केंद्र, हर घर नल जल, मनरेगा जॉब कार्ड, बिजली कनेक्शन इत्यादि के आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा किया गया है।

डीसी ने जनता दरबार में 40 आवेदकों की सुनी फरियाद ,समाधान का दिया दिशा-निर्देश

➤ डीएम ने नगर आयुक्त एवं अंचलाधिकारी नगर को जांच करते हुए उचित कार्रवाई का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। दैनिक जनता दरबार में श्री शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी, गया द्वारा आज 40 लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नगर अंचल के समीप निजी जमीन में होटल का नाला का पानी को निकास किया गया है, डीएम ने नगर आयुक्त एवं अंचलाधिकारी नगर को जांच करते हुए उचित कार्रवाई का निर्देश दिए हैं। परिमार्जन में नाम चढ़ाने के बाद पुनः नाम दुबारा हटा दिया गया है। डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिए हैं। रैयती जमीन पर नाली निर्माण को रोकने का अनुरोध किया है, डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिए हैं। उनकी निजी जमीन पर बिजली का तार गुजरने के कारण कोई घटना होने का डर लगा रहता है, बताया कि बिजली विभाग को अनेको बार आवेदन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई है। डीएम ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को जांच करते हुए उचित निर्णय लेने का निर्देश दिए हैं। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डॉ. पंकज कुमार सिंह के सौजन्य से सोनपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।गया जी की धड़कन में, कण-कण में संगीत रचा-बसा है , यहां आकर संगीत की सेवा में अपना योगदान देकर अपने को धन्य मानता हूं,संगीतज्ञ राजन सिजुआर संगीत विरासत को बचाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।इस विचार पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र ने गया जी में सांस्कृतिक संस्था सुर सलिला गया जी ट्रस्ट द्वारा सात दिवसीय आयोजित शास्त्रीय संगीत कार्यशाला में आज स्थानीय सिजुआर भवन ,चांद चौरा,गया जी में उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त कर रहे थे।सात दिवसीय आयोजित शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है।.इस अवसर पर सुर सलिला गया जी ट्रस्ट के संरक्षक राय मदन किशोर,संयोजक पंडित राजन सिजुआर,अध्यक्ष प्रो0 के.के.नारायण,सचिव राजेश्वर सिंह,कैप्टन जीवेश्वर सिंह,प्रिंसी डायर मंच पर उपस्थिति प्रदान कर रहे थे. स्थानीय प्रबुद्ध समाजसेवी ,संगीत प्रेमी सहित देश के विभिन्न प्रदेश से कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने आए दर्जनों छात्र-छात्रा की उपस्थिति हुए हैं।इस पल का गवाह बन अभिभूत थे.कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व ट्रस्ट के संरक्षक राय मदन किशोर ने पंडित साजन मिश्र को पुष्पगुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया है.इस कार्यक्रम का संचालन गया जी की महत्ता और संगीत की प्राचीन परम्परा पर प्रकाश डालते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रो0 के.के.नारायण ने किया।

वहीं आगत अतिथियों का स्वागत संस्थान के सचिव राजेश्वर सिंह ने किया और आभार प्रकट किया और भविष्य में ऐसे कार्यशाला को और व्यापक पैमाने पर आयोजित करने पर बल दिया है.इस शास्त्रीय संगीत कार्यशाला के संयोजक और गया घराने के संगीतज्ञ पंडित राजन सिजुआर ने कहा कि यह हम गया वासी के लिए सौभाग्य की बात है कि पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र हमारे गुरूदेव लगातार विगत कई वर्षों से गया में पधार कर कठिन संगीत साधना का प्रशिक्षण देकर नई पौध तैयार कर उन्हें संगीत साधक और निपुण करना है।

3 करोड़ मंत्रोंच्चारण और 1 टन कुमकुम से होगा श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ: प्रपन्नाचार्य

➤ 21 से 23 जून तक धर्म सभा भवन में बहेगी भक्ति की बयार

➤ 20 जून को मंगला गौरी से निकलेगी शोभायात्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। 21 से 23 जून तक स्थानीय धर्म सभा भवन में पूज्य स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ के आयोजन की सफलता को लेकर स्थानीय राजस्थान भवन में तैयारी समिति की बैठक हुई है।इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामानुजाचार्य मठ के महंत श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि गयाजी में पहली बार देश की प्रगति, विश्व शांति और लोक कल्याण के लिए महायज्ञ में 3 करोड़ बार कुमकुम अर्चन होगा। उन्होंने बताया कि गया जी में सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु एवं पालन पीठ माता मंगला गौरी विराजमान है। एक ही भूमि पर दोनों देवस्थल होने के कारण इसका महत्व अधिक बढ़ जाता है। राजा राजेश्वरी भगवती मां ललिता मंगला देवी की एक रूप है। जिसकी विशेष पूजा- अभ्यर्थना की जाएगी। माता ललिता के महायज्ञ की मान्यता दक्षिण भारत में है। गया जी में यह पहली बार आयोजित की जा रही है। तीन दिनों तक माता ललिता के स्वरूप की पूजा होगी। जिसमें सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं सिंदूर से अर्चना करेंगी। इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह है। कुमकुमर्चना महायज्ञ में लगभग 500 महिलाएं शामिल होंगी। इसके पूर्व संध्या पर 20 जून को मंगला गौरी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ एक आकर्षक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गो से होते हुए धर्म सभा भवन पहुंचेगी। कार्यक्रम दो पालियों में होगा।

प्रथम पाली सुबह 8:30 बजे से 1:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगी। प्रपन्नाचार्य जी ने बताया कि शास्त्रों में उल्लेख है कि भगवती अर्चन करने से शुभ परिणामों का फल मिलता है। कुमकुम अनंत कांति प्रदान करने वाला पवित्र पदार्थ है, जो संपूर्ण कामनाओं को पूरा करने वाला और सौभाग्य देने वाला है,इसलिए भगवती कुमकुम अर्चन से बहुत प्रसन्न होती है। ऐसे मां भगवती राजराजेश्वरी ललिता त्रिपुरी सुंदरी श्री विद्या कोटि कुमकुम महायज्ञ के आयोजनों से जुड़कर भगवती की कृपा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। महायज्ञ में दक्षिण भारत से साधु संत शामिल होंगे। 3 करोड़ ललिता सहस्त्रनामके मंत्रोंच्चारण के साथ 1 टन कुमकुम से भगवती की अर्चना की जाएगी।

इस अवसर पर हरि प्रपन्ना, डॉ कौशलेंद्र प्रताप, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन,अनूप केडिया, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ टिब्लू, वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, मणिलाल बारिक, अनंतधीश अमन, सुनील बंबईया, राम छबीला सिंह, प्राण मित्तल, रामप्रवेश शर्मा,प्रो उमाशंकर सिंह, चंदन पांडेय, अश्वनी कुमार,डॉ करुणा सिंह, सरिता त्रिपाठी, मुन्नी देवी,सीमा सिन्हा, विमला देवी,नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा समेत कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा किसान मोर्चा गयाजी जिला पूर्वी जिलाअध्यक्ष के नेतृत्व मे शोकसभा व कैंडल मार्च का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।अहमदाबाद विमान हादसे के शिकार हुए दिवंगत आत्माओं प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए आज सोमवार को रामशिला मंदिर निकट भाजपा किसान मोर्चा गयाजी जिला पूर्वी जिलाअध्यक्ष शंभू यादव नेतृत्व मे एक शोक सभा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है !

इस शोक सभा मे गया जिला पूर्वी जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा , प्रदेश सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, शिवनारायण सिंह , जितेंद्र यादव ,पम्मी सिंह , सपना, राधे राधे, दीनानाथ , श्याम बिहारी, प्रहलाद, समीर चटर्जी , अयोध्या कुमार, अनु बरनवाल , राम नरेश सिंह ,अशोक गुप्ता , अभय सिंह , सिवेन्दर सिंह , मोहन कुशवाहा , लक्ष्मण पांडे , हब्लू बाबा , गौतम कुमार , गुंजन मिश्रा, सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं !

हिन्दी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के रूप में एक कार्यशाला का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के रूप में सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन हिन्दी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के नागार्जुन सभागार में किया गया है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित इस वर्ष के योग दिवस आयोजन के बारे में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने सभी योगाभ्यासियों को अवगत कराया है।युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय समर्थित माय भारत प्लेटफॉर्म द्वारा बड़े स्तर पर किए जाने वाले योग संगम के सम्मान में माय भारत लोगो वाले टी-शर्ट सभी मौजूद योगाभ्यासियों को दिये गये। दो घण्टे तक चली इस योग कार्यशाला में सभी सहभागियों ने योग की महत्ता जानी और विविध योगासनों के द्वारा तन और मन को स्वस्थ रखने के गुर सीखे। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राकेश कुमार रंजन, योग विभाग के निदेशक डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, योगशिक्षक सुबंश , चौधरी रमन किशोर समेत अनेक शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही है।

महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय रामाबल्लभ प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

गया जी। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया में महाविद्यालय के संस्थापक सचिव स्वर्गीय रामाबल्लभ प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में स्थित रामाबल्लभ प्रसाद की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि लोग रामाबल्लभ प्रसाद सिंह को प्यार से बाला बाबू कहते थे।बाला बाबू एक महान व्यक्तित्व थे। इस महाविद्यालय की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है गया एवं आस पास के इलाकों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के नए रास्ते खोले।इस अवसर पर डॉ नीरज कुमार कमल, भौतिकी विभाग, डॉ राजेश रंजन पांडे रसायन विभाग, डॉ राकेश राय समाजशास्त्र विभाग,डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ अनामिका भगत, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ मानिक मोहन शुक्ला, विभागाध्यक्ष,डॉ बृह मोहन, ईश्वर सिंह, राजेश रंजन कुमार सिंह मीतारानी , रितेश सिंह शिक्षा विभाग, राजेश कुमार सिंह, लाइब्रेरी विज्ञान विभाग, नागेन्द्र प्रताप सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रिंस कुमार, अमरेश सिंह, विकास प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, महामृत्युंजय नाथ झा आदि है

नीतीश कुमार की नीतियाँ: वंचित वर्गों के लिए आशा की किरण और समावेशी विकास का संकल्प: प्रकाश पटवा

(गया जी.जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ गया जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियाँ समाज के वंचित तबकों के लिए आशा की किरण हैं। उन्होंने साबित किया है कि सुशासन का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने दलितों, महादलितों, अतिपिछड़ों और गरीब वर्गों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है।प्रकाश राम पटवा ने कहा कि ह्यसात निश्चयह्न योजना के माध्यम से जहाँ आधारभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, नली-गली और रोजगार के अवसर घर-घर तक पहुँचे, वहीं शिक्षा और कौशल विकास की योजनाओं ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। अतिपिछड़ा वर्ग आयोग और सिविल सेवा प्रोत्साहन जैसी योजनाएँ दलित-पिछड़े युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाली पहल हैं।. उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं और पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकतंत्र को सशक्त और समावेशी स्वरूप दिया है। आज बिहार में हजारों दलित-पिछड़े और महिलाएं प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनकर समाज में बदलाव की नई इबारत लिख रहे हैं। पटवा ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति जनसेवा पर आधारित है, न कि केवल सत्ता प्राप्ति पर। उनकी सोच और योजनाओं ने बिहार को एक नई दिशा दी है। हम सभी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय और विकास के इस मॉडल को हर गाँव, हर पंचायत और हर वर्ग तक पहुँचाने के लिए संकल्पित हैं।

डालमिया बाजार का नये शोरूम का भव्य उद्घाटन

गया जी।गया के टावर चौक लहरिया टोला मोड़ पर डालमिया बाजार का भव्य उद्घाटन किया गया है ।इसके पहले गुरुवार को शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजा अर्चना किया गया था। डालमिया बाजार प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अभिषेक डालमिया ने पूजा अर्चना किया था आज रविवार के सुबह प्रोप्राइटर अभिषेक डालमिया और मुन्ना डालमिया द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया गया है। इस डालमिया बाजार हर लोगों के लिए नये रेज के आकषर्क डिजाइन के सभी ऐज के छोटे से बढे बच्चे को कपड़े का नया रेज के साथ, महिला एवं लड़कियों के लिए भी आकर्षक रेंज उपलब्ध है शादी विवाह का नये आकषर्क डिजाइन के साड़ियां,बनारसी,आदी हर तरह के कपड़े का रेज बजार से सस्ती रेंज एक छत के निचे उपलब्ध करवाए जा रहा है।एक बार अवश्य पधारें।इसके साथ रामानुज मठ के स्वामी वेंकेटेश शर्मा के पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार किया गया है ।इस मोके पर मुन्ना डालमिया, शिवचरण डालमिया, बादशाह डालमिया,विनोद जयसपुरिया,विकास शर्मा, अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन,डा कौशलेंद्र नारायण, चेम्बर्स आफ कोमर्स के अध्यक्ष एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पीएम की यात्रा की सफलता के लिए हर घर तक पहुचेंगे:डॉ मनीष पकंज

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदरणीय डॉ. दिलीप जायसवाल का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह एवं गुलाब का फूल भेंट किया है। डॉ. मिश्रा ने संगठन की मजबूती, विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसके साथ साथ देश ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी कि सिवान यात्रा की सफलता के लिए गया जी के पावन धरती से दर्जनों की संख्या में शामिल होगे डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025 भारतीय जनता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता हर गांव, हर मोहल्ले, हर घर तक पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिककार्यों,जन-कल्याणकारी योजनाओं एवं भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करने वाले प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह समय संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं सशक्त करने का है। भाजपा का हर कार्यकर्ता सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधि नहीं, बल्कि समाज का सजग प्रहरी और राष्ट्र निर्माण का भागीदार है।डॉ. मिश्रा ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र को धरातल पर उतारें। आने वाला समय भाजपा का है, और संगठनात्मक एकता, नीति, निष्ठा एवं नेतृत्व के बल पर 2025 में पार्टी बिहार में एक नई ऊर्जा के साथ ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। स्वागत करने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह विजय प्रसाद उर्फ काला नाग मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि।

पीएम की जनसभा में चलने को लेकर गांव-गांव बांटे जा रहे निमंत्रण पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

नगरा सारण। आगामी 20 जून 2025 को सिवान के जसौली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनसभा को लेकर क्षेत्र में उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता शैलेश कुमार यादव द्वारा क्षेत्र के माधोपुर, ओल्हनपुर, इशरौली, जगदीशपुर,तकिया पंचायत सहित मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के आसपास के गांवों में जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।यह अभियान लगातार तकिया पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता व संभावित विधायक प्रत्याशी शैलेश कुमार यादव के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लोगों को आमंत्रण पत्र बांटे गए और सभा में शामिल होने की अपील की गई। इस अभियान में अभिषेक कुमार,गुड्डू कुमार,शैलेश कुमार, पुलिस राय, टिंकू जी, दिलकुश कुमार, राजनाथ राय,पप्पू कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार आदि थे।

केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्यों का त्रिदिवसीय सम्मेलन ज्ञान की भूमि पर शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग के तत्वावधान में प्राचार्य वार्षिक सम्मेलन आज महाबोधि रिसॉर्ट बोधगया में प्रारंभ हुआ। इस त्रिदिवसीय आयोजन (दिनांक 16.6.2025 से 18 6.2025 तक) में केंद्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग के सभी 51 केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य, एवं कार्यवाहक प्राचार्य सम्मिलित हुए। जिन विद्यालयों में नियमित प्राचार्य नहीं है ,उन केंद्रीय विद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य इस सम्मेलन का हिस्सा बने। यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है।

आज के कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कर्नल श्री दीपक कुमार, प्रशासनिक कमांडेंट , अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, गया के स्वागत से हुआ है। अनुराग भटनागर, उपायुक्त ,केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग ने हरित पादप तथा अंगवस्त्र प्रदान कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है। तत्पश्चात सभी उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भी हरित पादप से किया गया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ,पटना संभाग के उपायुक्त अनुराग भटनागर का स्वागत राजेश श्रीवास्तव , प्राचार्य ,केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 गया ने किया है। तीनों सहायक आयुक्त मनीष कुमार प्रभात, पी मंडल एवं रंजना बर्फाल तथा प्रशासनिक अधिकारी श्री भीम सिंह, का स्वागत क्रमशः ए के गुप्ता प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 गया, प्रियदर्शी सर प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय ए एफ एस बिहटा, रंजना मैम प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय मशरख, एमपी सिंह प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय कंकड़बाग ने हरित पादप और अंगवस्त्रम प्रदान कर किया है।

दीप प्रज्वलन के पश्चात केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -1 के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं समूह नृत्य के प्रदर्शन से उपस्थित सभी अतिथियों का दिल जीत लिया है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन के उपायुक्त अनुराग भटनागर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त सहयोग की सराहना की गई है। इन्होंने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में कोई कसर नहीं छोड़ेगा तथा अन्य सभी विद्यालयों के लिए एक पथ प्रदर्शक की तरह अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने अपने संबोधन में प्राचार्यों के कुशल निर्देशन की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षण अधिगम में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला तथा साथ ही राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्तम जिम्मेदारी का बोध कराया है। पटना संभाग के उन विद्यालयों के प्राचार्यों,जिनका परीक्षा परिणाम कक्षा 10 एवं 12 में शतप्रतिशत एवं उच्च पी आई है, का सम्मान कर उन्होंने अन्य प्राचार्यों को भी अगले वर्ष इस प्रकार सम्मानित होने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आपके सम्यक नेतृत्व एवं शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों के अथक परिश्रम से आपने ये परिणाम हासिल किया है।

इस वर्ष के सीबीएसई परीक्षा परिणामों का विश्लेषण सहायक आयुक्तों द्वारा प्रस्तुत किया गया है, इसके साथ ही इस वर्ष की कार्य योजना विशेषतः गृह परीक्षा एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।आज के अंतिम सत्र में जे के झा , प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आई आई टी पटना एवं रूपाली परिहार ,प्राचार्या, केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरपुर ने पटना संभाग में अपनाई जाने वाली विशिष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ नवीन शिक्षण पद्धतियों पर प्रकाश डाला है।

इस कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग के सहायक आयुक्त पूर्णेंदु मंडल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा मुख्य अतिथि महोदय के सहयोग की प्रशंसा की है।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मंच संचालन डॉक्टर चंद्र शेखर त्रिपाठी , स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी,केंद्रीय विद्यालय पूर्व मध्य रेलवे ,समस्तीपुर और रुखसाना बानो एवं स्नेहा विश्वकर्मा अध्यापिका, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -1गया ने किया है ।इस मंच सज्जा किरण कुमारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आरती कुमारी ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के विद्यार्थियों के सहयोग से किया। इसी के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ है ।।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 17 जून, 2025

पहले ही दिन 50 प्रतिशत से ज्यादा का फायदा, बाजार में उतरते ही शेयर ने मचाया धमाल

नईदिल्ली, एजेंसी। एक छोटी कंपनी सचीरोम लिमिटेड की बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। फ्रेग्रन्स और फ्लेवर्स बनाने वाली कंपनी सचीरोम लिमिटेड के शेयर 50 पर्सेंट या 51 रुपये के प्रीमियम के साथ 153 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 102 रुपये था। शानदार लिस्टिंग के बाद सचीरोम लिमिटेड के शेयरों में और तेजी देखने को मिली है। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 159.90 रुपये पर पहुंच गए।

ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ा– सचीरोम लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग ने ग्रे मार्केट के अनुमान को भी पीछे छोड़ दिया है। शेयरों की लिस्टिंग से ठीक पहले सचीरोम लिमिटेड के शेयर ग्रे मार्केट में 24 रुपये के प्रीमियम के साथ 126 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। कंपनी के शेयर 23.53 पर्सेंट के प्रीमियम पर थे। सचीरोम लिमिटेड का आईपीओ दांव लगाने के लिए 9 जून 2025 को खुला था और यह 11 जून 2025 तक ओपन रहा। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 61.62 करोड़ रुपये तक का था। सचीरोम लिमिटेड के शेयर हस्थ्व स्स्ब्ल्ध प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं।

अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर बना रॉकेट, महीनेभर में 135 प्रतिशत रिटर्न

नईदिल्ली, एजेंसी। अनिल अंबानी के रिलायंस समूह का एक पेनी स्टॉक ने कमाल का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर में केवल एक महीने में 135 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी अधिक प्रमुख समूह कंपनियों के लाभ से आगे निकल गया है। हम बात कर रहे हैं- रिलायंस होम फाइनेंस की। कंपनी के शेयर लगातार फोकस में हैं और 10 रुपये से नीचे कारोबार कर रहा है। बीते शुक्रवार को यह शेयर 7.69 रुपये पर बंद हुआ था। महीनेभर में यह शेयर करीबन 3 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गया।

इस तेजी की वजह क्या है– कंपनी ने अभी तक कोई बड़ा बुनियादी बदलाव पब्लिकली घोषित नहीं किया है, लेकिन एनालिस्ट का सुझाव है कि सट्टा ब्याज, अल्पकालिक गति और कम आधार प्रभाव इस

तेजी को बढ़ावा दे सकते हैं। वर्तमान में, रिलायंस होम फाइनेंस का मार्केट कैप 372.63 करोड़ रुपये है। ट्रेंडलाइन डेटा के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस के पास वर्तमान में स्थायित्व स्कोर नहीं है, जो दर्शाता है कि यह कमज़ोर या असंगत वित्तीय स्थिति के कारण पात्र नहीं है। मूल्यांकन स्कोर 33 पर है - जो अपने सेक्टर के साथियों के बीच मध्यम स्तर के मूल्यांकन का संकेत देता है। यह मूल्यांकन में छठे स्थान पर है, आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड जैसे बेहतर-ज्ञात नामों से पीछे है। तेज वृद्धि के बावजूद, विशेषज्ञों ने संकेत दिया है कि स्टॉक अब पी/ई सेल ज़ोन में है, जो लगभग 80 प्रतिशत समय अपने वर्तमान पी/ई अनुपात 15.3 से नीचे कारोबार कर रहा है। इसका मतलब है कि अधिकांश तत्काल उछाल पहले से ही मूल्यांकित हो सकता है।

क्या निवेशकों को सावधान रहना चाहिए– मुंबई स्थित एक विश्लेषक ने नाम न बताने की शर्त पर बिजनेस टुडे को बताया, यह रैली ठोस बुनियादी बातों की तुलना में बाजार की गति से अधिक प्रेरित लगती है। निवेशकों को सावधानी से कदम उठाना चाहिए। कंपनी ने हाल ही में कोई पुनर्गठन योजना, पूंजी निवेश या विनियामक सफलता की घोषणा नहीं की है जो दीर्घकालिक

दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बना बिना डिग्री वाला अरबपति लैरी एलिसन

नईदिल्ली, एजेंसी। सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के चेयरमैन लैरी एलिसन दुनिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति बन गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया। फोर्ब्स की शीर्ष अरबपतियों की सूची 2025 के मुताबिक, 80 वर्षीय लैरी की कुल संपत्ति 258.8 अरब डॉलर है। उनसे आगे अब सिर्फ टेस्ला के मालिक एलन मस्क (कुल संपत्ति 410.8 अरब डॉलर) हैं।

एक महीने में नीचे आए– जुकरबर्ग सूची में एलिसन से पिछड़ कर तीसरे पर पहुंच गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 235.7 अरब डॉलर है। इससे पहले अप्रैल में वह दूसरे नंबर पर थे। वहीं बेजोस भी 226.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे पायदान पर आ गए हैं।

शेयर में उछाल का फायदा– 12 जून 2025 को ओरेकल के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेज़ी आई, जिससे सिर्फ एक दिन में एलिसन की

संपत्ति में 26 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। पिछले दो महीनों में उनकी कुल संपत्ति में 66.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिसका श्रेय‌ढ्ढ और क्लाउड कंप्यूटिंग में ओरेकल की बढ़त को दिया जाता है।

न्यूयार्क में पैदा हुए– लॉरेंस जोसेफ एलिसन का जन्म 17 अगस्त 1944 को न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्हें दुनिया लैरी एलिसन के नाम से जानती है, ओरेकल कॉर्पोरेशन के संस्थापक हैं और वर्तमान में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

ओरेकल की स्थापना और सफलता

1977 में उन्होंने सिर्फ दो साझेदारों के साथ ओरेकल की शुरुआत की, जो आज दुनिया की सबसे बड़ी डेटाबेस सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक है। ओरेकल ने सन माइक्रोसिस्टम्स जैसी कंपनियों का अधिग्रहण करके और‌ढ्ढ टेक्नोलॉजी में निवेश करके अपनी ताकत बढ़ाई। हाल ही में अमेरिकी सरकार के प्रोजेक्ट स्टारगेट में ओरेकल की भूमिका ने उनकी संपत्ति में भारी उछाल लाया। ओरेकल में आज भी एलिसन 42.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं और कंपनी के चेयरमैन व मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं।

शुरुआती जीवन की संघर्ष भरी कहानी

लैरी को 9 महीने की उम्र में ही उनकी मां ने गोद दे दिया था, क्योंकि वे एक अविवाहित यहूदी महिला थीं। उनका पालन-पोषण शिकागो में रहने वाले रिश्तेदारों ने किया। कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर उन्होंने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सीखी और एम्पेक्स कंपनी में नौकरी की। यहीं पर उन्होंने रिलेशनल डेटाबेस का कॉन्सेप्ट सीखा, जिसने ओरेकल की नींव रखी। उन्हें बिना डिग्री वाला अरबपति भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कभी कोई फॉर्मल डिग्री पूरी नहीं की।

बिल गेट्स टॉप-10 से बाहर

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स सूची से बाहर हो गए हैं। वह 116.5 अरब डॉलर के साथ अमीरों की सूची में 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनवीडिया के मालिक जेनसेन हुआंग फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 में एंट्री पा चुके हैं। 123.9 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ जेनसेन हुआंग 10वें नंबर पर हैं।

भारत के एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौता, निवेश-व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। जिसके तहत भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत दोनों देशों की कंपनियां एक दूसरे के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच वित्तीय रिसर्च और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

समझौते से क्या होगा फायदा– नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बताया कि इस समझौते से यूरोपीय कंपनियों के भारत के साथ जुड़ाव में इजाफा होगा और निवेश भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में नए अध्याय की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जून को साइप्रस दौरे पर रहे। उस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बैठक की। इस बैठक में बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, विनिर्माण, रक्षा, रसद, समुद्री, शिपिंग, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात हुई।

कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा– साइप्रस की की निवेश फंड मैनेजर कंपनी ब्व्ह लिमिटेड ने बताया कि उन्होंने अपने फ्लैगशिप फंड में से 10 करोड़ डॉलर भारत में निवेश के लिए रखे हैं। इस पैसे को पब्लिक इक्विटीज, उभरती हुई तकनीक और मेक इन इंडिया पहल में निवेश किया जाएगा। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन, बंदरगाह, जहाज निर्माण, डिजिटल भुगतान और हरित विकास क्षेत्रों में विकास ने साइप्रस की कंपनियों के लिए भारत के साथ साझेदारी करने के असंख्य अवसर खोले हैं।

इजरायल-ईरान तनाव की चपेट में आया पाकिस्तान! पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े

नईदिल्ली, एजेंसी। इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर पाकिस्तान पर दिखाई दे गया है। इन दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमत में इजाफा हुआ है। इस कारण पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल महंगा हो गया है। पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पेट्रोल की कीमत 4.80 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि कच्चे तेल में कीमत की बढ़ोतरी का भारत में अभी कोई असर दिखाई नहीं दिया है। भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

एआरवाई न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन में कहा गया है कि पेट्रोल की कीमत 4.80 पीकेआर प्रति लीटर बढ़ गई

है। अब पेट्रोल की नई कीमत 258.43 पीकेआर प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, हाई-स्पीड डीजल की कीमत भी 7.95 पीकेआर प्रति लीटर बढ़ाई गई है। अब डीजल की नई कीमत 262.59 पीकेआर प्रति लीटर है।

सरकार ने कहा– नियमित बदलाव का हिस्सा– हालांकि पाकिस्तान सरकार का कहना है कि पेट्रोल की कीमतों में यह बढ़ोतरी सरकार द्वारा ईंधन की कीमतों में किए जाने वाले नियमित बदलाव का हिस्सा है। यह नई दरें 15 दिनों तक लागू रहेंगी। सरकारी नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि ये बदलाव तुरंत लागू हो जाएंगे और अगली समीक्षा तक जारी रहेंगे।

इससे पहले 1 जून, 2025 को पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 1 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। यह खबर भी एआरवाई न्यूज ने दी थी। उस समय पेट्रोल की कीमत 253.63 पीकेआर प्रति लीटर निर्धारित की गई थी, जो पहले 252.63 पीकेआर थी। यह जानकारी एआरवाई न्यूज के अनुसार है। उस समय जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

लोगों पर पड़ेगा असर

पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच बजट पर बातचीत के दौरान वैश्विक ऋणदाता ने पेट्रोल, डीजल और आंतरिक दहन इंजन वाले वाहनों पर कार्बन लेवी लगाने पर जोर दिया। एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस मूल्य वृद्धि का असर नागरिकों की दैनिक परिवहन लागत पर पड़ने की उम्मीद है। यानी लोगों को आने-जाने में ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे।

अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दिया 45 साल के सरकारी सेवाकाल को दिया विराम

नईदिल्ली, एजेंसी। अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अमिताभ कांत को भारत के जी20 शेरपा के रूप में जुलाई 2022 में नियुक्त किया गया था। नियुक्ति भारत की ओर से जी20 की अध्यक्षता संभालने से कुछ महीने पहले की गई थी। उन्होंने अपनी सरकारी सेवा में 45 वर्षों के दौरान विविध कार्यभार संभाले।

अमिताभ कांत लिंक्डइन पर माय न्यू जर्नी शीर्षक से एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद मैंने नए अवसरों को अपनाने और जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। मैं जी20 शेरपा के रूप में मेरा इस्तीफा

स्वीकार करने और मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभारी हूं। मैं भारत की वृद्धि, विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री का आभारी व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता का नेतृत्व करना मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। जटिल वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हमने नेताओं के घोषणापत्र पर सर्वसम्मति हासिल की और प्रमुख विकासात्मक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। भारत की‌ी20 अध्यक्षता जन-केंद्रित और समावेशी थी, जिसकी बैठकें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की गईं। इसने सहकारी संघवाद को मजबूत किया, स्थानीय संस्कृति का जश्न मनाया और देशभर में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया। हमने‌ी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने में भी सफलता सुनिश्चित की, जिससे वैश्विक समानता और वैश्विक दक्षिण की आवाज के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पूरी हुई।

यात्रा केरल से शुरू हुई, जहां मैंने जमीनी स्तर पर विकास के महत्व को सीखा

अमिताभ कांत ने लिखा, मेरी यात्रा केरल से शुरू हुई, जहां मैंने जमीनी स्तर पर विकास के महत्व को सीखा। गॉड्स ओन कंट्री अभियान से लेकर मननचैरा मैदान को पुनर्जीवित करके कालीकट शहर का कायाकल्प करना, बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाना, कालीकट हवाई अड्डे का विस्तार करना और मछुआरा समुदाय के साथ मिलकर काम करना, इन अनुभवों ने मेरे करियर को आकार दिया। बाद में पर्यटन मंत्रालय में, हमने अतुल्य भारत अभियान शुरू किया।

भारत रसायन कंपनी के शेयरों की मची लूट, 13 प्रतिशत चढ़ा भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। बीएसई शेयर बाजार में आज जिन कंपनियों के शेयरों में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। उसमें भारत रसायन लिमिटेड एक है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में आज 13 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड देने का फैसला किया है।

भारत रसायन लिमिटेड के शेयर बीएसई में 9250.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 13.65 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 10229.00 रुपये के

लेवल पर पहुंच गया। भले ही इस स्टॉक की कीमतों में आज तेजी देखने को मिली है। लेकिन इसके बाद इस साल कंपनी के शेयरों का भाव 16 प्रतिशत से अधिक टूटा है।

कंपनी के नेट प्रॉफिट घटा– वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 62.30 प्रतिशत घट गया है। जनवरी से मार्च के दौरान भारत रसायन लिमिटेड का नेट प्रॉफिट 25 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 67 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू के मोर्चे पर भी गिरावट देखने को मिली है। कंपनी का रेवन्यू 306.50 करोड़ रुपये घटकर रह गया है। वहीं, बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में यह 309.60 करोड़ रुपये रहा था।

डिविडेंड देने जा रही कंपनी– भारत रसायन लिमिटेड ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 1.50 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

लगातार तीसरे साल घटी परिवारों की सेविंग्स, 10 साल में दोगुनी हुई देनदारी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी बन गया है लेकिन देश के आम परिवारों की सेविंग्स और देनदारी में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। केयरएज रेटिंग्स के अनुसार भारतीय परिवारों की सेविंग्स लगातार तीसरे साल घटी है। फाइनेंशियल ईयर 2024 में यह जीडीपी का 18.1 प्रतिशत रह गई। इससे साफ है कि लोग पहले के मुकाबले कम पैसे बचा रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ग्रॉस डोमेस्टिक सेविंग्स फाइनेंशियल ईयर 2015 में जीडीपी का 32.2 प्रतिशत थी जो एफवाय24 में घटकर 30.7 प्रतिशत रह गई है।

दूसरी तरफ परिवारों की वित्तीय देनदारियां बढ़ गई हैं। यह त्ष्ठक्कका 6.2 प्रतिशत हो गई



हैं। पिछले दस साल में यह लगभग दोगुनी हो गई है। इसका मतलब है कि लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोग खर्च करने के लिए लोन पर ज्यादा निर्भर हैं। रिपोर्ट में एक अच्छी बात भी बताई गई है। ग्रामीण भारत में स्थिति थोड़ी बेहतर है। फरवरी में ग्रामीण पुरुषों की मजदूरी में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह लगातार चौथा महीना है जब ग्रामीण महंगाई दर से ज्यादा मजदूरी बढ़ी है। इसका मतलब है कि गांवों में लोगों की कमाई बढ़ी है।

महंगाई– लेकिन, खाने के तेल (17.4 प्रतिशत) और फलों (13.8 प्रतिशत) की कीमतें अभी भी ज्यादा हैं। इस वजह से खाने-पीने की चीजों की महंगाई अभी भी काबू में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाली रबी की फसल, जलाशयों में पानी का अच्छा स्तर और सामान्य से ज्यादा बारिश की उम्मीद से खाने-पीने की चीजों की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है।

गांवों में मांग बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि खाने-पीने की चीजों की महंगाई कम होने और अच्छी फसल की उम्मीद से गांवों में मांग बढ़ रही है। गांवों में ग्राहकों का भरोसा लगभग 100 के आसपास है। इसे न्यूट्रल माना जाता है। इसका मतलब है कि लोग थोड़े आशावादी हैं। शहरों में ग्राहकों का भरोसा अभी भी कम है। लेकिन, रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले साल में शहरों और गांवों दोनों जगह लोगों को बेहतर उम्मीदें हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बड़ी ढ्ढ्न कंपनियों में कर्मचारियों की सैलरी बढ़ने की रफ्तार कम हो गई है। वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 26 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में घटकर सिर्फ 4 प्रतिशत रह गई है। इससे पता चलता है कि कंपनियां अब खर्च कम करने पर ध्यान दे रही हैं। महंगाई की बात करें तो अप्रैल 2025 में सीपीआइ घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई। यह अगस्त 2019 के बाद सबसे कम है। छ्वक्क्ष्ठ एक इंडेक्स है जिससे पता चलता है कि महंगाई कितनी है।

दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन

डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा



लंदन, एजेंसी। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।

डुप्लांटिस ने 12वीं बार तोड़ा अपना रिकॉर्ड

स्टॉकहोम। दो बार के ओलंपिक विजेता स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोलवॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने रविवार को अपने घरेलू दर्शकों के बीच स्टॉकहोम डायमंड लीग में 6.28 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए नया विश्व कीर्तिमान बनाया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने इस वर्ष फरवरी में ऑल स्टार पर्शे मीट में बनाए गए अपने ही विश्व रिकॉर्ड 6.27 मीटर को पीछे छोड़ा। उन्होंने 1912 के ओलंपिक स्टेडियम में पहली बार अपने देश में विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

991 विकेट लेने वाले गेंदबाज का बड़ा कबूलनामा, विराट कोहली के लिए कह दिया कुछ ऐसा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से शुरू होने वाली है. इसको लेकर दोनों टीमें मैदान पर खूब पसीना बहा रही हैं. शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम इस बार इंग्लिश धरती पर इतिहास रचने को बेताब है. 2007 के बाद से टीम इंडिया इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है. भारतीय टीम इस बार विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना ही मैदान में उतरेगी, क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं. ऐसे में टीम इंडिया की बल्लेबाजी का दारोमदार इस बार युवा कंधों पर है. इसी बीच इंग्लैंड के लिए 991 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज ने विराट कोहली को लेकर एक बड़ी बात कह दी है.

जेम्स एंडरसन ने कही बड़ी बात – इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि फेब-4 में विराट कोहली ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें आउट करना सबसे ज्यादा मुश्किल है. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियम्सन और पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम का नंबर आता है. एंडरसन ने कहा कि पहले मुझे लगा था कि मैं विराट को हर बॉल पर आउट कर सकता हूं, लेकिन जब मैदान में मेरा उनसे सामना हुआ तो मेरा नजरिया ही बदल गया. विराट कोहली को आउट करना बहुत ज्यादा कठिन है. मैं उनके सामने बहुत ही हीन महसूस करता हूं.

विराट के खिलाफ एंडरसन का प्रदर्शन – विराट कोहली और जेम्स एंडरसन का टेस्ट क्रिकेट में 36 पारियों में आमना-सामना हुआ है. इस दौरान विराट ने 43.75 की औसत से 305 रन बनाए हैं. इस दौरान एंडरसन ने उन्हें केवल 7 बार ही आउट किया है ।

रोहित शर्मा अगर खेले 2027 विश्व कप तो तोड़ सकते हैं रिकी पोंटिंग का यह रिकॉर्ड

एमएस धोनी और क्लाइव लॉयड को छोड़ चुके हैं पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करना किसी भी कप्तान के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। यह न केवल कप्तान की नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है, बल्कि पूरी टीम की मेहनत और एकजुटता को भी उजागर करता है। आइए, उन कप्तानों पर नजर डालें जिन्होंने आईसीसी मुकाबलों में सबसे ज्यादा लगातार जीत हासिल की हैं और इस रिकॉर्ड की कहानी को समझें।

रोहित शर्मा की अजेय यात्रा

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस समय 13 लगातार जीत के साथ सूची में शीर्ष पर हैं। उनकी यह स्ट्रीक अभी भी बरकरार है, जो उनकी शानदार कप्तानी का सबूत है। हालांकि, रोहित ने टी20 विश्व कप के बाद टी20 क्रिकेट और इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसके बावजूद अगर रोहित 2027 के एकदिवसीय विश्व कप तक भारतीय टीम के कप्तान बने रहते हैं, तो उनके पास रिकी पोंटिंग के 15 लगातार जीत के रिकॉर्ड को तोड़ने का शानदार मौका होगा।

रिकी पोंटिंग का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग इस सूची में 15 और 13 लगातार जीत के साथ दो बार शामिल हैं। उनकी 15 जीत की स्ट्रीक 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के साथ टूटी थी, जो क्रिकेट इतिहास में एक बड़ा आश्चर्य माना जाता है। उस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व क्रिकेट पर राज कर रही थी और जिम्बाब्वे जैसी कमजोर मानी जाने वाली टीम से हारना हर किसी के लिए हैरानी भरा था। पोंटिंग की दूसरी 13 जीत की स्ट्रीक 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ हार के साथ खत्म हुई थी।

अच्छे नहीं हैं इंग्लैंड के गेंदबाज, विश्वकप विजेता ऑस्ट्रेलियाई ने की भारत के इन टेस्ट मैच में 'जीतने' की भविष्यवाणी – भारत के महेंद्र सिंह धोनी ने 12 लगातार जीत के साथ इस सूची में अपनी जगह बनाई। उनकी यह स्ट्रीक 2014 में श्रीलंका के खिलाफ हार के साथ टूटी। वहीं, वेस्टइंडीज के क्लाइव लॉयड ने 9 जीत की स्ट्रीक बनाई, जो 1983 में भारत के खिलाफ खत्म हुई। हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने भी 9 लगातार जीत हासिल की, लेकिन 2025 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीका ने उनकी इस शानदार लय को तोड़ दिया।

अन्य दिग्गज कप्तान

इस सूची में दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्करम (10 जीत, 2024 में भारत के खिलाफ टूटी), भारत के सौरव गांगुली (8 जीत, 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूटी), न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम (8 जीत, 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूटी), और इंग्लैंड के इयोन मॉर्गन (8 जीत, 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूटी) जैसे दिग्गज कप्तान भी शामिल हैं। ये सभी कप्तान अपनी टीमों को लगातार जीत दिलाने में कामयाब रहे और क्रिकेट इतिहास में अपनी छाप छोड़ी।

भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज से पहले करुण नायर का खुलासा

बड़े खिलाड़ी ने संन्यास लेने की सलाह दी थी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। नायर को घरेलू क्रिकेट में रन बनाने का इनाम मिला है। लेकिन 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए वापसी का रास्ता बहुत कठिन और भावनात्मक था और एक समय तो भारत के एक बड़े खिलाड़ी ने उन्हें संन्यास लेकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खेलने की सलाह तक दे डाली थी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट से पूर्व नायर ने अपने जीवन के सबसे कठिन समय को याद किया। नायर ने कहा, मेरी पत्नी ने कहा कि तुम क्या कर रहे हो, लेकिन मैंने उससे कहा कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। वह शायद मेरे जीवन का सबसे कठिन क्षण था। ऐसा लगा कि मेरी दुनिया खत्म हो गई है। मुझे नहीं पता था कि आगे क्या करना है। मैं खुद से पूछ रहा था कि मुझे क्या करना चाहिए? मेरा एक परिवार है और मेरे बेटे का हाल ही में जन्म हुआ है। नायर भावुक हो गए।

करुण ने एक रिपोर्ट में कहा, मुझे अभी भी

याद है कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे फोन किया और कहा कि आपको संन्यास ले लेना चाहिए क्योंकि इन लीगों में मिलने वाला पैसा मुझे सुरक्षित बनाएगा। ऐसा करना आसान होता, लेकिन मुझे पता था कि पैसे के बावजूद मैं इतनी आसानी से संन्यास लेने के लिए खुद को कोसता।

इसके बाद नायर ने ट्वीट करते हुए एक और मौका मिलने की बात कही थी। उन्होंने ट्वीट किया, प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फिर नायर को विदर्भ में शामिल किया गया जहां उन्होंने अपने करियर को बदल दिया।

वास्तविकता से निपटने के लिए संघर्ष करते हुए नायर अपनी पत्नी के जन्मदिन पर रो पड़े। उन्होंने कहा, मैं भारत के लिए दोबारा खेलना कभी नहीं छोड़ने वाला था। यह दो साल पहले की बात है और देखिए कि हम अब कहां हैं। यह पागलपन है, लेकिन अंदर से मुझे पता था कि मैं काफी अच्छा हूं।

करुण नायर ने आगे कहा कि वह मैचों की संख्या या दीर्घकालिक योजनाओं पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, अब जो मायने रखता है वह यह है कि मैं फिर से भारतीय टीम की कैप पहनने का आनंद उठा पाऊं। इससे पहले मैं अपने मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाया था। इस बार मैं एक बार में एक मैच में अपना पूरा योगदान देना चाहता हूं।

लुईस-होप के बीच 122 रन की साझेदारी, वेस्टइंडीज ने आयरलैंड से जीती टी20 श्रृंखला

ब्रेडी (उत्तरी आयरलैंड), एजेंसी। वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (44 गेंदों में 91 रन) और कप्तान शाई होप (27 गेंदों में 51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर

में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (36 गेंदों में 48 रन) और हैरी टेक्टर (25 गेंदों में 38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दोनों टीमों ने मई में डबलिन में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। इसके बाद इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला दोनों में वेस्टइंडीज को 3-0 के समान अंतर से हराकर क्लीन स्वीप किया था।

मेरे लिए वरदान है TOPS, लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक जीतना; दीया चितले

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस कुछ वर्षों से वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है। इस क्रांति की प्रमुख नायिकाओं में से एक हैं 22 साल की दीया चितले। दीया चितले 2025 सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिला एकल खिताब जीतकर सुर्खियों में आईं। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टाप्स) और उनके कोच सचिन शेट्टी के मार्गदर्शन में दीया ने दबाव और असफलता से निपटने का हुनर सीखा है। विश्व टेबल टेनिस रैंकिंग में 29वें नंबर पर काबिज दीया ने 'जनसत्ता' से विशेष बातचीत में कहा, 'टाप्स खिलाड़ियों के लिए मददगार है। मेरा लक्ष्य 2028 लास एंजिलिस ओलंपिक है। भारत के लिए मिक्स्ड डबल्स में मुझे स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद है।'

छुट्टियों से शुरू हुआ झन्झ का सफर – टेबल टेनिस के प्रति अपने जुनून पर दीया ने

बताया, 'मेरा टेबल टेनिस का सफर बचपन में पारिवारिक छुट्टियों से शुरू हुआ। छुट्टियों में इसे शौकिया तौर पर खेलना शुरू किया, लेकिन जब जिला प्रतियोगिता में कांस्य पदक और फिर अंडर-12 नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता तब मैंने और मेरे परिवार ने इसे गंभीरता से लिया। मुझमें तभी से टेबल टेनिस खेलने का जुनून जागा।

कोच मेरे लिए मार्गदर्शक से बढ़कर-दीया चितले – कोच सचिन शेट्टी को अपनी सफलता का श्रेय देने वाली दीया ने कहा, 'कोच मेरे लिए मार्गदर्शक से कहीं बढ़कर हैं। उनकी सलाह बहुत स्पष्ट थी। अगर मुझे सिर्फ भारत का प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि पदक जीतना है, तो मुझे कुछ अलग सोचना होगा। उन्होंने मुझे विदेश में प्रशिक्षण लेने, अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने और मेरे बुनियादी कौशल को फिर से गढ़ने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने कहा, 'कोच की वजह से मैंने जर्मनी और जापान में अभ्यास किया, जिसने मेरे खेल को नया आयाम दिया।'

- **अल्टीमेट टीटी में कठिन रहा था डेब्यू सीजन** – दीया ने यह भी बताया कि अल्टीमेट टेबिल टेनिस 2023 का सत्र उनके लिए काफी कठिन था। दीया ने कहा, 'वह मेरा पदार्पण सत्र था। मैंने वहां असफलता से बहुत कुछ सीखा- जैसे, दबाव में शांत रहना और हार को गले लगाना। 2024 में टूर्नामेंट में मणिका बत्रा और अहायिका के खिलाफ मेरी जीत और 2025 का राष्ट्रीय खिताब उसी सीख का नतीजा है।' दीया ने खेलो इंडिया को भी अपनी सफलता में अहम किरदार बताया। उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया में हिस्सा लेने से हमें अपने करियर को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है।' दीया ने 'टाप्स' के बारे में कहा, ''टाप्स' मेरे लिए एक वरदान है। इस योजना के तहत मुझे विदेशी प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने में मदद मिली। टॉप्स के समर्थन के बिना 2025 में मानुष शाह के साथ विश्व टेबिल टेनिस चैंपियनशिप की मिक्स्ड डबल्स में हिस्सा लेना और राष्ट्रीय चैंपियन बनना संभव नहीं होता। यह मुझे मेरे 2028 ओलंपिक के सपने के करीब ले जा रहा है।'

पूर्व क्रिकेटरों की राय, इंग्लैंड जीतेगा श्रृंखला लेकिन भारत कड़ी चुनौती देगा

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना ??है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी

शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा, 'सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दीप दासगुप्ता और संजय मांजरेकर ने भी इंग्लैंड को श्रृंखला में जीत का दावेदार बताया लेकिन साथ ही कहा कि मुकाबला काफी करीबी होगा। दासगुप्ता ने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है और उसका कप्तान भी युवा है। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिससे इंग्लैंड को थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर खेलने का भी फायदा मिलेगा, लेकिन यह (श्रृंखला) काफी करीबी होगी। मुझे लगता है कि इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा। मांजरेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है। वे अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुज़र रही है, इसलिए मुझे लगता है कि इंग्लैंड यह श्रृंखला जीत सकता है।

संक्षिप्त समाचार

पति ने पत्नी को प्रेमी संग होटल में अय्याशी करते पकड़ा, फिर कोर्ट से पुलिस तक पहुंचा मामला

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पत्नी को उसके प्रेमी के साथ होटल में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इस पर पत्नी और उसके परिजन द्वारा कथित तौर पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को महिला समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज हुआ है। इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति की शादी साढ़े पांच साल पहले हुई थी। उसने कोर्ट में डाली याचिका में बताया कि पत्नी कुछ समय बाद परिवार से अलग रहने लगी। बेटी के जन्म के बाद भी उसका व्यवहार नहीं बदला। इसी बीच उसे पता चला कि वह किसी युवक से बात करती है। बीते दिनों पत्नी कॉलेज से अपनी मार्कशीट लाने का बहाना बनाकर घर से निकली तो पीड़ित ने पत्नी का पीछा किया। आरोप है कि पत्नी बेटी को रिश्तेदार के घर छोड़कर एक कार में बैठ गई। इसके बाद वह कार एक होटल के बाहर रुकी और फिर दोनों अंदर चले गए। वहां पीड़ित पति ने पत्नी को उसके प्रेमी के साथ होटल के एक कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। आरोप है कि पति जब अपनी पत्नी को घर वापस नहीं आने की बात कह वहां से चला तो प्रेमी ने उसे गायब कराने की धमकी दी। आरोप है कि विरोध करने पर पत्नी और उसके प्रेमी ने धमकी दी। बाद में पत्नी और उसके परिजनों ने भी उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। पति द्वारा पुलिस कमिश्नर ऑफिस में शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पति का आरोप है पत्नी और उसके परिजन उसे झूठे केस में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं।

मनाली में जिपलाइन राइड के दौरान टूटी रस्सी, नीचे पत्थरों पर गिरी बच्ची

मनाली, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मनाली में जिपलाइन राइड के दौरान रस्सी टूटने से महाराष्ट्र के नागपुर की 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार से जुड़े एक व्यक्ति ने रविवार को यह बताया कि पिछले सप्ताह हुए इस हादसे के बाद से बच्ची अस्पताल में भर्ती है। परिवार के सूत्रों के अनुसार, त्रिशा बिजवे अपने परिवार के साथ मनाली घूमने गई थी। जिपलाइन राइड के दौरान रस्सी टूट गई, जिससे वह नीचे पत्थरों पर गिर गई। इस हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें जिपलाइन की रस्सी टूटने के बाद बच्ची चट्टानों पर नीचे गिरती दिखती है। परिवार से जुड़े व्यक्ति ने बताया कि त्रिशा की हड्डियां टूट गई हैं और कुछ दिन पहले उसकी सर्जरी भी हुई है। त्रिशा के पिता प्रफुल्ल बिजवे ने बताया कि फिलहाल उनकी बेटी की हालत स्थिर है। अधिकारियों के अनुसार, त्रिशा जिपलाइन के बीच में थी, इसी दौरान हार्नेस की रस्सी टूट गई। वह करीब 30 फुट की ऊंचाई से चट्टानों से भरी खाई में गिर गई। इससे उसे गंभीर चोटें आईं। लड़की को तुरंत नजदीकी चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया, जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में रेफर कर दिया गया। बाद में उसे नागपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है। अब वहीं उसका इलाज चल रहा है। मनाली के पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। कोई औपचारिक केस दर्ज नहीं किया गया है।

केवल किसानों के लिए बना था पुल, विधायक बोले- पर्यटकों के लोड से ढहा ब्रिज

पुणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कुछ लोग नदी में बह गए हैं। एनसीपी विधायक सुनील शेलके के कहना है कि 30 साल पहले यह पुल किसानों के आने जाने के लिए बनाया गया था। हालांकि यह इलाका पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित हुआ तो बड़ी संख्या में पर्यटक भी इस पुल पर आने लगे। एनसीपी विधायक ने कहा कि समय-समय पर पुल की रिपेयरिंग होती थी और पर्यटकों को ज्यादा संख्या में इसपर जाने से रोका भी जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को कहा कि इंद्रायणी नदी पर बने लोहे के पुल को जंग लग गया था।

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद अब पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है

पहलगाम, एजेंसी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं। यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया।

नबील भट पहलगाम के स्थानीय लोगों की ओर से पर्यटकों पर दिए जाने वाले विशेष ध्यान और अधिकांश सेवाओं की बेहद कम कीमतों का उल्लेख कर रहे थे। यहां से 6 किलोमीटर दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में पर्यटन गतिविधियां थम गई थीं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय सेवा प्रदाता शामिल था। श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं। पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे। एक टूरिस्ट हट के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कोई विज्ञापन नहीं है। कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद यहां आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई, क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी। हमें उम्मीद है कि अब इसमें बदलाव आएगा, क्योंकि उपराज्यपाल ने शनिवार को घोषणा की है कि पार्क फिर से खोले जाएंगे। इशाक ने कहा कि पिछले 10 दिनों में अन्य राज्यों से भी कुछ पर्यटक पहलगाम पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से अधिकतर पंजाब से आए पर्यटक थे और वे निराश थे, क्योंकि वे पहलगाम की सुंदरता का आनंद नहीं ले पाए, जिसके लिए यह प्रसिद्ध है।

छत्तीसगढ़ की नोनी-बाबू स्कीम? टॉपर छात्रों को मुख्यमंत्री ने बनाया लखपति

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नंबर लाओ और सरकार की ओर से इनाम पाओ...। जी हां,छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने श्रमिकों के उन बच्चों को स्कॉलरशिप दिया है, जो पढ़ाई के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे नंबर लेकर हैं। छत्तीसगढ़ श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना से श्रमिकों के मेधावी बच्चों को सरकार की ओर से अच्छे नंबर लाने पर प्रोत्साहन दिया गया। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप-10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी बच्चों को सीएम विष्णु देव साय ने दो-दो लाख रुपये का चेक दिया। चेक पाकर बच्चों के चेहरे खेल गए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10वीं कक्षा के 26 और 12वीं कक्षा के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिक बच्चों को 2 लाख रुपये दिए गए। 1 लाख रुपये दोपहिया वाहन और 1 लाख रुपये अच्छा पढ़ने के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया गया। इस योजना के लाभ की पहली शर्त यही है कि बच्चा परीक्षा में कम से कम 75 फीसदी नंबर लेकर आए। बोर्ड परीक्षा पास करने वाले के माता-पिता का रोजगार कार्ड में पंजीयन जरूर रहे। परीक्षा में अच्छे नंबर से पास होने वाले श्रमिकों के बच्चे योजना का लाभ उठा सकते हैं। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ रुपये से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी से जारी कर दिया। छत्तीसगढ़ में नोनी का मतलब होता है लड़की और बाबू का मतलब होता है लड़का...। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत रजिस्टर्ड निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को आर्थिक मदद देकर उन्हें पढ़ाई में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस योजना के तहत छात्रों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अलग-अलग प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह छत्तीसगढ़ सरकार के भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का उद्देश्य पढ़ाई-लिखाई में अच्छा करने वाले श्रमिकों के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराना है। छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के बच्चों को पढ़-लिखकर आगे बढ़ने का मौका देना।

सोनम-राजा केस के बीच एक और मर्डर मिस्ट्री, छह महीने बाद मिला कंकाल

बेंगलुरु, एजेंसी। एक तरफ देश में राजा रघुवंशी के मर्डर केस की चर्चा है, जहां उसकी पत्नी सोनम ने ही उसे मौत के घाट उतार दिया। वहीं, एक मर्डर मिस्ट्री कर्नाटक से सामने आई है। यहां पर पुलिस को छह महीने की तलाश के बाद एक कंकाल मिला है। आरोप है छह साल के रिश्ते बाद लड़की अपने प्रेमी पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। इसके बाद उसने लड़की को मारकर दफना दिया। इस मामले में लड़की छह महीने गायब थी। लड़की के घरवालों की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाश शुरू किया तब जाकर इस मर्डर मिस्ट्री का खुलासा हुआ।

जानकारी के मुताबिक कर्नाटक के गडग जिले की 26 साल की अंगाडी छह महीने पहले गायब हो गई थी। इससे पहले अंगाडी का 28 साल के सतीश के साथ प्रेम संबंध था। सतीश वहीं के नारायणपुर गांव का रहने वाला है और पेट्रोल पंप पर काम करता है। दोनों के बीच यह संबंध छह साल से था। जब परिवार के लोगों को उनके रिश्तों की भनक लगी तो उन्होंने अंगाडी को एक रिश्तेदार के यहां भेज दिया। 16 दिसंबर 2024 को उसने अपने रिश्तेदार का घर छोड़ दिया। इसके बाद वह कहां गायब हो गई, किसी को कुछ भी पता नहीं चल पाया। 12 जनवरी 2025 को लड़की के परिजनों ने बेटागेरी पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और मामले का खुलासा किया। इसमें सामने आया कि जिस रात लड़की गायब हुई, सतीश उसे गांव के ही पास एक फॉर्महाउस पर लेकर गया था। पुलिस के मुताबिक वहां लड़की ने सतीश पर शादी के लिए दबाव डाला। इसके बाद दोनों के बीच काफी बहस हुई। इसी दौरान गुस्से में आकर सतीश ने लड़की का गला दबा दिया और नहर के पास दफना दिया। हत्या करने के बाद भी सतीश बिल्कुल सामान्य ढंग से रह रहा था, ताकि किसी को अंदेशा न हो। वह पेट्रोल स्टेशन पर अपनी नौकरी करने जाता था। अंगाडी को लेकर उसने लोगों को कहानी सुनाई कि उसे कस्बे के बाहर छोड़ दिया था। उसने दावा किया वह दोनों की आखिरी मुलाकात थी। हालांकि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वह पुलिस के शिकंजे में आ गया। गाडगे के पुलिस अधीक्षक बीएस नामगौड़ा के मुताबिक अंगाडी के फोन की लोकेशन सतीश के बयान से मिल नहीं रही थी। जब तमाम सबूतों की रोशनी में सतीश से कड़ाई से पूछताछ हुई तो उसने सच कबूल कर लिया। इसके बाद वह पुलिस को उस जगह पर लेकर गया जहां उसने अंगाडी को दफनाया था। वहां पर खुदाई के बाद पुलिस ने कंकाल बरामद किया। अब पुलिस फोरेंसिक जांच करा रही ताकि इस बात की पुष्टि हो सके कि यह कंकाल अंगाडी का ही है। पुलिस ने बताया कि सतीश को यकीन था कि अंगाडी की लाश कभी नहीं मिलेगी। शुरू में हमें लगा कि वह किसी के साथ भाग गई। लेकिन न तो उसे ढूंढा जा और कोई डिजिटल एक्टिविटी सामने आ रही थी। इसके बाद हमारा शक गहराया और आखिर हम केस सॉल्व करने में कामयाब रहे।

ट्रंप को मारना चाहता था ईरान, मानता है दुश्मन नंबर वन, इस्राइली पीएम का चौंकाने वाला दावा

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान की सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारना चाहती थी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की सरकार डोनाल्ड ट्रंप को अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए खतरा मानती है और सक्रिय रूप से ट्रंप को खत्म करना चाहती थी।

एक अमेरिकी न्यूज चैनल के साथ बातचीत में नेतन्याहू ने कहा कि वे (ईरान सरकार) उन्हें (ट्रंप) मारना चाहते हैं। वे उनके नंबर वन दुश्मन हैं। ट्रंप एक निर्णायक नेता हैं, जिन्होंने दूसरों की तरह ईरान के साथ मोलभाव का रास्ता नहीं चुना। यह असल में कमजोरी की बात है, जिसने ईरान को यूरेनियम संवर्धन के रास्ते पर डाला। इसका मतलब है कि यह परमाणु बम बनाने और ईरान को अरबों डॉलर देने का रास्ता है।

नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप ने ईरान के साथ फर्जी समझौते को खत्म कर दिया। उन्होंने कासिम सुलेमानी को मारा। ट्रंप इस बात को लेकर साफ हैं कि आप (ईरान) परमाणु हथियार नहीं रख सकते और यूरेनियम संवर्धन नहीं कर सकते। यही वजह है कि ईरान, ट्रंप को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता है।

ईरान पर हमले की वजह बताते हुए इस्राइली पीएम ने कहा कि हमारा देश परमाणु तबाही के खतरे का सामना कर रहा है और हमारे पास हमला करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। नेतन्याहू ने कहा कि हमारे अस्तित्व पर खतरा है। ईरान यूरेनियम संवर्धन कर तेजी से परमाणु बम बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा था और उसकी मंशा हमारी तबाही है। दूसरा ईरान तेजी से बैलिस्टिक मिसाइल के जखीरे में बढ़ोतरी कर रहा है और अगले एक साल में 3600 और अगले तीन साल में 10 हजार बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की तरफ बढ़ रहा है। हर मिसाइल का वजन करीब एक टन है। इतना ही नहीं अगले 26 साल में ईरान 20 हजार मिसाइल बनाना चाहता है। कोई भी देश इतनी बड़ी संख्या में मिसाइल हमलों को नहीं झेल सकता और खासकर इस्राइल जैसा छोटा देश तो बिल्कुल भी नहीं। इसलिए हमें कार्रवाई करनी ही थी।

अमेरिका में 36 और देशों की एंट्री होगी बैन, सूची में भारत का पड़ोसी देश भी शामिल

वॉशिंगटन एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में इमिग्रेशन पर कड़ा रुख अपनाते हुए अब 36 और देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय की एक आंतरिक रिपोर्ट से सामने आई है, जिसे रायटर्स ने देखा। कुछ दिन पहले ही ट्रंप ने 12 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया था, और अब यह संख्या दोगुनी से भी अधिक हो सकती है।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा साइन किए गए एक गोपनीय पत्र में बताया गया है कि 36 देशों को 60 दिन की मोहलत दी गई है ताकि वे अमेरिकी सुरक्षा मानकों को पूरा कर सकें। ऐसा न करने पर उन पर पूर्ण या आंशिक यात्रा प्रतिबंध लगाया जा सकता है। ट्रंप प्रशासन की सूची में ये 36 देश अंगोला, एंटीगुआ और बारबुडा, बेनिन, भूटान, बुर्किना फासो, केप वर्डे, कंबोडिया, कैमरून, आइवरी कोस्ट, डीआर कांगो, जिबूती, डोमिनिका, इथियोपिया, मिस्त्र, गैबन, गांबिया, घाना, किर्गिज़स्तान, लाइबेरिया, मलावी, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, साओ टोमे, सेनेगल, दक्षिण सूडान, सीरिया, तंजानिया, टोंगा, तुवालु, युगांडा, वानुअतु, जाम्बिया और जिम्बाब्वे शामिल हैं। इससे पहले जिन 12 देशों पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, उनमेंअफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो रिपब्लिक, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। साथ ही इन 7 देशों बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला पर आंशिक प्रतिबंध पहले से है। विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमारी प्राथमिकता अमेरिका की सुरक्षा है। हम समय-समय पर नीति की समीक्षा करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी नागरिक अमेरिकी कानूनों का पालन कर रहे हैं। पहले कार्यकाल में ट्रंप ने मुस्लिम बहुल देशों पर भी प्रतिबंध लगाया था, जिसे 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी थी।



अगर ईरान पर परमाणु हमला हुआ तो इस्राइल पर परमाणु बम बरसाएगा पाकिस्तान, शीर्ष अधिकारी का दावा

तेहरान, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के सैन्य बलों के एक शीर्ष अधिकारी ने दावा किया है कि अगर इस्राइल ईरान पर परमाणु हमला करता है तो पाकिस्तान उस पर परमाणु बम बरसाएगा। जनरल मोहसेन रेजा की यह टिप्पणी ईरान के सरकारी टेलीविजन पर एक साक्षात्कार के दौरान आई। बीते कुछ दिनों से ईरान और इस्राइल एक-दूसरे पर मिसाइल हमले कर रहे हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य रेजाई ने कहा, पाकिस्तान ने हमें आश्वासन दिया है कि अगर इस्राइल ईरान पर परमाणु बम का इस्तेमाल करता है, तो वे इस्राइल पर परमाणु बम से हमला करेंगे। परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान आईसीएएन के मुताबिक, इस्राइल और पाकिस्तान उन नौ देशों में शामिल हैं, जिनके पास वर्तमान में परमाणु हथियार हैं। रेजाई ने आगे कहा कि पाकिस्तान ने ईरान के साथ खड़े होने का वादा किया है। उन्होंने मुस्लिम देशों को एकजुट होने का आह्वान भी किया। उन्होंने दावा किया कि तेहरान के पास छिपी हुई क्षमताएं हैं, जिन्हें अभी तक उजागर नहीं किया गया है। इस्राइल के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर पाकिस्तान की ओर से अब तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

अमेरिका में नो किंग्स रैली, गोलीबारी में 1 की मौत, मिलिट्री परेड के दौरान ट्रम्प का विरोध कर रहे थे

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में नो किंग्स नाम के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हो गई। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की कोशिश कर रहे व्यक्ति पर हमला कर दिया। इससे राइफल लेकर खड़ा व्यक्ति और एक राहगीर दोनों घायल हो गए। बाद में अस्पताल में राहगीर की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हमला करने वाले 24 साल के युवक का नाम आर्टुरो गैंबोआ है। उसे शनिवार शाम हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली लगने से घायल हुए राहगीर की पहचान 39 साल आर्थर फोलासा आह लू के रूप में हुई, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। साल्ट लेक सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना की जानकारी दी। दरअसल, वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस बीच, ट्रम्प के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स (यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है) विरोध प्रदर्शन हुए।

वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हुआ। इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल हुए। इसके अलावा ड्रोन, रोबोटिक डॉग भी शामिल हुए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया। परेड का समापन आतिशबाजी और ट्रम्प के भाषण के साथ हुआ। इस आयोजन में करीब 25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं। परेड कॉन्स्टिट्यूशन एवेन्यू पर हुई, जिसमें सैनिकों ने ऐतिहासिक वर्दी में मार्च किया और विश्व युद्धों से लेकर आधुनिक युद्ध तक के हथियारों का प्रदर्शन किया गया। ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प, और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने विशेष मंच से परेड देखी। इस दिन ट्रम्प का 79 जन्मदिन भी था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी ट्रम्प को जन्मदिन की बधाई दी और अपनी शादी की सालगिरह का जिक्र किया।

पूरे अमेरिका में 14 जून को नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन में लोगों ने ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध किया। इस आंदोलन का नाम 50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट से प्रेरित था, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन।

इस समूह का कहना है- अमेरिका सिर्फ ट्रम्प का नहीं, बल्कि सभी अमेरिकियों का है। इस प्रदर्शन में करीब 2,000 शहरों और कस्बों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए, जिनमें लोगों ने झंडे लहराए, भाषण दिए और नारे लगाए गए। फिलाडेल्फिया में सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालांकि वाशिंगटन में कोई बड़ा विरोध नहीं हुआ। शिकागो, न्यूयॉर्क, और एंकोरेज जैसे शहरों में भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। एक प्रदर्शन के दौरान न्यूयॉर्क में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर काली मिर्च का स्प्रे इस्तेमाल किया, जबकि स्पोकेन में 30 से अधिक लोग गिरफ्तार हुए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129